kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-230 ❒ सोमवार, 22 सितम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

सोनिया और राहुल के नेतृत्व में सिद्दारमैया हिंदू समुदाय को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ऐसे विभाजन पैदा कर रही है, जहाँ कोई मतभेद है ही नहीं। उनका अति-वामपंथी दृष्टिकोण स्वाभाविक रूप से हिंदू विरोधी है। **प्रह्लाद जोशी**



ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन ने स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर दी फिलिस्तीन को मान्यता 11

धामी ने किया आदि कैलाश परिक्रमा प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ 12

## संक्षेप

### नया एच-1बी वीजा शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है एच-1बी वीजा के लिये एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुनः प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिये यह स्पष्टीकरण जारी किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नये वीजा आवेदन पर लागू होगा, नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गये हैं। उन्होंने कहा कि एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और पुनः प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यतः करते आये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है जो केवल नये आवेदन पर ही लागू होगा है।

### लोहिया के निदेशक को स्वामीनाथन सम्मान

**लखनऊ।** कलाम सेंटर में सम्मानित हुए लोहिया निदेशक डॉ. सीएम सिंह कुपोषण स्वास्थ्य समस्या पर डाला प्रकाश लखनऊ, संवाददाता। लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह को एमएस स्वामीनाथन ओरेशन अवार्ड 2025 से नवाजा गया है। यह सम्मान केजीएमयू के कलाम सेंटर में आयोजित प्री कॉन्फ्रेंस लाइव सर्टिफिकेशन वर्कशॉप्स एवं आईएसएमएन अवार्ड्स व फ़ेलोशिप सेरेमनी में दिया गया। यह विशिष्ट सम्मान डॉ. सीएम सिंह के मेडिकल फूड एवं न्यूट्रीशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता प्रदान करता है। डॉ. सीएम सिंह ने अपने व्याख्यान में भारत में कुपोषण की गंभीर समस्या पर प्रकाश डाला। डॉ. सिंह ने कहा कि कुपोषण केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास की चुनौती है।

### मेरे लिए आत्मसम्मान सबसे ऊपर है : रोहिणी

**पटना।** हाल ही में बिहार की राजनीतिक गलियारे में इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि लालू परिवार में झगड़ा तेज हो गया है। अटकलें लगाई जा रही थीं कि लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य परिवार में नाराज चल रही हैं। अपने पिता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को किडनी देने वाली रोहिणी आचार्य ने पार्टी और परिवार से नाराजगी पर अब अपनी सफाई दी है। रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर रोहिणी ने कहा, मेरे संदर्भ में ट्रोलर्स, उद्दंडों, पेड मीडिया एवं पार्टी हड़पने की कुत्सित मंशा रखने वालों के द्वारा फैलाये जा रहे तमाम अफवाह निराधार और मेरी छवि को नुकसान पहुंचाने के मकसद से किए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा है। मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा न कभी रही थी, न है और ना ही आगे रहेगी। रोहिणी ने कहा कि मुझे विधानसभा का प्रत्याशी भी नहीं बनना है और न ही किसी को विधानसभा का प्रत्याशी बनवाना है।

# फिर घुटनों पर आया पाकिस्तान, भारत की 6 विकेट से जीत

## एशिया कप-2025 में भारत की पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत

❒ गिल-अभिषेक की तूफानी पारी में उड़े पाकिस्तानी प्लेयर्स

❒ 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में चेज किया, अभिषेक ने फिफ्टी लगाई

एजेंसी

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 के सुपर-4 की जंग में भी टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 विकेट से पटखनी दी। ग्रुप मुकाबले में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए भारत के सामने 172 रनों का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में उतरी भारतीय टीम ने 19वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। अभिषेक शर्मा ने 39 गेंद में 74 रनों की तूफानी पारी खेली। गिल फिफ्टी से चूक गए। वह 47 रन बनाकर आउट हुए। लेकिन दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई।

भारत की खराब फील्डिंग देखने को मिली और 4 आसान कैच भारतीय फील्डर्स ने टपकाए। बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन लुटाए।

172 रनों के जवाब में गिल और अभिषेक शर्मा बतौर सलामी बल्लेबाज उतरे। अभिषेक ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। पहले ओवर में शाहीन ने 9 रन दिए। लेकिन इसके बाद भारतीय ओपनर्स ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया। दोनों ओर से छक्के-चौकों की बरसात हुई। 5 ओवर में भारत का स्कोर 55-0 था। 9वें ओवर में ही भारत का शतक पूरा हो गया। अभिषेक ने महज 24 गेंदों पर फिफ्टी लगाई। लेकिन 10वें



ओवर में टीम इंडिया को पहला झटका लगा जब गिल 47 रन बनाकर आउट हुए। लेकिन कप्तान सूर्या अपना खाता नहीं खोल सके और 11वें ओवर में आउट हो गए। 13वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा जब अभिषेक 74 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक ने अपनी पारी में 5 छक्के और 6 चौके लगाए। इसके बाद तिलक-सैमसन ने पारी को संभालने की कोशिश की। लेकिन 17वें ओवर में भारत को चौथा झटका लगा, जब सैमसन 13 रन बनाकर आउट हुए।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तान के लिए पारी का आगाज फखर जमां और फरहान ने किया। पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा ने फरहान का आसान कैच छोड़ दिया। पहले ओवर में पाकिस्तान ने 6 रन बनाए। लेकिन हार्दिक जब अपने खाते का दूसरा और मैच का तीसरा ओवर लेकर आए तो उन्होंने फखर जमां को आउट कर दिया। फखर 15 रन बनाकर आउट हो गए। संजू ने शानदार कैच लपका। फखर के आउट होने के बाद सैम अयूब बल्लेबाजी के लिए आए। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 72 रनों की पार्टनरशिप हुई। इस दौरान फरहान ने 34 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

शिवम दुबे ने सैम अयूब को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। अयूब ने 21 रन बनाए। फिर कुलदीप यादव ने हुसैन तलत को 10 रनों के निजी स्कोर पर चलता किया। इसके बाद 15वें ओवर में शिवम दुबे ने फरहान का विकेट चटकाया। फरहान 58 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सलमान आगा और नवाज के बीच 33 रनों की साझेदारी हुई। लेकिन 19वें ओवर में नवाज रन आउट हो गए। पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए।

# जीएसटी सुधार भारत के विकास को गति देंगे

## प्रधानमंत्री ने स्वदेशी वस्तुओं का समर्थन किया

❒ केवल वही खरीदें जिसमें देश का पसीना हो, हम नागरिक देवो भवः के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे

❒ सोमवार से जीएसटी बचत उत्सव, 99 प्रतिशत चीजें सस्तीः मोदी

❒ सभी राज्य अपने यहां विनिर्माण को गति दें, निवेश बढ़ायें

❒ जीएसटी की दर कम होने से हमारे एसएमएसई को होगा बड़ा फायदा

❒ सबको मेड इन इंडिया खरीदना हर भारतीय का मिजाज होना चाहिए

❒ स्वदेशी के मंत्र से ही मिलेगी देश को मिलेगी शक्ति



❒ आयकर और जीएसटी में इस वर्ष दी गयी छूट से देशवासियों को ढाई लाख करोड़ रुपये की बचत होगीः मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के नाम रविवार को संबोधन दिया। उन्होंने कहा- 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही क्द्द्व बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। अपने 20 मिनट के संबोधन में उन्होंने जनता से अपील की कि वही सामान खरीदें जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो।

साथ ही उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा।

नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। कल 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पंसद की चीजें खरीद पाएंगे। वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन वन टैक्स का सपना साकार हुआ। गरीब, मिडिल क्लास पर पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए हैं, ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहा है। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपए की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया। तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना फिरना भी सस्ता होगा। विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा दायित्व एमएसएमई पर भी है। जो देश के लोगों की जरूरत का है, जो देश में बना सकते हैं वो हमें देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रिया आसान बनने से एमएसएमई को बहुत फायदा होगा।

उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना होगा। उनको भी डबल फायदा होगा। एमएसएमई से मुझे बहुत अपेक्षाएं हैं, जब भारत तरक्की के शिखर पर था उनका आधार एमएसएमई ही थे। भारत में बने सामानों की क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। हमारे यहां बना सामान दुनिया में बेस्ट हो। मेरा सभी राज्य सरकारों से आग्रह है कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। हम जो मैन्यूफैक्चर करें वो दुनिया में अच्छा हो, प्रोडक्ट की क्वालिटी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाए। देश की आजादी को जैसे स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली वैसे देश की समृद्धि ● शेष पेज 11 पर

# एसआईआर से जुड़े सभी काम 30 सितंबर तक निपटाएं

## चुनाव आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तैयार रहने को कहा है।

आयोग का यह निर्देश इस बात का संकेत है कि अक्टूबर-नवंबर की शुरुआत में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम शुरू हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें अगले 10 से 15 दिनों में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अधिक स्पष्टता के लिए 30





सितंबर की समय सीमा तय की गई थी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें। कई राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां पहले ही अपनी वेबसाइटों पर डाल दी हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में अंतिम एसआईआर ही 'कट-ऑफ' तिथि होगी, ठीक उसी तरह जैसे बिहार की 2003 की मतदाता सूची का उपयोग आयोग गहन पुनरीक्षण के लिए कर रहा है। अधिकांश राज्यों में अंतिम एसआईआर 2002 से 2004 के बीच हुआ था और उन्होंने वर्तमान मतदाताओं का मिलान ● शेष पेज 11 पर

### दूर करें स्मार्ट प्रीपेड मीटर की गड़बड़ियां : पावर कॉरपारेशन अध्यक्ष

लखनऊ। पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनियों को साफ तौर पर आदेश दिए हैं कि वे मीटरों की खामियों को दूर करें। उन्होंने बताया कि अब तक लगाए गए मीटरों में से करीब दो प्रतिशत में दिक्कतें आ रही हैं। मीटर कंपनियों को साफ कर दिया गया है कि वे पहले लगे हुए मीटरों में आ रही दिक्कतें दूर करें। डॉ. गोयल ने कहा कि समीक्षा में पाया गया कि करीब दो प्रतिशत मीटरों में अलग-अलग दिक्कतें आ रही हैं। कंपनियों से बात की गई और उन्हें सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उनसे कहा गया है कि वे दिक्कतों को फौरन दूर करवाएं क्योंकि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मीटर कंपनियों ने आश्वस्त किया है कि जहां कहीं भी दिक्कत ● शेष पेज 11 पर

# मुझे नोबल मिलना चाहिए : ट्रंप

❒ ट्रंप ने फिर अलापा भारत-पाक सीजफायर का राग, 7 युद्ध रोकने का दावा



एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को व्यापार के माध्यम से सुलझाने का एक बार फिर दावा किया और कहा कि उन्हें ''सात युद्धों को समाप्त कराने'' के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

ट्रंप ने कहा, ''वैश्विक मंच पर हम एक बार फिर ऐसे काम कर रहे हैं जिससे हमें उस स्तर का सम्मान मिल रहा है जो पहले कभी नहीं मिला। ट्रंप ने शनिवार को 'अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टिट्यूट फाउंडर्स डिनर' के वार्षिक कार्यक्रम में कहा, ''हम शांति समझौते करा रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। तो हमने भारत-पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया के बीच युद्ध को रोका है। उन्होंने कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बारे में सोचिए, आप जानते हैं कि मैंने इसे कैसे रोका व्यापार के जरिए। वे व्यापार करना चाहते हैं और मैं दोनों नेताओं का बहुत सम्मान करता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया, ''जरा देखिए भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, ● शेष पेज 11 पर

# वाहनों से जातीय महिमा मंडन के चिन्ह हटें : हाईकोर्ट

❒ स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वाहनों और सोशल मीडिया पर जातीय महिमामंडन के चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा है कि सरकार स्कूलों में जातिवाद विरोधी पाठ और जागरूकता अभियान चलाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने शराब तस्करी मामले के आरोपी इटावा के प्रवीण छेत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, पुलिस के दस्तावेज में जाति आधारित एंट्री को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। इससे पहले कोर्ट ने मार्च में डीजीपी से हलफनामा तलब कर पूछा था कि किस कानून में लिखा है कि पुलिस आरोपी की जाति पूछेगी। इस खबर को अमर उजाला ने छह मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था।

इसके बाद डीजीपी ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि जाति से लोगों की



पहचान करने में मदद मिलती है। इस पर कोर्ट ने उनके तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, अत्याधुनिक तकनीक के उपलब्ध रहते यह कुतर्क है। इस दौर में पुलिस के पास पहचान के लिए फिंगरप्रिंट, आधार, मोबाइल नंबर और माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक साधन उपलब्ध हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह तत्काल पुलिस फॉर्म से अनुसूचित जाति/जनजाति ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो मैराथन का किया शुभारंभ

# नई जीएसटी दरों से रोज़गार सृजन होगा, हर व्यक्ति की होगी उन्नति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। नई दरों से रोजगार सृजन होगा और हर व्यक्ति की उन्नति होगी। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कहीं। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे तक जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गई है, वहीं नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया



गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट पर भी छूट दी गई है। नई जीएसटी दरों की घोषणा तीन सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। जीएसटी रिफॉर्म से हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता और बाजार की ताकत बढ़ेगी मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाज़ार की ताकत बढ़ेगी, नए रोज़गार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोज़गार के नये अवसर पर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह गरीब को राहत के साथ सामान्य उपभोक्ता को हर प्रकार की सुविधा से आगे बढ़ाते हुए व्यापारी के कल्याण के मार्ग से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा। युवा शक्ति सेवा पखवाड़ा के

❒ प्रधानमंत्री ने दीपावली पर हर देश और प्रदेशवासियों को दिया जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट : योगी

❒ मैराथन में बढ़ी संख्या में युवाओं ने किया प्रतिभाग, नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर हुई समाप्त

❒ बोले, जीएसटी रिफॉर्म से नए रोज़गार का सृजन होगा और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने में मिलेगी मदद मिलेगी

तहत नमो मैराथन से जुड़ रही मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देशवासियों से ''विकसित भारत'' का संकल्प लेने और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि गुलामी के अंशों को समाप्त करना होगा, अपनी विरासत का सम्मान करना होगा, सेना व वर्दीधारी बलों के प्रति आदर रखना होगा, सामाजिक समता के निर्माण के लिए कार्य करना होगा और ● शेष पेज 11 पर

### यूपी को विकसित बनाने में हर व्यक्ति निभा सकता है योजक की भूमिका : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' पर काम कर रही है। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित 12 सेक्टर्स में से किसी भी क्षेत्र में अपने सुझाव देकर राज्य का हर व्यक्ति यूपी को विकसित बनाने में योजक की भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति सरकार द्वारा जारी 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' के क्यूआर कोड को मोबाइल में स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दे। रविवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2047' पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी मिलने के बाद 1947 के देश की अर्थव्यवस्था ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के 16 महानगरों में आयोजित हुई 'नमो मैराथन'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा चला रही है। इसी के तहत रविवार को युवा मोर्चा की ओर से उत्तर प्रदेश के 16 महानगरों में 'नमो मैराथन' का आयोजन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने बताया की मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ और भाजपा यूपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और वाराणसी में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विश्वास है कि अगर महिलाएं स्वस्थ होंगी, तो युवा भी स्वस्थ होंगे। इसके तहत रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। देशभर के युवा इसमें भाग ले रहे हैं। पीएम मोदी ने संकल्प लिया था कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना हमारा लक्ष्य और मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में योगदान देने के लिए उत्सुक है। हमें अपने गांव और क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए। आत्मनिर्भरता का आधार अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखना है। 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने की पहल की गई है। सीएम ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में नमो युवा मैराथन के महत्व पर जोर दिया। साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के प्रति आगाह किया। भाजयुमो युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने बताया कि आज 16 महानगरों में युवा मैराथन सम्पन्न हुआ। न्यूनतम तीन से पांच किमी. तक लोग विकसित भारत के संदेश के साथ दौड़ में शामिल हुए। मैराथन का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत जैसे संकल्पों से जोड़ना है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आगरा, ब्रजेश पाठक बरेली तथा भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मेरठ में आयोजित दौड़ में शामिल हुए। नमो मैराथन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा मथुरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा राज कुमार चाहर अलीगढ़, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गोरखपुर, सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, बेबी रानी मौर्य व भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता झांसी, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान फिरोजाबाद, मंत्री नितिन अग्रवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह अयोध्या, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर प्रयागराज, दयाशंकर सिंह सहारनपुर, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी गाजियाबाद के साथ ही भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी मुरादाबाद महानगर में आयोजित इस मैराथन में शामिल हुए।

## भाजपा राज में विदेश नीति का अकाल : अखिलेश यादव

लखनऊ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा का शुल्क बढ़ाकर एक लाख डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 88 लाख) कर दिया है। ट्रंप के इस फैसले के बाद से ही आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों के बीच अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसे में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि भाजपा के राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। श्री यादव ने रविवार को एक्स पर लिखा ल्ल भाजपा राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। भाजपा सरकार न मनचाहे टैरिफ़ से बचा पा रही है और ?न मनमानी वीज़ा फ़ीस से। ?न पड़ोसी देशों से संबंधों को और न गुटनिरपेक्षता की ऐतिहासिक नीति को। न प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी, जंजीर से और न ही सरेआम अपमान से। न विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से, न आंतकवाद पर किसी देश को साथ ला पा रही है। उन्होने कहा भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया है। झूठी निकली हर बतिया।

# भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लेकर उपमुख्यमंत्री जाएंगे रूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रूस के काल्मिकिया में 24 सितंबर से पहली अक्टूबर तक केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को लेकर रूस ले जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। उपमुख्यमंत्री प्रतिनिधिमंडल के साथ 23 सितम्बर को भारतीय वायुसेना के विमान से रूस प्रस्थान करेंगे। जहां पर भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा (कपिलवस्तु) अवशेषो का प्रदर्शन किया जायेगा।

मौर्य ने बताया कि कपिलवस्तु अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा भारत की साफ्टपावर और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी माध्यम बनेगी। इससे पूर्व थाईलैंड और वियतनाम में भगवान बुद्ध के अवशेषों की प्रदर्शनी आयोजित की जा चुकी है।थाईलैंड और वियतनाम की सफलता ने वैश्वक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। रूस में होने वाली प्रदर्शनी इस गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाएगी और भारत की सांस्कृतिक छवि को और निखरेगी।

पवित्र अवशेषों के प्रदर्शन के महत्व की चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि इससे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ सांस्कृतिक व राजनैतिक रिश्तों में और गहराई आएगी। साथ ही सभ्यतागत विरासत को पुनः स्थापित करना व भारत को बौद्ध धर्म की जन्मभूमि व परम्परा का संरक्षक स्थापित करना है। यही नहीं इससे वैश्विक शांति व सद्भाव का वातावरण मजबूत करना है और भगवान बुद्ध के संदेश करुणा, शांति व अहिंसा को विश्वभर में प्रसारित करना है। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध के कपिलवस्तु अवशेष पीपरहवा (उत्तर प्रदेश )से प्राप्त हुए जिसे प्राचीन कपिलवस्तु नगरी से जोड़ा जाता है। यह अवशेष पुरातात्विक रूप से प्रमाणित हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 25 से 28 सितंबर तक एलिस्ता शहर काल्मिकिया में राष्ट्रीय संग्रहालय द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाने वाले मूल कलात्मक शैलियों की कृतियों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की जाएगी। पिपरहवा अवशेषों पर एक लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया जाएगा।

गौरतलब है कि रूस में काल्मिकिया ऐसा क्षेत्र है, जहां बौद्ध जनसंख्या बहुतायात में है। यहां बौद्ध धर्म केवल धर्म ही नहीं बल्कि संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है।

### बहन के घर आए युवक को चोर समझकर पीटा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के मऊआइमा थाना क्षेत्र के बादलपुर गाँव में एक युवक को ग्रामीणों ने चोर समझकर बेरहमी से पीट दिया। युवक अपनी बहन के घर आया था, लेकिन शक के आधार पर उसे पकड़ लिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। युवक का सिर फट गया है और वह निजी अस्पताल में इलाजरत है। पुलिस दोषियों की पहचान कर कार्रवाई में जुटी है।

### नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने एसीपी का फ्लैग मार्च

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के यमुनानगर क्षेत्र में नवरात्रि पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कौंधियारा एसीपी अब्दूस सलाम खान ने घूरपुर थाना प्रभारी के साथ करमा चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। एसीपी ने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। प्रशासन ने गश्त और निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया है ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

### प्रयागराज संगम तट पर आयोजित हुआ ''शहीद पितृ श्रद्धा नमन''

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पितृपक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर संगम तट पर शहीद पितृ श्रद्धा नमन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। ज्ञात–अज्ञात वीर बलिदानियों को सामूहिक तर्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना और कृतज्ञता का प्रतीक रहा। सांवरिया लोक सांस्कृतिक सामाजिक संस्थान, सुंदर सत्संग, लोकरंग सेवा ट्रस्ट प्रयागराज तथा लोक संस्कृति शोध संस्थान लखनऊ के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम संपन्न हुआ। अध्यक्षता कृष्ण मुरारी तिवारी ने की और संचालन वेदानन्द वेद सांवरिया ने किया। संगीतमय श्रद्धांजलि में लोकगायक ईश्वर चंद्र विश्वकर्मा, मूलचंद विश्वकर्मा, शिवचंद विश्वकर्मा, सुरेशचंद्र, सुभाष चंद्र, दीपनाथ शर्मा आदि कलाकारों ने शहीदों को लोकगीतों और देशभक्ति भजनों से नमन किया। नन्हे रुद्र प्रकाश ने फौजी वीर शहीद की भूमिका निभाकर सभी का मन मोह लिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर संगम में विसर्जित किए और राष्ट्रगान व जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम ने समाज को यह संदेश दिया कि जैसे हम अपने पितरों को स्मरण करते हैं, वैसे ही शहीदों को भी सदैव स्मरण करना चाहिए।

### महापौर अशोक तिवारी के सख्त निर्देश, उल्लंघन पर कार्रवाई

**वाराणसी।** आगामी नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी ने नगर निगम सीमा क्षेत्र में सख्त निर्देश जारी किए हैं। 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्रि के दौरान सभी मीट, मुर्गा और मछली की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। साथ ही, सभी मांस विक्रेताओं के बधालय भी बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। महापौर ने पशु कल्याण अधिकारी डॉ0 संतोष पाल को विशेष निर्देश दिए हैं कि इन दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए तथा नियमित भ्रमण कर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी विक्रेता द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह फैसला धार्मिक भावनाओं का सम्मान और पर्व की शुद्धता बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नवरात्रि के नौ दिनों तक यह प्रतिबंध पूर्ण रूप से लागू रहेगा। स्थानीय व्यापारियों से अपील की गई है कि वे इस आदेश का पालन करें ताकि शहर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहे। इसी तरह के निर्देश उत्तर प्रदेश के अन्य धार्मिक शहरों जैसे वाराणसी में भी पहले जारी हो चुके हैं, जहां महापौर अशोक कुमार तिवारी ने नवरात्रि के दौरान मीट–मछली दुकानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था।

### नैनी पुलिस ने 24 घंटे में नामजद वांछित अभियुक्त सलमान उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नैनी पुलिस टीम ने मुकदमा अपराध संख्या 492/2025 में नामजद वांछित अभियुक्त सलमान उर्फ गुड्डू (उम्र 25 वर्ष) को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर वादी की पुत्री से छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। गिरफ्तारी टीम में प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, उ0नि0 राजेश प्रसाद वाजपेयी, उ0नि0 संदीप कुमार और का0 राकेश कुमार शामिल थे। अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

### एसओजी यमुनानगर व थाना नैनी की संयुक्त टीम ने 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल व 14,960/– रुपये बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर एसओजी जोन और थाना नैनी की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को 03 वांछित अभियुक्तों अरुण कुमार वर्मा उर्फ अरुण वंशकार उर्फ रचिके (21 वर्ष), मोहित उर्फ बादल वंशकार (21 वर्ष) और साहिल बंसल (19 वर्ष) को बंधवा पुलिया नैनी के पास गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन और चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त 14,960/– रुपये नगद बरामद हुए। प्रकरण संबंधित है मु0अ0सं0 439/2025, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस, थाना नैनी, कमिश्नरेट प्रयागराज। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पुराने यमुना ब्रिज से नीचे खान चौराहा मार्ग के पास से दो मोबाइल फोन और सोने की अंगूठी चोरी की थी।

### भारतीय संस्कृति के हृदय में बसने वाला पर्व है नवरात्रि : पटेल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को देश एवं प्रदेशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति के हृदय में बसने वाला वह पर्व है, जो मनुष्य को आत्मानुशासन, अंत:करण की शुद्धि और मन की एकाग्रता का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व मातृशक्ति की उपासना के साथ–साथ हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्ज़ा और आत्मबल का संचार करता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में साधना, संयम और श्रद्धा का जो मार्ग अपनाया जाता है, वह अंततः मानव जीवन को संतुलन, आत्मविश्वास और शुद्धि की ओर अग्रसर करता है।

### ई–रिक्शा को टक्कर मारने वाला कार चालक गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र में शनिवार रात को ई–रिक्शा में टक्कर मारकर भागने वाले कार चालक को पुलिस ने रविवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में दो लोगों की मौत और छह लोग घायल हो गए थे। डीसीपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कैंट थाना इलाके में हुए ई–रिक्शा को टक्कर मारकर भागने वाले चालक पीजीआई निवासी अक्षय प्रताप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार को भी कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि बनिया चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने ई–रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में ई–रिक्शा पलट गया और उसमें सवार कुर्मिखेड़ा निवासी मोहित कुमार और उमेश साहू की मौत हो गई थी।

**मऊ में सेवा पखवाड़ा एवं दुर्गा मेला उत्सव में मंत्री की सहभागिता**

# महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ में सेवा पखवाड़ा और दुर्गा मेला उत्सव में भाग लिया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाई गई स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महिला उद्यमियों से उनके उत्पादों, निर्माण प्रक्रिया, विपणन और बिक्री के बारे में जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं की आत्मनिर्भरता को परिवार और समाज की प्रगति से जोड़ा और सरकार की ओर से उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए समर्थन का आश्वासन दिया। मंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अमरजीत कुमार, सत्यम कुमार, दीपक शुक्ला, संतोष राय, मोहम्मद शादाब, अनीता देवी, गुड्डी देवी, नमिता सोनकर सहित अन्य लाभार्थियों को योजनाओं के चेक और आवास की चाभियां वितरित कीं। उन्होंने अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए आवेदन लेने और संतृप्तिकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) समाज सेवा और जनकल्याण का अभियान है, जिसका लक्ष्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को सभी पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, महिलाएं, उद्यमी, लाभार्थी और स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# फ्लॉप सीएम की फिल्म का फ्लॉप होना तो तय ही था: सपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म ''अजेय'' को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) ने निशाना साधा है। पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ ने कहा है कि फ्लॉप तो होनी ही थी, सीएम भी फ्लॉप ही हैं तो फिल्म भी फ्लॉप ही होना तय था। पार्टी मीडिया सेल ने रविवार को एक्स पर लिखा ल्ल ना इनके कार्यकाल में कोई अर्जित उपलब्धि है ना फिल्म की कोई अर्जित कमाई हुई। ऐसी ऐरी गैरी फिल्में पता नहीं कितनी आती हैं और चली जाती हैं, कोई देखने नहीं जाता। नशे में धुत भाजपा सरकार के पुलिस वाले ने दुकानदार को धमका कर जबरन फ्री में मीट मांगा, भाजपा सरकार के ये मुफ्तखोर मीटखोर पुलिस वाले आतंक और उत्पात एवं अराजकता और वसूली का पर्याय बन गए हैं और पूरे यूपी में मुफ्त खोरी कर रहे हैं तथा दुकानदारों से जबरन वसूली करते हैं।ङ्क एक अन्य पोस्ट में मेरठ के रोहटा चौकी इंचार्ज अनिल कुमार द्वारा नशे में धुत होकर मीट व्यापारी से मटन मांगना और धमकी देने का वीडियो वायरल होने पर भी मीडिया सेल ने निशाना साधा है। मीडिया सेल ने लिखा ल्ल नशे में धुत भाजपा सरकार के पुलिस वाले ने दुकानदार को धमका कर जबरन फ्री में मीट मांगा, भाजपा सरकार के ये मुफ्तखोर मीटखोर पुलिस वाले आतंक और उत्पात एवं अराजकता और वसूली का पर्याय बन गए हैं और पूरे यूपी में मुफ्त खोरी कर रहे हैं तथा दुकानदारों से जबरन वसूली करते हैं। सेल ने कहा पूरे प्रदेश में दुकानदार, ठेले, खोमचे और रेहड़ी वाले इन मुफ्तखोर पुलिस वालों से परेशान हैं, भाजपा सरकार का पुलिस मॉडल यही है, महाभ्रष्ट और मुफ्तखोर एवं वसूलीबाज।ङ्क मिर्ज़ापुर के बेलतर चौकी प्रभारी सुनील कुमार द्वारा भाजपा नगर मंडल पश्चिमी के महामंत्री कृष्ण कुमार के साथ हुई मारपीट और गाली गलौज को लेकर सेल ने निशाना साधा है। सेल ने कहा है कि एक और भाजपा नेता पुलिस पिटाई का शिकार हो गया।

# मिशन शक्ति 5.0 का शुभारम्भ किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त करने के उद्देश्य से आगामी शारदीय नवरात्रि-2025 में मिशन शक्ति 5.0 का शुभारम्भ किया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसे पुलिस आयुक्त महोदय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रारम्भहोकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन पर सम्पन्न हुई। इस रैली में महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ-साथ पीआरवी-112 भी सम्मिलित रही। रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वावलम्बन की भावना को जागृत करना, समाज में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश का प्रसार करना तथा मिशन शक्ति 5.0 के प्रति आमजन को जागरूक एवं प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल ने कहा कि ''मिशन शक्ति अभियान का मूल उद्देश्य महिलाओं को न केवल सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना भी है।'' कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय श्री शिवहरी मीणा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध श्री राजेश कुमार सिंह सहित कमिश्नरेट वाराणसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# 'योगी सरकार सवर्णों को दे रही दलितों–पिछड़ों की नौकरियां'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण की अनदेखी करने पर भाजपा की योगी आदित्यनाथ की सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भर्ती घोटाला हो रहा है। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की नौकरियां सवर्णों को दे रही है।

संजय सिंह ने कहा कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय में 15 पदों पर भर्ती हुई, जिसमें 11 ठाकुर, 2 सामान्य और 2 दलित-पिछड़ों को नौकरी मिली। इसी तरह, लखीमपुर सहकारी बैंक में 27 पदों की भर्ती में 15 ठाकुर, 4 सामान्य और 8 पिछड़े-दलित-आदिवासी चुने गए। खुद को पिछड़ों के नेता बताने वाले मोदी जी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक हड़पे जाने पर चुप हैं, जिससे इन वर्गों के आक्रोश बढ़ रहा है। हम इस भर्ती घोटाले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने और आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की मांग करते हैं।

आप सांसद ने कहा कि कई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं, लेकिन सरकार इसकी जिम्मेदारी नहीं लेती। लाखों नौजवान फॉर्म भरते हैं, लेकिन उन्हें नौकरी के बजाय लाठियां मिलती हैं। संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और उसके मुखिया योगी आदित्यनाथ का काम सरकारी नौकरियों में भर्ती घोटाला करना है। ये घोटाले इतने स्पष्ट हैं कि सभी को खुली आंखों से दिखते हैं। भले ही मेरी सवर्ण जाति के लोग नाराज हो जाते हैं, लेकिन मैं बार-बार कहता हूं कि अगर जातिवाद के नाम पर राजनीति करोगे, तो दूसरी जातियों के गुस्से और असंतोष का शिकार बनोगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री और उनके चहेते लोग अपनी जाति के युवाओं को नौकरियों में भर रहे हैं और दूसरी जातियों का आरक्षण हड़प रहे हैं। वे सोचते हैं कि इससे वे ताकतवर बन जाएंगे। लेकिन वे भूल रहे हैं कि ऐसा करने से 80-85 फीसद दूसरी जातियों में असंतोष और आक्रोश फैल रहा है। सवर्ण जाति के कुछ लोग खुश हो रहे हैं कि 27 में से 15 नौकरियां उनको मिल गईं। लेकिन वे यह भूल रहे हैं कि इससे 85 फीसद दूसरी जातियों का गुस्सा उन पर फूटेगा।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला पुलिस बाइक रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत रविवार को महिला पुलिस आरक्षियों की बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने पुलिस लाइन से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि इस रैली के माध्यम से कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश आमजन तक पहुँचाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों और संस्थाओं के सहयोग से जनपद में महिला जागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

रैली में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने आमजन को मिशन शक्ति अभियान, शासन की योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस पहल से महिलाओं में आत्मविश्वास और निर्भीकता की भावना और प्रबल हुई।

मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को प्रदेश के सभी 1647 थानों में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का शुभारंभ और उनसे संबंधित एसओपी पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया था। मिशन शक्ति 5.0 के तहत ''शक्ति के पंच प्रवाह'' – सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण – पर विशेष कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 325 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाई कला का जलवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। केन्द्रीय महिला कल्याण संगठन नई दिल्ली के तत्वाधान में रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए आज 21 सितंबर 2025 (रविवार) को आयोजित ऑन-स्पॉट ड्राइंग प्रतियोगिता के क्रम में मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी ने भी उत्साहपूर्ण आयोजन किया। मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी की अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन की अध्यक्षता में वाराणसी मंडल के अधिकारी क्लब में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता का शुभारंभ अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन, उपाध्यक्षा श्रीमती विभा सिंह, कोषाध्यक्षा श्रीमती मधुलिका सिंह, सचिव श्रीमती शालिनी पाण्डेय तथा अन्य सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्षा श्रीमती विभा सिंह, कोषाध्यक्षा श्रीमती मधुलिका सिंह, सचिव श्रीमती शालिनी पाण्डेय के अलावा सदस्याएं श्रीमती जागृति सिंह, श्रीमती गायत्री आर के, श्रीमती मौसमी चौधरी, श्रीमती मोनिका पाठक, श्रीमती प्रतिमा कुशवाहा, श्रीमती लीना शर्मा, श्रीमती नम्रता सिंह आदि उपस्थित रहीं।ऑन-स्पॉट ड्राइंग प्रतियोगिता में वाराणसी, प्रयागराज रामबाग, मऊ, बलिया, सीवान, गोरखपुर तथा छपरा स्टेशनों से तीन आयु वर्गों (6-9, 9-12, 12-15 वर्ष) के कुल 325 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस बार वाराणसी मंडल में सर्वाधिक प्रतिभागियों की संख्या दर्ज की गई। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद सभी प्रतिभागियों को फल, बिस्किट, अल्पाहार तथा आकर्षक उपहार वितरित किए गए। अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के मन के भावों की अभिव्यक्ति चित्रकला के माध्यम से होती है।

# लखनऊ में नवोदय का महाकुंभ देश-विदेश से जुटे हजारों पूर्व छात्र

## धूमधाम से मनाया गया नवोदय एल्युमिनी समारोह, बनी अविस्मरणीय यादें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार, डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में चौथी उत्तर प्रदेश ओपन नवोदय एल्यूमिनी मीट - नवोत्सव 2025 का भव्य आयोजन हुआ। समारोह में देश-विदेश से लगभग 7000 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस दौरान पुरातन और नवीन पीढ़ी के छात्र आपस में घुलते-मिलते, चुहलबाजी और शरारतें करते नजर आए। पूरा माहौल पुरानी यादों से सराबोर दिखा। मंच पर विशेष अतिथि के रूप में हाई कोर्ट के जस्टिस विनोद दिवाकर, मुख्यमंत्री के सचिव व पूर्व जिलाधिकारी लखनऊ आईएएस सूर्यपाल गंगवार, एम्स के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. अंशुल मिश्रा, संयुक्त आयुक्त पुलिस बबलू कुमार, आईएफएस दिलराज प्रभाकर, डीएम आज़मगढ़ रविन्द्र कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर राजेश लखानी मौजूद रहे।



वक्ताओं के विचार जस्टिस विनोद दिवाकर ने कहा, ‌नवोदय विद्यालय में भारत की आत्मा बसती है। मैंने यहां केवल पढ़ाई नहीं की बल्कि नवोदय को जिया है। समिति को चाहिए कि इस टैलेंट पूल को सहेजने और संवारने के लिए ठोस योजनाएं बनाए। एलुमिनाई हर कदम पर साथ देने को तैयार हैं। आईएएस सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि नवोदय की यादें जीवन भर मन को गौरव से भर देती हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, हमें ऐसे मुकाम पर पहुंचना है जहां समाज और नवोदय दोनों के लिए योगदान दे सकें।

संयुक्त आयुक्त पुलिस बबलू कुमार ने कहा, नवोदय एक ब्रांड है और इसे और मुखर बनाना होगा। वर्तमान में 25 लाख से ज्यादा नवोदय पूर्व छात्र देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर नवोदय भावना को और मजबूत किया जा सकता है। डॉ. अंशुल मिश्रा (एम्स) ने कहा कि ऐसे समारोह सिर्फ मिलन तक सीमित न हों, बल्कि छात्रवृत्ति और मार्गदर्शन जैसी रचनात्मक पहल एलुमिनाई को आगे बढ़कर करनी चाहिए।आईएफएस दिलराज प्रभाकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 38% सिविल सेवा अधिकारी नवोदय से हैं। उन्होंने कहा, ‌सात साल का नवोदय जीवन इतना प्रभावशाली होता है कि यहां तक घास भी कटेगी तो उसमें अलग विशेषता होगी। एमएलसी बृजेश सिंह ने कहा कि नवोदय सर्वधर्म की संकल्पना और किसी भी परिस्थिति में ढलने की क्षमता सिखाता है।

**आयोजन की जिम्मेदारी**

हर वर्ष यह आयोजन किसी एक मंडल की जिम्मेदारी पर आयोजित होता है। इस बार जिम्मेदारी लखनऊ मंडल की थी। लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर के नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों ने मिलकर इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम

कार्यक्रम में झुलनी का रंग साँचा लोकनृत्य, डॉ. सुमन प्रजापति और सौरभ कमल की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। लखनऊ नवोदय के वर्तमान छात्रों के अद्‌भुत नृत्य ने भी समां बांधा।

**शिक्षकों का सम्मान**

इस अवसर पर कई प्राचार्य और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। नवोत्सव 2025 न केवल एक मिलन समारोह रहा, बल्कि नवोदय परिवार के लिए भविष्य की दिशा तय करने वाला एक ऐतिहासिक क्षण बन गया।

# स्कूटी चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

## अग्निशमन कर्मचारियों की तत्परता से बाल-बाल बचे परिजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र स्थित एक घर में शनिवार देर रात आग लग गई। आग से पूरे घर में धुआं फैल गया। परिजन भी घर के अंदर ही फंस गए जिन्हें सूचना पाकर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की तत्परता से सकुशल बाहर निकाला गया और उनकी जान बच सकी। फायर ब्रिगेड अधिकारी के अनुसार 1:58 बजे फायर स्टेशन सरोजनी नगर को सूचना प्राप्त हुई कि पराग चौराहे के पास एलडीए कॉलोनी, सेक्टर-एफ, विस्तार में स्थित मकान संख्या 2/63, अमित सक्सेना पुत्र प्रेमचंद्र सक्सेना के घर में आग लगी हुई है तथा घर के भीतर लोग फंसे हुए हैं।सूचना मिलते ही फायर स्टेशन सरोजनी नगर से गाड़ी संख्या 5725 मय प्रभारी तथा फायर स्टेशन आलमबाग से गाड़ी संख्या 0451 मय प्रभारी तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना की गईं।घटनास्थल पर पहुंचकर पाया गया कि घर में धुआं भर जाने के कारण महिला रिचा प्रभाकर श्रीवास्तव पत्नी अमित सक्सेना एवं एक बच्चा अभिनव सक्सेना अंदर फंसे हुए हैं। अमित किसी प्रकार बाहर निकल आए थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी सुमित प्रताप सिंह, फायरमैन सुरेन्द्र यादव एवं फायरमैन सुधीर यादव ने एक टीम बनाकर साहस एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए सीढ़ी के रास्ते घर में प्रवेश कर महिला और बच्चे को सकुशल बाहर निकाला।साथ ही फायर स्टेशन आलमबाग की गाड़ी से तत्परता के साथ एक होज लाइन लगाते हुए आग पर नियंत्रण प्राप्त किया गया। महिला एवं बच्चे को सुरक्षित निकालने के उपरांत टीम द्वारा आग पर पूर्ण नियंत्रण पा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।प्राथमिक जांच से यह पाया गया कि आग लगने का प्रमुख कारण इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होना रहा।फायर स्टेशन सरोजनी नगर एवं आलमबाग की टीम के त्वरित, साहसी एवं प्रभावी कार्यवाही से एक बड़ा हादसा टल गया। घर का काफी सामान जलकर राख हो गया।



# स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की वृहत बैठक लखनऊ में बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आनंद द्विवेदी ने की तथा मंच संचालन राहुल सेन ने किया। इस अवसर पर लखनऊ के साथ-साथ प्रतापगढ़ एवं हरदोई के विद्यालय प्रबंधक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक में प्रबंधकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को खुलकर रखा, जिनका तत्काल समाधान किया गया। विशेष रूप से 9/4 की मान्यता के स्थायीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों को कैशलेस व्यवस्था से आच्छादित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा इसके लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित कर सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं कुछ विद्यालय प्रबंधकों ने जलकर की समस्या पर गंभीर चिंता जताई और इसका समाधान निकालने का अनुरोध किया, जिस पर संगठन के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शीघ्र ठोस उपाय करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को राजेश यादव, डा. अजीज खान, अनुराग उपाध्याय एवं आनंद द्विवेदी ने संबोधित करते हुए विद्यालयों की बेहतरी और प्रबंधकों के हित में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।




# गंगागंज में किसान गोष्ठी का आयोजन , बड़ी संख्या में किसानों ने किया शिरकत

**किसानों को ट्रैक्टर्स के नवीनतम तकनीक एवं विशेष छूट की दी जानकारी**

**नागेश कुमार ने उपस्थित सैकड़ों किसानों को किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज के गंगागंज स्थित किसान ट्रैक्टर सोनालिका एजेंसी में रविवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया , इस आयोजन में बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सोनालिका एजेंसी के जोनल हेड सौरभ गुप्ता व एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ साथ में किसान ट्रैक्टर गंगागंज सोनालिका के डीलर नागेश कुमार व ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, एरिया मैनेजर कश्यप पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशेषज्ञों ने किसानों को ट्रैक्टर्स की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी, उन्होंने ट्रैक्टर्स के प्रयोग और रखरखाव के बारे में भी बताया । एजेंसी प्रबंधक नागेश्वरी मां ने किसानों को आधुनिक ट्रैक्टर्स के फायदे समझाएं , उन्होंने बताया कि इससे खेती की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ेगा। कार्यक्रम में ट्रैक्टर के नए फीचर्स फ्यूल सेविंग सिस्टम और स्मार्ट कंट्रोल तकनीक का डेमो भी दिखाया गया। किसान ट्रैक्टर गंगागंज सोनालिका एजेंसी की तरफ से किसानों को विशेष छूट की जानकारी दी गई साथ ही वित्तीय योजनाओं के बारे में भी बताया गया । कार्यक्रम के समापन पर आए सभी किसानों को नागेश्वर माने उपहार देकर सम्मानित किया । इस मौके पर बाराबंकी जनपद के मदारपुर निवासी किसान स्वामी दयाल , पूरे रूद्र कोठी निवासी किसान दिनेश कुमार ने नवीनतम तकनीकों को जानकर ट्रैक्टर्स खरीदा , किसानों को जोनल हेड समेत किसान ट्रैक्टर के डीलर नागेश कुमार ने चाबी भेंट किया। इस मौके पर सुरेंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, पंकज नयन, रामकुमार पांडेय, अध्यापक अनिल वर्मा, प्रधान विकास पटेल, विनोद वर्मा समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।






## बाढ़ पीड़ितों की राहत के लिए हुआ कैंप का आयोजन, पहुंचाई जा रही आर्थिक मदद

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ के अकबरी गेट पर स्थित मदरसा ए आलिया इरफानिया के नाज़िम क़ारी इम्तियाज़ अहमद प्रतापगढ़ी ने टीम लखनऊ की सहयोगी संस्था उत्तर प्रदेश ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन की अपील पर अपने मदरसे में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की राहत के लिए कैंप का आयोजन किया। जिसमें मदरसे के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी को पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कोष में जमा किया। बताया कि पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लखनऊ में 25 सेंटर अलग-अलग क्षेत्र में बनाए गए, जिसके द्वारा समान इकठ्ठा कर उनको मदद पहुंचाई जा रही है।

## गोमती नगर में हुआ शायरों का आशियाना कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अदब कल्चर वेलफ़ेयर सोसाइटी के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में आयोजित शायरों का आशियाना में शायरों ने अपनी शेरों शायरी से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। अपने संबोधन में मौलाना फिरंगी महली ने कहा कि जिसकी याद में प्रोग्राम का आयोजन किया गया है, वह उर्दू पत्रकारिता जगत की नामचीन हस्ती थी, जिन्होंने पत्रकारिता के तहत उर्दू अदब की अहम सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से उर्दू हिंदी ज़बान को बढ़ावा मिलता है।

## छतौनी गांव में मजदूर की संदिग्ध मौत, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के छतौनी गांव में मजदूर की मौत का मामला अब रहस्यमय होता जा रहा है। बीते गुरुवार को घर से निकले मजदूर रामफ़ेर का शव शुक्रवार सुबह नाले में बरामद हुआ था। मामले में रविवार को मृतक के भाई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।छतौनी गांव निवासी 40 वर्षीय मजदूर रामफ़ेर गुरुवार शाम घर से निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। अगले दिन शुक्रवार सुबह गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर एक प्लॉटिंग साइट के किनारे, इंदिरा नहर के पास नाले में रामफ़ेर का शव पड़ा मिला।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलने की जगह से मृतक का मोबाइल फोन और चप्पलें गायब थीं। हालांकि, शरीर पर किसी तरह की बाहरी चोट का स्पष्ट निशान नहीं मिला। घटना के दो दिन बाद रविवार को मृतक के भाई सुभाष ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। सुभाष ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।तहरीर के आधार पर नगराम पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया , मृतक रामफ़ेर के भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उत्तर प्रदेश त्वरित विकास योजना अंतर्गत शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न



**पुष्पा सिंह मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा अपनी टीम के साथ रही उपस्थित**

लखनऊ । ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उत्तर प्रदेश त्वरित विकास योजना अंतर्गत शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि नीरज सिंह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला पूर्व नगर अध्यक्ष एवं एमएलसी मुकेश शर्मा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव , पुष्कर शुक्ला , रंजना श्रीवास्तव , नगर महामंत्री अर्चना साहू, मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह महिला मोर्चा , उमा साहू उपस्थित रही।

# वैगनआर ने मारी टक्कर, मां और बेटा गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अमेठी से महुरा मार्ग पर एक बोलेरो ने मां और बेटे को जोरदार टक्कर मार दी।इस घटना में घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। शिकायतकर्ता खान मोहम्मद पुत्र रमजान निवासी महुराखुर्द की ओर से कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में लिखा गया है कि उसका पुत्र मोहम्मद सुऐब 19 सितंबर 2025 को दोपहर लगभग 3 बजे अपनी मां आलिया बानो को दवा लेने के लिए मोटरबाइक से कस्बा अमेठी जा रहा था। रास्ते में गांव गढ़ी मुस्तफा में इंदू के खेत के पास उसने अपनी मोटरसाइकिल को सड़क के किनारे कच्ची पटरी पर खड़ी कर दिया । शिकायतकर्ता के अनुसार उसके बेटे ने मोटरसाइकिल खड़ी की उसी समय विपरीत दिशा से तीव्र गति व लापरवाही के साथ चार पहिया वैगनआर यूपी 32 एल डब्ल्यू 0062 चलाते हुए एक अज्ञात व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के पुत्र सुऐब व पत्नी अलिया को जोरदार टक्कर मार दी।इस घटना में शिकायतकर्ता के पुत्र और पत्नी दोनों गंभीर रूप में घायल हो गए।सुऐब के दाहिने पैर की हड्डी टूट गई तो अलिया बानो के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई।दिए गए प्रार्थना के अनुसार वैगनआर का ड्राइवर शराब के नशे में धुत था। वह घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया।घायल मां - बेटे का इलाज मोहनलालगंज में सिग्मा हास्पिटल में चल रहा है।





**नशे में धुत था वैगनआर का ड्राइवर**

## सियार ने ग्रामीणों पर हमला कर किया घायल



बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के एक गांव में शुक्रवार रात एक सियार ने घरों के बाहर सो रहे कुछ लोगों के ऊपर हमला कर दिया। हमले में कुछ लोग घायल हुए जिन्होंने शनिवार को इलाज कराया फिर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस व फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों ने पहुंच कर जांच पड़ताल की है। क्षेत्र के नरेरा गांव में शुक्रवार रात सियार ने घरों के बाहर सो रहे लोगों पर हमला किया। हमले में चार लोग घायल हुए, जिनमें एक अधेड़ महिला भी शामिल है। गाँव के शिव दर्शन (55) अपने घर के बाहर सो रहे थे, तभी सियार ने उनके हाथ में काट लिया। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग जाग गए। सियार ने पड़ोस में सो रही रामखेलावन की पत्नी ननकई (56) को भी काट लिया। इसके बाद सियार ने जगन्नाथ शर्मा (36) और अखिलेश यादव (32) को भी काटा। शिवदर्शन की बाहर बंधी गाय की बछिया को भी सियार ने घायल किया।

## आशा बहू के बंद मकान से लाखों की चोरी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक आशा बहू के बंद मकान को निशाना बनाया । मलूकपुर ढकवा की रहने वाली आशा देवी के अनुसार 16 सितंबर के लिए दिन उनका मकान खाली पडा हुआ था। वह अपने परिवार के साथ मोहनलालगंज स्थित आर के कॉलोनी में दूसरे घर पर गई हुई थी। शनिवार की दोपहर जब वह वापस लौटी तो घर का मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो चैनल गेट और अलमारी के ताले टूटे मिले । घर का सारा सामान भी बिखरा पड़ा था । चोरों अलमारी से सोने के दो हार, एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी बाला, झुमके और पांच अंगूठियां, दो सोने की चेन, मांग टीका ,,चार कड़े ,सात जोड़ी पायल आधा किलो चांदी के अन्य आभूषण साथ में बिछिया ,अंगूठी व 12 हजार रुपए की नगदी पर भी चोर उठा ले गए।पीड़िता की ओर से एचसीएल पुलिस चौकी पर शिकायत की गई है। शिकायत कत्री वर्तमान में सीएचसी गोसाईगंज में कार्यरत है। उनके पति का 2019 में निधन हो चुका है। उनके एक बेटा और एक बेटी है। दोनों की शादी हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राष्ट्र रक्षक पर अभद्र टिप्पणी करने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष व ब्लॉक प्रतिनिधि ने किया विरोध पदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ । एक सप्ताह पूर्व विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत के आक्रमण कारी को गाजर मूली की तरह काटकर राष्ट्र की रक्षा करने वाले भारत के राष्ट्र रक्षक कहलाने वाले महाराजा सुहेलदेव पासी को शौकत अली द्वारा अपनी तुच्छ मानसिकता के कारण अभद्र टिप्पणी करके पूरे भारत में एक वर्ग में आक्रोश फैल गया है जिसका विरोध दर्ज कराने के लिए प्रतिदिन हजारों लोगों द्वारा अपने अपने तरीके से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। रविवार को काकोरी मण्डल अध्यक्ष विपिन गोपी राजपूत, ब्लॉक प्रमुख काकोरी प्रतिनिधि शिशिर यादव के नेतृत्व में काकोरी थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर को ज्ञापन देने के लिए काकोरी मण्डल कार्यालय दुर्गागंज चौराहे से शौकत अली के खिलाफ नारे लगाते हुए पैदल मार्च करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन दिया । इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष विपिन राजपूत गोपी,कमल सैनी,सुनील कुमार रावत, सूरज कन्नौजिया, आकाश मौर्य, विद्या रावत,विकास रावत,राहुल रावत, कप्तान यादव, सुनील रावत, सरवन रावत, अरविंद यादव, आकाश रावत,अजय राजपूत मास्टर, ममतेश रावत,सचिन,अजीत रावत, सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# पत्नी ने पति के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर अश्लीलता करने व पोर्न साइड दिखाने का का आरोप लगाते हुए पति पर व बेटी ने पिता पर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि पति नवीन गुप्ता बेटी नाबालिग बेटी को पोर्न साइड व अश्लीलता करने का करते है। आरोप है कि अश्लीलता करने और गलत तरत से छूने का विरोध करने पर मारने पीटने के साथ स्वयं के साथ मारपीट करने शारिरिक शोषण करने मानसिक शारीरिक यातनाएं देने एवं नाबालिक बेटियों के सामने निर्वस्त्र/नग्न कर बच्चियों को जबरन बैठाकर माँ के साथ फिजिकल रिलेशन बनाता था और बच्चियों से कहता था कि यही बैठ कर देखो और ऐसे ही तुन्हें मेरे साथ करना है न देखने और बैठने पर बच्चियों को भी गंदी गंदी गालियां देता है। पीड़िता का कहना है कि वह गरीब परिवार से जीवन यापन करने वाली है। पति की सभी यातनाएं पिछले कई वर्षो से यह सोचकर सह लेती थी कि उसका परिवार इतना सम्पन नही है कि दोबारा उसकी दुनिया बसा सकें ऐसे में बेटियों का भी जीवन अंधकार मैं हो जाएगा परन्तु जब कलयुगी पिता की गंदी नजर अपनी ही बेटियों पर पड़ने लगी और कलयुगी पिता द्वारा अपनी बेटियों के साथ अश्लीलता की जाने लगी तो माँ की सब्र की बांध टूटी और माँ एवं दोनों बेटियों द्वारा प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज को अपने पति की सारी घिनोनी हरकतों अत्यचारो से अवगत कराया सारी आप बीती बताई प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज द्वारा तत्काल गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कराकर उपरोक्त व्यक्ति को जेल भेज दिया ।



**अपनी ही बेटी के साथ अश्लीलता करने व पोर्न साइड दिखाने का लगाया आरोप**

**कलयुगी पिता को मिली सजा, भेजा गया सलाखों के पीछे**

# निकाली गई प्रभात फ़ेरी, उदासीन संतो की समाधियों पर श्रद्धालुओं द्वारा किया गया तर्पण तथा किया गया भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद ।महर्षि गुरुदयाल दास उदासीन आश्रम कटरा संगत का 6 दिवसीय गुरु पर्व महोत्सव आज भंडारे के साथ संपन्न हो गया आज प्रातः काल कटरा संगत से श्रद्धालुओं के द्वारा महर्षि गुरुदयाल दास आश्रम उदासीन आश्रम कटरा संगत के महंत स्वामी दामोदर स्वामी दास की अगुवाई में प्रभात फ़ेरी निकाली गई जो निश्चित मार्गो से होती हुई ऐतिहासिक शीतलन ताल पहुंची यहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा उदासीन संत समाधियों पर तर्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए उसके उपरांत प्रभात तेरी शीतलन ताल से बीसीएम नया बाज़ार मार्ग होती हुई ऐतिहासिक गौरी देवी मंदिर पहुंची वहां पर श्रद्धालुओं ने मां गौरी देवी सहित देवी देवताओं का पूजन किया उसके उपरांत नया बाज़ार मार्ग होती हुई प्रभात फ़ेरी कटरा स्थित हनुमान मंदिर पहुंची वहां पर



श्रद्धालुओं ने हनुमान जी का पूजन करने के उपरांत ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फ़ेरी पुनः कटरा संगत वापस हो गई दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सायं कालीन कालीन सत्संग में कटरा संगत के महंत दामोदर दास ने कहा कि दुनिया में प्रेम प्रभु का दूसरा नाम है तथा संसार में ऐसी कौन सी वस्तु है जो प्रेम से प्राप्त नहीं की जा सकती है अक्सर शक्ति पाने पर लोगों को मद हो जाता है

**छह दिवसीय गुरु पर्व महोत्सव संपन्न**

**''प्रेम में जीवन का संपूर्ण सार है समाया तथा प्रेम ही प्रभु का दूजा नाम'' स्वामी दामोदर शरण दास**

तथा शक्ति का प्रयोग ज्यादातर मामलों में दूसरों को नीचा दिखाने के लिए किया जाता है जो कि मानवता के विरुद्ध है इस अवसर पर कटरा संगत के महंत दामोदरदास तथा प्रबंधक संतोष मिश्र वार्ड कटरा के सभासद राकेश चंद्रगुप्त पूर्व सभासद कमलेश चंद्रगुप्त आदित्य जयसवाल प्रवीण मिश्र पंकज मिश्र दिव्यांशु मिश्र अमन मिश्र सुजल मिश्र प्रमोद मिश्र श्रीमती बीना मिश्रा सोमा श्रीवास्तव श्रीमती उमा मिश्रा प्रीती पांडे सहित श्रद्धालु भंडारे में मौजूद थे।

# भुइंया ताल में डूबे दो चचेरे भाई गांव में मातम का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद ।थाना अंतर्गत गांव टक पुरवा स्थित भुइंया ताली तीर्थ में स्थित भुइंया ताल में आज अमावस्या के दिन में 11:00 बजे स्नान करने आए दो सगे चचेरे भाइयों की भुइंया ताल में डूब कर मौत हो गई सूचना पाकर परिजन ग्रामीणों के साथ तीर्थ पहुंचे तथा दोनों भाइयों को तत्काल निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया थाना अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि आज दिन में 11:00 बजे विवेक यादव 14 वर्ष पुत्र रामसेवक तथा प्रदीप यादव पुत्र मुंशीलाल 15 वर्ष भुइंया ताल के पास दिन में 11:00 बजे खेल रहे थे अचानक दोनों स्नान करते भुइंया ताल में चले गए जहां पर डूब जाने से दोनों भाइयों की मौत हो गई उन्होंने बताया कि



दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है यदि तहरीर प्राप्त होती है तो उसके अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। भुइंया ताली तीर्थ के प्रमुख देखरेखकर्ता महंत बजरंगमुनि पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता प्रमुख समाजसेवी अमित पुरी , अंकुर पुरी , निरंकार गुप्ता , सुभाष गुप्ता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी , संदीप अवस्थी सहित कई लोग पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

# कुल 02 अभियुक्त गिरफ्तार 02 अवैध शस्त्र बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में थाना इमलिया सुल्तानपुर व लहरपुर पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान कुल दो अभियुक्तों को 02 अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिऱफ्तार किया गया है, विवरण निम्नवत है- थाना इमलिया सुल्तानपुर द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त गुड्डू पुत्र छोटेलाल निवासी सेमरहन थाना इमलिया सुल्तानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिससे मौके से एक अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 210/2025 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया । थाना लहरपुर द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तारः- थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त राजेश पुत्र गुल्ले पासी निवासी ग्राम बिचला बरेती थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को 01 अदद अवैध देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 572/2025 धारा 25 (1-बी) आर्म्स पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है ।

# बेसिक शिक्षा से वंचित हो रहे सकरन के मासूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन (सीतापुर) । बेसिक शिक्षा विभाग सकरन के कुछ विद्यालय समूचे जनपद में जहां अपना लोहा मनवा रहे वहीं दूसरी तरफ ब्लॉक मुख्यालय से सुदूर गांजर क्षेत्र में अपनी ऊँची पहुँच पकड़ के चलते कुछ अध्यापक पढ़ाने ही नहीं आ रहे जिससे मासूम बच्चों का भविष्य अंधकारमय नजर होता नजर आ रहा। कहना आश्चर्य नहीं होगा कि अब ऐसे अध्यापकों के बदौलत एक बार पुनः गांजर क्षेत्र कुख्यात अपराधियों का गढ़ बनने की ओर उनमुख है जिसके पूर्णतः जिम्मेदार खण्ड शिक्षा अधिकारी सकरन के संरक्षण में प्राथमिक विद्यालय कुचलैया में तैनात सत्तासीन मंत्री के परिवार से ताल्लुक रखने वाली नीतू राही व इनके साथ शिक्षण कर रहे करीब आधा दर्जन अन्य शिक्षक, बेलवा बसहिया में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात अवनीश द्विवेदी व ताजपुर सलौली विद्यालय में तैनात आराध्य शुक्ला व इनके सहकर्मी अध्यापक होंगे।




शिक्षक पढ़ाने नहीं आते फिर किसकी कृपा से हैं पूरा वेतन पाते?

कुचलैया ग्रामवासियों व अभिभावकों की जुबानी शिक्षिका व अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में हीलाहवाली से इतने आजिज हो चुके हैं की अपने बच्चों का नाम कटवाना चाहते हैं पर कोई दूसरा चारा न होने के चलते मजबूरन पढ़वा रहे, ग्रामीणों ने बताया कुछ समय पूर्व द्रभद्र द्वद्रदद्वथ ने इसके खिलाफ ख़बर चलानी चाही बाईट भी ली गई पर राजनैतिक दबाव में ख़बर दब गई इसी तरह यूपीएस ताजपुर सलौली में तैनात शिक्षक सप्ताह में एक बार ही आते हैं पर उच्चधिकारी कुछ नहीं बोल पाते हैं, मासूम छात्रों की निजता का ध्यान रखते हुए उनकी जुबानी 'सीतापुर वाले सरजी महीने भर में सिर्फ 4-5बार ही आते हैं बस प्रिंसिपल सर ही रोज समय से आते हैं', यूपीएस बेलवा बसहिया का मामला तो और भी गंभीर है ग्रामीणों की जुबानी

**अपने कर्तव्य से विमुख शिक्षक अपनी ऊँची पहुँच के चलते नहीं आ रहे पढ़ाने, अभिभावकों में व्याप्त रोष**

'जहां तैनात प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार द्विवेदी जो पहली बात हफ्तों आते ही नहीं यदि आते भी हैं तो कभी समय से नहीं आते ग्रामीणों का तो यहाँ तक आरोप है कि मास्टर साहब पान मसाला छोड़ हरेक नशा सेवन कर कुछ लफंग किस्म के लोगों के साथ पिकनिक मनाने आते हैं, अब ऐसी स्थिति में कैसे पढ़ेंगे गांजर के गरीबों के बच्चे या यूँ ही सत्ता व ऊँची पकड़ रखने वाले शिक्षक क्षेत्र में पैदा करेंगे कुख्यात मेवा -मित्तर, रामपाल -वीरेंदर।

## विधायक का वादा हवा-हवाई

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में मरीजों की जिंदगी आज भी बिजली संकट की मार झेल रही है। महीनों पहले इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर ने दौरे के दौरान आश्वासन दिया था कि अस्पताल को जल्द ही जनरेटर उपलब्ध कराया जाएगा। डॉक्टरों और मरीजों की शिकायत सुनने के बाद विधायक ने भरोसा दिलाया था कि ल्डइसी सप्ताहङ्क जनरेटर लग जाएगा, मगर हकीकत में आज तक सिर्फ वादे ही रह गए। भीषण गर्मी में मरीजों का हाल बेहाल स्थिति इतनी गंभीर है कि भीषण गर्मी और बार-बार कट रही बिजली के बीच मरीज और उनके परिजन लगातार परेशान हैं। डिलीवरी के दौरान महिला मरीजों को अंधेरे और उमस भरे माहौल में भारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। इमरजेंसी केसों में ऑपरेशन और प्राथमिक उपचार बाधित हो रहे हैं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। न ही चिकित्सा व्यवस्था सही हो पाती है और न ही जरूरी उपकरण बिजली के बिना काम कर पाते हैं। अस्पताल प्रशासन खुद स्वीकार कर चुका है कि जनरेटर की अनुपस्थिति ने स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ तोड़ दी है।

# भागवत कथा का समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिपरिया धनी खीरी। ग्राम दिस्तापुर स्थित भुइहार बाबा मंदिर पर हर साल की भांति इस साल भी भागवत कथा का आयोजन 7 दिन तक किया गया।जिसमें कथा वाचक पूज्य सनातन प्रेमजी महाराज के द्वारा अनेक प्रकार की कथा व लीलाओं के बारे में बताया गया। जिसमें अनेक प्रकार की भक्तिमय गीतों को भी प्रस्तुत किया गया।जिसमें सप्ताह के आखिरी दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें पूड़ी,सब्जी,खीर आदि का सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर कथावाचक पूज्य सनातन प्रेम जी महाराज व समस्त टीम अंकुर यादव,पंडित कमलेश कुमार यादव,ढोलक मास्टर विवेक कुमार यादव,चिमटा मास्टर पंकज यादव,श्रीधाम वृंदावन टीम के द्वारा भक्तों का मन मोह लिया गया।इस मौके पर कमेंटी आदेश यादव,शिवम यादव,छोटेलाल यादव,अरुण यादव,राम प्रकाश यादव,संजय यादव,मनोज यादव,रवि यादव, आसाराम यादव,अशोक यादव, मुकेश कुमार यादव,सुधीर कुमार यादव मौके पर मौजूद रहें।

## मेरठ में बवालियों को पुलिस ने खदेड़ा, कई हिरासत में

मेरठ। उत्तर प्रदेश में जनपद मेरठ के दादरी में स्वाभिमानी पंचायत के एलान को देखते हुए रविवार को पुलिस पूरी तरह सतर्क रहा। इस दौरान दादरी पुलिस चौकी के पास कुछ उपद्रवी एकत्र होकर माहौ?ल बिगड़ाने का प्रयास करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बल को देखकर बवालियों को खदेड़ दिया। इस दौरान कुछ बवाली हिरासत में लिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर ने पत्रकारों को बताया कि दारौला थाना क्षेत्र स्थित दादारी पुलिस चौकी क्षेत्र में कुछ लड़के इकट्ठा होकर माहौल खराब कराने का प्रयास किया और पथराव करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से उपद्रवियों को भगाकर शांति व्यवस्था कायम की। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले कुछ बवालियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है? कि कपासड़ गांव में लगाए गए सम्राट मिहिर भोज के द्वार को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुर्जर समाज लगातार बोर्ड हटाने की मांग कर रहा है, जिसको लेकर रविवार को दादरी में स्वाभिमानी पंचायत का बुलाई गई थी।

# उत्पीडन के मामलों का हुआ सुलह से निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनपद के सभी थानों पर मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में महिला थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला ने लखीमपुर में काउंसलरो के सहयोग से अभियान चलाया गया! बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला, काउंसलर कय्यूम ज़रवानी, सुश्री कुसुम गुप्ता, श्रीमती नीति गुप्ता, श्रीमती किरण अग्रवाल महिला आरक्षी सुमन लता के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 08 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है,04 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने का समय दिया गया है,इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरा लीगल वालंटियर्स श्रीमती अल्पना वर्मा एवं महिला थाने की महिला आरक्षी बबली पवार, सारिका सिंह चौहान भी उपस्थित रहीं ।

## मानव खोपड़ी मिलने से हड़कम्प, पुलिस कर रही जांच

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के रविवार दोपहर झाड़ियों के निकट मानव खोपड़ी मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही शुरू कर दी, जबकि मानव खोपड़ी काफी पुरानी लग रही है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहय्या में सड़क किनारे प्रतीक्षालय के और मरघट के निकट एक मानव खोपड़ी मिलने से हड़कम्प मच गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविन्द कुमार की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं खोपड़ी मोक्षधाम में किसी दफनाए गए मुर्दे के होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो काफी साल पुरानी प्रतीत हो रही है। कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया में जानकारी साझा करते हुए बताया कि, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने सूचना दी थी कि ग्राम करहिया में प्रतीक्षालय के पास सड़क किनारे एक मानव कंकाल (खोपड़ी) पड़ा हुआ है, जो प्रथमदृष्टया कई वर्ष पुराना प्रतीत हो रहा है ।

# वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 10 वांछित/वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है- थाना मानपुर पुलिस द्वारा 02 वांछित गिरफ्तार- थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 330/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में अभियुक्तगण 1. आमिर पुत्र शरीफ निवासी ग्राम मौजमनगर थाना शहादतगंज जनपद लखनऊ 2. नईम पुत्र शफीक निवासी आलमनगर, अशरफ नगर कालोनी थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ को जरिये जनता गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे/ निशानदेही पर चोरी हुआ भैंसा बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना रामकोट पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 272/2025 धारा 109(1)/118(1)/115(2)/352/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त रामदेव बाजपेई पुत्र बच्चू लाल निवासी कस्बा व थाना रामकोट जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना सकरन पुलिस द्वारा 03 वारंटी गिरफ्तार- थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 5171/17 में वारंटी अभियुक्त 1. राकेश पुत्र सोहन गौतम 2. सोहन निवासीगण ग्राम सोनसर थाना सकरन जनपद सीतापुर, अ0सं0 183/05 में वारंटी अभियुक्त राजाराम पुत्र रामनिवास पासी निवासी करमूडीह थाना सकरन जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर अभियुक्तों को मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना सदरपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 218/2025 धारा 80(2)/85 बीएनएस व ष डीपीएक्ट में वांछित अभियुक्त नीरज पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम बजेहरा थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना बिसवां पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 467/2025 धारा 35(1) बीएनएसएस व 317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अशरफ उर्फ अफसर अली पुत्र सैयद अली निवासी ग्राम लाहबड़ी थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई जिसके कब्जे से चोरी गई मो0सा0 ठ्ध40इख्र7885 बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

थाना हरगांव पुलिस द्वारा 02 वारंटी गिरफ्तार- थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 124/19 में वारंटी अभियुक्त 1. रामचन्द्र पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम शंकरपुर थाना हरगांव जनपद सीतापुर 2. सन्तोष पुत्र दयाराम निवासी ग्राम शंकरपुर थाना हरगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर अभियुक्तों को मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## महिला पुलिस कर्मियों की भव्य स्कूटी रैली, महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण पर दिया संदेश

मीरजापुर । रविवार को मीरजापुर में महिला पुलिस कर्मियों की भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मां विंध्यावासिनी मंदिर के पुरानी वीआईपी गेट से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन में सम्पन्न हुई। रैली को नगर विधायक रत्नाकर मिश्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली में जनपद के विभिन्न थानों की महिला पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

यह रैली मिशन शक्ति-फ़ेज 5.0ङ्क अभियान के तहत आयोजित की गई, जिसका लक्ष्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना, अपराधों की रोकथाम करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

अभियान के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने जनता को सुरक्षा संबंधित विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी।

# खैर तस्करी का गढ़ बना मोटेबाबा गांवः वन विभाग की छापेमारी में खाली घर से बरामद हुई 70 कुंटल लकड़ी, नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रहा माफिया नेटवर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा (खीरी)। लखीमपुर खीरी के धौरहरा तहसील की ब्लाक रमिया बेहड क्षेत्र में खैर की तस्करी अपने चरम पर है। रविवार को धौरहरा रेंज के वन विभाग की टीम ने पढुआ थाना अंतर्गत मोटेबाबा गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक खाली मकान से लगभग 70 कुंटल अवैध खैर की लकड़ी बरामद की। कार्रवाई के बाद वन विभाग और खैर माफियाओं के बीच चल रहे कथित गठजोड़ पर भी सवाल उठने लगे हैं।

खाली घर बना तस्करी का गोदाम, मजदूरी पर गया परिवार बना ढाल

जिस घर से यह भारी मात्रा में लकड़ी बरामद की गई है, वह जियाराम नामक व्यक्ति का है। वह अपने पूरे परिवार सहित कई महीनों से उत्तराखंड में मजदूरी करने गया हुआ है। तस्करों ने इस मौके का फायदा उठाते हुए घर को लकड़ी डंपिंग सेंटर बना दिया था।

वन विभाग की टीम, जिसमें दरोगा कृष्ण लाल, वन रक्षक मोहित कुमार, अंबुज, उत्तम पांडे और अजय दीक्षित शामिल थे, ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव में छापेमारी कर यह बरामदगी की। कतर्निया घाट से कटान, नदी पार कर पहुंचाई गई लकड़ी वन विभाग के अनुसार, यह



लकड़ी कतर्निया घाट वन्यजीव प्रभाग के मौरौहा बीट से अवैध रूप से काटी गई है। इसे घाघरा नदी पार कर मोटेबाबा गांव लाया गया, जो कि खैर तस्करी का नया हॉटस्पॉट बन चुका है। लकड़ी को जब्त कर रेंज कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। डीएफओ नॉर्थ जोन खीरी नवीन खंडेलवाल ने जानकारी दी कि मुखबिर की सूचना पर टीम गठित की गई थी और मौके पर पहुंचकर घर से लकड़ी जब्त की गई। जल्द ही तस्करों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

''पुष्पा 2'' की तर्ज पर खैर तस्करीः मौत से खेलते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों के अनुसार यह तस्करी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं है। रामदरस और राजकुमार उर्फ गुड्डू के इशारे पर गांव के सैकड़ों लोग रात के अंधेरे में जान जोखिम में डाल कर जंगल से लकड़ी काटते हैं और घाघरा नदी पार कर मोटेबाबा लाते हैं। इन ग्रामीणों के लिए यह कार्य दैनिक दिहाड़ी बन गया है। जंगल के जंगली जानवरों और प्रशासन की पकड़ की परवाह किए बिना ये लोग तस्करी के नेटवर्क को मजबूती दे रहे हैं।

**राजनीतिक संरक्षण और विभागीय मिलीभगत का आरोप**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार वर्ष 2000 से ही इस अवैध कारोबार को कुछ सफ़ेदपोश नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि इतने वर्षों में तस्करी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कुछ कर्मचारी तस्करों से मिलीभगत कर इस व्यापार को नजरअंदाज करते हैं। यहां तक कहा जा रहा है कि ऽ ''वन विभाग वफादार कुत्ते की तरह रोटी पाकर दुम हिलाने लगता है।

**मोटेबाबा गांव बना खैर तस्करी का अड्डा**

पिछले एक वर्ष में करीब एक दर्जन बार मोटेबाबा गांव में खैर की अवैध लकड़ी पकड़ी जा चुकी है। इसके बावजूद यहां आज भी यह कारोबार बेखौफ जारी है।

बताया जाता है कि बहराइच जिले के सरकारी जंगलों से हर साल हजारों कुंटल लकड़ी चोरी होती है और मोटेबाबा गांव में डंप कर बाहर के तस्करों को सप्लाई की जाती है।

**एफआईआर दर्ज, पर तस्करी जारी**

हालांकि खैर तस्करी के मामलों में कई बार एफआईआर भी दर्ज की गई है, लेकिन न तो किसी बड़े तस्कर की गिरफ्तारी हुई और न ही किसी राजनीतिक सरंक्षणधारी पर कार्रवाई। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक सख्ती और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के चलते यह अवैध व्यापार रुकने की बजाय और मजबूत होता जा रहा है।

**कहता है कानून**

भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत बिना अनुमति खैर पेड़ों की कटाई और उसका परिवहन दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना, कारावास, और संपत्ति जब्ती तक का प्रावधान है। लेकिन खीरी जिले में कानून की धाराएं तस्करों के रसूख के आगे बेबस नजर आती हैं। इस बार बड़े ज़ख़ीरा मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि इस ताजा कार्रवाई के बाद खैर तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए अभियान और तेज किया जाएगा। लेकिन जब तक सफ़ेदपोशों और विभागीय साठगांठ पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह कार्रवाई महज खानापूर्ति बन कर रह जाएगी।

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दत्तक गृह एवं राजकीय महिला शरणालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर गुंजन शर्मा, राजकीय महिला शरणालय की अधीक्षिका श्रीमती प्रेरणा सहित अन्य लोगों द्वारा नवजात बेटियों की माताओं को बेबी किट देकर बेटियों का जन्मोत्सव मनाया गया। महिलाओं को अपनी बेटियों के स्वास्थ्य की देखरेख के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी महिलाओं को बताया गया।

## महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा आज

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अग्रवाल सेवा समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष ने बताया है, कि 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन का 5149 वां जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 10 बजे हवन, शाम 4:00 बजे से फुब्बारा चौक से भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से अग्रसेन भवन तक निकाली जाएगी। जिसमें अग्रवाल समाज के 18 गोत्र के प्रतीक स्वरूप अखाड़ा नासिक ढोल विशेष शहनाई नफीरी मनमोहक झांकियां निकाली जाएगी। शाम के समय अग्रसेन भवन में अग्रवाल मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## रामलीला मंचन का विधायक ने किया शुभारंभ

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री रामलीला का विधायक संजय शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शनिवार देर शाम गांधी मंडी में श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वधान में श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ विधायक संजय शर्मा, चेयरमैन बृजेश गोयल ने फीता काट कर तथा भगवान श्री गणेश की आरती उतारकर किया। विधायक संजय शर्मा ने श्री रामलीला सेवा समिति को बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री राम को भारत में ही नहीं विदेशों में भी श्रद्धा भाव से पूजा जाता है। श्री राम के आदर्श हमें सत्य, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देते हैं। हम सभी को रामलीला में मंचन करने वाले किरदारों से सीख लेकर उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। रामलीला के माध्यम से हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का सबक मिलता है। आज के युवाओ को भगवान श्री राम के जीवन से उदारता की सीख लेनी चाहिएं। उन्होंने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों की हमेशा जीत होती है। श्री रामलीला का मंचन वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर अभय गर्ग, विनीत बंसल, अजय किशोर शर्मा, अशोक शर्मा, लल्ला बाबू, ललित बंसल, रूपेश बंसल, विपिन बंसल, होमनिधी वार्ष्णेय, राधे श्याम गर्ग, राकेश बंसल, अभय राम दवे आदि लोग मौजूद रहे।

## अमावस्या पर हजारों से श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पितृ अमावस्या पर दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पितरों की आत्म शांति के लिए श्रद्धालुओं ने तर्पण, पिंडदान आदि कर्म संपन्न कराकर पितरों को विदा किया। रविवार को पितृ अमावस्या पर विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने नगर के त्रिवेणी घाट, परशुराम घाट, मस्तराम घाट तथा पुल के दोनों ओर बने अस्थाई घाटों पर हर-हर गंगे जय घोष के साथ स्नान किया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर ही पुरोहितों से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराकर गंगा मईया से मनौतियां मांगी। अमावस्या को पितृपक्ष का आखिरी दिन माना जाता है। इस दिन पितरों की आत्म तृप्ति के लिए तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध कर्म आदि करने से दिवंगत पूर्वजों को आत्म शांति मिलती है। और वह मोक्ष को प्राप्त होते है। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से गंगा तट पर पूर्वजों का तर्पण, पिंडदान आदि श्राद्ध कर्म कर उन्हे दक्षिणा देकर गरीबों को भोजन वस्त्र आदि दान किया। प्रातः स्नान शुरू होने के बाद से दोपहर तक नगर के घाटों पर स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। गंगा किनारे प्रसाद, पूजा सामग्री, खेल, खिलौने, सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों से महिलाओं, बच्चों ने जमकर खरीदारी की।

## एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा सेवा पखवाडा-2025 एवं समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के तहत विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.) योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुरादाबाद के विकास खण्ड मूंढापाण्डे में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मूंढापाण्डे श्री नवदीप यादव उपस्थित रहे। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह द्वारा विभागीय योजनाओं की समस्त जागकारी दी गयी। जिसमें सभी प्रतिभागियो द्वारा सूक्ष्म उद्योग लगाने एवं स्वरोजगार को बढावा देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर श्री राम किशोर लोधी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, प्रतिनिधि एलडीएम श्रीमती सरीता भटनागर, सहायक विकास अधिकारी (आई.एस.बी.), सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, मूंढापाण्डे तथा समस्त ग्रामोद्योग के स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्रमिकों के लिए शिविर आयोजित होंगे

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार'' अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2025 तक शिविर आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में जनपद मुरादाबाद के लेबर अड्डों एवं जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों विशेषकर महिला निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य, मातृत्व एवं शिशु की देखभाल /जांच हेतु शिविर लगाये जाने हेतु बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जा रही है। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने नोडल अधिकारी/श्रम प्रवर्तन अधिकारी मुरादाबाद को निर्देशित किया कि वह जनपद के जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर शिविरों का आयोजन कराएं। उप श्रमायुक्त ने बताया कि दिनांक 22 सितम्बर को श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में प्रकाश नगर चौराहा लेवर अड्डा लाईनपार में दिनांक 23 सितम्बर को श्री केपी सिंह की उपस्थिति में जयंतीपुर करुला डबल फाटक के पार मुरादाबाद में, दिनांक 24 सितम्बर को श्री केपी सिंह एवं श्री दुष्यंत सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूढ़ापाण्डे में, दिनांक 25 सितम्बर को श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में लेबर अड्डा गुरहट्टी चौराहा मुरादाबाद में, दिनांक 26 सितम्बर को श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाकबड़ा में, दिनांक 27 सितम्बर को श्री दुष्यंत सिंह एवं श्री केपी सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्दरकी में, दिनांक 29 सितम्बर को श्री दुष्यंत सिंह की उपस्थिति में लेबर अड्डा हरथला निकट पीवीआर सिनेमा मुरादाबाद में एवं दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में प्रकाश नगर चौराहा लेबर अड्डा लाईनपार मुरादाबाद में शिविर आयोजित होंगे।

# बैंकॉक में गूंजेगी बदायूं की आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। संगीत के क्षेत्र मे प्रतोष शर्मा एक ऐसा नाम है। जो किसी पहचान का मोहताज नहीं है। उन्होंने भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बदायूँ का डंका बजाया है। इस बार बैंकॉक के स्वामी नारायण विष्णु मंदिर में होने वाले शारदीय नवरात्रि महोत्सव में बदायूं के प्रतोष शर्मा ''फकीरा'' पूरे नौ दिन भजनों की प्रस्तुति देंगे। इससे पहले प्रतोष दुबई, श्रीलंका, आदि देशों में अपने भजनों की प्रस्तुति देकर बदायूं का नाम रौशन कर चुके है। प्रतोष को उड़ीसा सरकार की ओर से एकाम्र श्री अवार्ड तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी द्वारा दिया गया। बदायूं क्लब के द्वारा प्रतोष को बदायूं युवा संगीत रत्न से सम्मानित किया गया प्रतोष भक्ति जगत में नरेंद्र चंचल, नन्दू भैया, लखबीर सिंह लक्खा, अनुराधा पौडवाल,उषा उत्थप इत्यादि बॉलीबुड के कलाकारों सहित देश के सुप्रसिद्ध गायकों के साथ भारत वर्ष में प्रस्तुति देकर श्रोताओं को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर चुके है। प्रतोष की भजन प्रस्तुति को आस्था भक्ति, संस्कार, दिव्य, कात्यायनी,एवं विभिन्न यूट्यूब चैनलों के माध्यम से लाइव देखा जा सकता है। प्रतोष ने भजन गायन की शिक्षा श्री पप्पू लहरी मुरादाबादी और आध्यात्मिक ज्ञान शिक्षा निकुंज वासी विरक्त संत बाबा रसिका पागल जू महाराज श्रीधाम वृन्दावन से प्राप्त की है। आने वाले साल 2026ऽ27 में इटली,मेलबर्न और दुबई में भक्ति गायन से अपने जन्मस्थान बदायूं का नाम रौशन करेंगे।

# जिला कारागार में बंदी की मौत, आज होनी थी जमानत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। दहेज उत्पीड़न के आरोपी की जिला कारागार में मौत हो गई। वह गाजियाबाद का रहने वाला था। 20 अगस्त से जेल में बंद था। सोमवार को उसकी जमानत होनी थी, लेकिन शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया। बदायूं जिला कारागार में गाजियाबाद निवासी एक बंदी की शनिवार रात मौत हो गई। वह कई दिनों से बीमार चल रहा था। सोमवार को उसकी जमानत होनी थी। घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिजन बदायूं पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नसरुल्लागंज निवासी रफीक ने अपनी बेटी सिम्मो की शादी 14 मार्च 2021 को गाजियाबाद जिले के थाना लोनी क्षेत्र के हाजी कॉलोनी गोरी पट्टी निवासी 32 वर्षीय नदीम पुत्र नसीम के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से की थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच अनबन शुरू हो गई। पारिवारिक विवाद बढ़ने पर सिम्मो मायके चली आई और उसने अपने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया। इसी मुकदमे की पैरवी में नदीम और उसके परिजन बदायूं अदालत में तारीख पर आते-जाते रहे। बीमारी के कारण नदीम कई बार अदालत में हाजिर नहीं हो सका, जिस पर कोर्ट ने वारंट जारी कर दिए थे। बीते 18 अगस्त को नदीम जब कोर्ट में पेश हुआ तो पुलिस ने उसे पकड़कर सहसवान कोतवाली में दो दिन तक रखा। 20 अगस्त को जिला कारागार बदायूं भेज दिया गया। पहले से ही बीमार चल रहा था नदीम परिजनों का कहना है कि नदीम पहले से ही बीमार चल रहा था। जेल में उसकी हालत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में कुछ सुधार होने पर शाम को उसे वापस जेल ले आया गया, लेकिन देर रात उसने जिला कारागार में दम तोड़ दिया। इसकी खबर मिलते ही उसके परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए। नदीम के परिजनों का कहना है कि सोमवार को उसकी जमानत होनी थी, लेकिन उससे पहले ही मौत हो गई। हालांकि उन्होंने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है।

# रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बबराला। नगर में परंपरागत धर्म-आस्था और संस्कृति का संगम लेकर भव्य रामलीला महोत्सव का आगाज़ हुआ। रामलीला समिति के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा और नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस बार उद्घाटन सत्र विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा। मंच पर पहले दिन 'नारद मोह लीला' का आकर्षक मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए नगरवासी और आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में पहुंचे। पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने संबोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि आदर्श, धर्म और कर्तव्यपालन का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने अपने संबोधन में 'मिशन शक्ति फ़ेज-5' की थीम सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के साथ उनके कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक करता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि योगी सरकार महिला सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयासरत है और अब महिलाएं निडर होकर पुलिस की मदद पर भरोसा कर सकती हैं। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने आयोजन समिति और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएम डॉ. राजेन्द्र पेंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के आने की संभावना थी, किंतु वे अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। कार्यक्रम में वृंदावन की प्रसिद्ध नाट्य मंडली ने रामचरित मानस पर आधारित भव्य मंचन प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मंचन के दौरान कलाकारों के संवाद और संगीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महोत्सव की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव वर्मा सहित अनिल गुप्ता, शुभम वार्ष्णेय, अरुण कुमार डिंपल, प्रशांत वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता पत्थर वाले, अरविंद कुमार, निशांत गुप्ता मंकित, सुधीर सोनी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# युवक ने मरने से पहले बनाई वीडियो, थाने के सिपाही पर धमकाने, ब्लैकमेल करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। सोनियाखेड़ा गांव निवासी दीपक चौधरी ने मरने से पहले एक वीडियो बनाया, जो शनिवार को सोशल साइड पर वायरल हो गया। वीडियो में उसने खुद जहरीला पदार्थ खाने की बात कही है। साथ ही मौत का जिम्मेदार अपनी प्रेमिका व थाने में तैनात एक सिपाही को बताया है। सिपाही पर धमकाने व प्रेमिका पर ब्लैकमेल कर रुपये ठगने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रेमिका रितु गुप्ता व उसके पिता दिनेश गुप्ता व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसने प्रेमिका और सिपाही फंासी देने की मांग भी की है। सोनियाखेड़ा गांव निवासी दीपक चौधरी (25) पुत्र सत्यवीर सिंह चौधरी बिसौली में एक मोबाइल के शोरूम पर नौकरी करते थे। करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम पर उसकी मुलाकात एक युवती से हुई। युवती ने बताया कि उसके पति से उसका ब्रेकअप हो गया है। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ गईं। दो साल से उसके संपर्क में था। युवती ने शादी नहीं की तो उसने आत्महत्या करने की ठान ली। शुक्रवार को उसने जहरीला पदार्थ खाने से पहले पांच मिनट से अधिक की एक वीडियो बनाई। उसमें उसने सब कुछ बयां किया है। अब तक प्रेमिका व उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लग रहे थे लेकिन शनिवार को जब वीडियो वायरल हुआ तो मामला खुद्कुशी का निकला। वीडियो में दीपक ने बोला कि उसकी प्रेमिका शादी के नाम पर रुपये लेती रही। दो सालों में उसने 4.75 लाख रुपये उससे ले लिया। करीब आठ दिन पहले भरोसा दिया था कि वह 15 सितंबर को उसके साथ चलेगी और शादी भी करेगी। इसी बात में उलझाकर उसने एक लाख रुपये भी ले लिए। 15 सितंबर को वह दातागंज पहुंचा लेकिन प्रेमिका का संग चलना तो दूर फोन तक नहीं उठाया। देर शाम तक इंतजार करके वह लौट गया। तीन दिन से लगातार रात को वह यही कहती कि आज आओ साथ चलूंगी। परेशान होकर दीपक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक दीपक की मां शीला देवी की तहरीर पर दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरपुर की रहने वाली युवती रितू गुप्ता, उसके पिता दिनेश गुप्ता व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो को विवेचना में शामिल किया जाएगा। फिलहाल मामले की गहनता से जांच चल रही है। वहीं विवेचना में बढ़ सकती हैं सिपाही की मुश्किलें सिपाही कौन है, कहां का है। वायरल वीडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता है। लेकिन इतना तय है कि विवेचना में सिपाही की मुश्किलें बढ़ सकतीं हैं। वहीं एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा । उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आयोजित की गई कबड्डी प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सिद्व बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में माध्यमिक विद्यालयों की बालक वर्ग की कबड्डी की जनपदीय प्रतियोगिता संपन्न हुई।जिसमें अंडर-19 वर्ग में एनए इंटर कालेज बिल्सी विजेता व मुन्ना लाल इंटर कालेज वजीरगंज उपविजेता,अंडर 17 वर्ग में भूदेवी इंटर कॉलेज बिल्सी विजेता व माधव राम इंटर कालेज उघेति उपविजेता,अं डर 14 वर्ग में आर वीएस इंटर कालेज वुटला तथा भूदेवी वाष्णेय इंटर कालेज बिल्सी उप विजेता रही प्रतियोगिता का उद्धाटन करते हुए विद्यालय के प्रबन्धक अमित पाठक ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना व कालेज का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता के समापन पर विद्यालय के प्रबन्धक अमित पाठक ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर व टीम टीम इंचार्ज को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के जिला क्रीड़ा सचिव अजय कुमार पटेल,जिला क्रीड़ा सहसचिव व अटेवा अध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक पाठक,पूर्व प्रधानाचार्य राकेश कुमार शर्मा ,उप प्रबन्धक श्याम पाल पाठक,प्रदीप चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य,चौधरी सुभाष सिंह,दया राम सिंह,अभय कुमार,वरुण प्रताप,सुरेंद्र पाल ,हेमेंद्र सिंह,हरदेश भारद्वाज सुधीर यादव के साथ कालेज के शिक्षक नीरज चौहान,विपलव भारती, रामौतार मौर्य,डॉ प्रमोद शर्मा,प्रवीण मिश्रा,अनमोल उपाध्याय,विपुल प्रताप सिंह,अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल में हिंदी भाषा पर आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

बदायूँ। महर्षि विद्या मंदिर में हिंदी विषय पर जूनियऱ वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच एक वाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर वर्ग में कक्षा से 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा सदनवर प्रतिभाग किया गया। इसमें विद्यालय के व्यास, पाराशर, नारायण, एवं वशिष्ठ सदन के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम चरण में सभी सदनों से दो/ दो समूह पक्ष में एवं विपक्ष में बनाए गए। जिसमें सभी बच्चों ने अपने-अपने विषय पर अपने विचार व्यक्त किए तत्पश्चात द्वितीय चरण में नारायण सदन से सरस प्रताप सिंह को प्रथम एवं वशिष्ठ सदन से आरोही राठौर को द्वितीय स्थान पर घोषित किया गया। यह परिणाम निर्णायक पद पर आसीन विद्यालय के शिक्षक राजीव सिंह चौहान, अविनाश कौर साहनी एवं कुशल कांत राठौर द्वारा तैयार किया गया। इस प्रतियोगिता का निर्देशन एवं संचालन हिंदी शिक्षक सोमेश सक्सेना, रंजना रानी एवं श्वेता सैनी के द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और अपने पक्ष को बहुत ही सटीकता एवं स्पष्टता के साथ रखा गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के. के. वर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई तथा विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# प्रियम राज रस्तोगी बनीं आल इंडिया मीसटर इंडिया ग्लोबी की द्वितीय रनर-अप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। लखनऊ व रायबरेली व सुल्तानपुर । जिले के लिए गर्व का विषय है कि कमलेश रस्तोगी की बहू प्रियम राज रस्तोगी ने यूपी मीसटर इंडिया ग्लोबी प्रतियोगिता में 2nd रनर-आल इंडिया का खिताब अपने नाम किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने परिवार का मान बढ़ाया है बल्कि जनपद व प्रदेश का नाम भी रोशन किया है।

देश भर से चुनिंदा प्रतिभागियों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया। अलग-अलग राउंड्स जैसे इंट्रोडक्शन, टैलेंट शो, प्रश्नोत्तर एवं पर्सनालिटी टेस्ट में प्रियम राज रस्तोगी ने आत्मविश्वास और गरिमा से अपना प्रदर्शन किया। निर्णायकों को प्रभावित करते हुए उन्होंने फाइनल में द्वितीय रनर-अप का खिताब हासिल किया।

प्रियम राज रस्तोगी का जन्म एक संस्कारी परिवार में सुल्तानपुर के प्रसिद्ध उद्धयोगपति सुरेश कुमार सोनी व श्री मति विमला सोनी जी के यहाँ हुवा । बचपन से ही उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष रुचि रही। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की है और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करती रही हैं। उनकी गहरी रुचि फैशन, आर्ट एंड कल्चर, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में है।

इनका बिवाह रायबरेली के प्रसिद्ध उद्योगपति व नेता कमलेश रस्तोगी व श्रीमती मीना रस्तोगी के सुपुत्र आई आई एम पास आउट अंकुर रस्तोगी के साथ 4 दिसंबर 2024 रमाडाहोटल लखनऊ में हुवा थ तब से इनका पूरा परिवार एम जी हाईट्स वृंदावन सेक्टर ६ ए लखनऊ में रहता है उनकी इस सफलता में परिवार का सहयोग और आशीर्वाद अहम रहा। पति व ससुरालजनों ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया। कमलेश रस्तोगी परिवार ने इस उपलब्धि को पूरे समाज के लिए प्रेरणा बताया और गर्व व्यक्त किया। प्रियम राज रस्तोगी ने अपनी इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण और समाजसेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया है।

# दो गांवों से छह लाख की नकदी और सात लाख के आभूषण चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के पिंडोल और हरदासपुर में शुक्रवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। इस दौरान वह छह लाख की नकदी और सात लाख से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण चोर ले गए। चोरी की दोनों घटनाओं के बाद ग्रामीणों में दहशत है।हरदासपुर निवासी शिवऔतार तिवारी ने बताया रात के करीब ढाई बजे चोर दीवार फांद कर उनके घर में घुस गए। घर में रखे पांच लाख रुपए नगदी और चार तोले सोना व चांदी के आभूषण चोरी ले गए। पीड़ित का बेटे रिंकू तिवारी ने चोरों को पकड़ने का प्रयास भी किया। तभी चोर ने उनके हाथ में लोहे के राड से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया और चोर भाग गए। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इससे पहले चोरों ने बिजनौर-बदायूं हाइवे पर स्थित गांव पिंडोल निवासी पप्पू कश्यप में घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यहां भी चोर घर की दीवार फांद कर घुसे। कमरे में रखा बक्शा को उठाकर ले गए। उसमें 1.19 लाख रुपए की नगदी और करीब तीन लाख से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण थे। परिवार के लोगों ने रात में ही बिल्सी पुलिस को सूचना दी। पिंडोल गांव के ही हरिओम के घर में भी चोर दाखिल हुए लेकिन चोरी करने में नाकाम रहे। क्षेत्र के अलग-अलग गांव में हुई चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

## ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष की माताजी के निधन पर शोक सभा

चंदौसी/संभल। रविवार को एक शोक सभा ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा के निवास पर आयोजित हुई, जिसमें विवेक मिश्रा की माताजी श्री मति राजकुमारी मिश्रा पत्नी हरद्वारी लाल मिश्रा के निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की । सभा में आए हुए वक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजकुमारी मिश्रा का जीवन परिचय देते हुए उनकी उदारता ,उनके उत्तम व्यवहार और उनकी मृदुभाषिता को सराहा । हरद्वारी लाल मिश्रा उनके साथ बिताए समय का वर्णन करते हुए भावुक हो गए । उनके बड़े बेटे पंकज मिश्रा ने कहा कि उनकी माता का पूरा जीवन बहुत ही सराहनीय रहा वो हमेशा परोपकारी व धार्मिक रही, भारतीय जनता पार्टी संभल,प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अजय राय, विश्व हिंदू परिषद ,अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा, संस्कार भारती व अन्य कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रवक्ताओं ने शोक संदेश प्रेषित करते हुए श्री मति राजकुमारी मिश्रा की पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की । वक्ताओं ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में पूर्ण रूप से साथ होने का विश्वास दिलाया।

# जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन का हुआ विस्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट लखनऊ। जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन की त्रैमासिक बैठक आज रविवार को शाम लखनऊ स्थित विभूति खंड स्थित डी एल एफ टॉवर में सम्पन्न हुई। बैठक में जीवन संरक्षक सदस्य जोगिंदर सिंह खालसा का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर सदस्य शिव शंकर मिश्रा, अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह, संगठन मंत्री राम यादव उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, सचिव अभिषेक सिंह, सतेंद्र शर्मा, सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओं ने अपना अपना पक्ष रखा और विस्तार चर्चा हुई।

संरक्षक जोगिंदर सिंह खालसा ने अपने संबोधन में कहा कि ïपत्रकार समाज का आईना होते हैं और उनका हित संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी को समान मौका मिलना चाहिए'' उन्होंने एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में पत्रकारों की समस्याओं के समाधान हेतु हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने आगामी बैठक स्वयं आयोजित करने की घोषणा भी की। संगठन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने सभी उपस्थित पत्रकार बंधुओं का स्वागत करते हुए कहा कि,ïसंगठन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकारों के हित में खड़ा रहना है। हम हर समय पत्रकारों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं।ï उन्होंने सभी पत्रकार साथियों का संगठन के प्रति विश्वास बनाए रखने और जुड़े रहने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

बैठक में एसोसिएशन की भावी कार्ययोजना और पत्रकारों के हित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन ने यह निर्णय लिया कि आने वाले समय में पत्रकारों की सुरक्षा, उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान, तथा उनके हितों की रक्षा के लिए कई ठोस कदम उठाए जाएंगे। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकारों को सहयोग उपलब्ध कराने के लिए एक सहायता कोष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रशिक्षण कार्यशालाएँ और संवाद कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया। सदस्यों ने एकमत होकर यह कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को उजागर करने का कार्य करते हैं, ऐसे में उनके हितों की रक्षा करना और उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना एसोसिएशन का दायित्व है। इस दिशा में संगठन ने ठोस रणनीति बनाने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि आने वाले महीनों में पत्रकारों के हित में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने के लिए एसोसिएशन सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# मोतीगंज पुलिस ने किया न्यायालय के आदेश को किनार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोठिया के रेड़ौरा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की जमीन पर कुछ लोग दबंगई के बल पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं,जबकि न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन के यहां से उसके पक्ष में आदेश पारित किया जा चुका है।

मामला मनकापुर तहसील के मोतीगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सोठिया के रेड़ौरा गांव का है।यहां के रहने वाले राम प्रताप वर्मा पुत्र पारसनाथ ने उपजिलाधिकारी मनकापुर को दिनांक 10.09.2025 को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा कि भूमि गाटा संख्या 342 का वाद रामप्रताप आदि बनाम पारसनाथ न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन, गोण्डा में चल रहा था,जिसमें 16.05.2025 को उसके पक्ष में अदालत का आदेश पारित हो चुका है। इसके बावजूद गाटा संख्या 342 में उसे प्राप्त हिस्से की जमीन पर विपक्षी ननकून वर्मा, राहुल, लालमनि,राजेश आदि दबंगई के बल पर जबरन कब्जा कर लेना चाहते हैं।दबंग विपक्षि यों द्वारा न्यायालय का आदेश भी नहीं माना जा रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी मनकापुर ने थानाध्यक्ष मोतीगंज को आदेशित किया कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराकर शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।उपजिलाधिकारी के द्वारा न्यायालय के आदेश के अनुपालन को दिए गए आदेश का पालन मोतीगंज पुलिस नहीं कर रही है। एस डीएम के आदेश के 11 दिन बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गयी,जबकि उक्त जमीन पर कब्जा करने की नीयत से विपक्षियों द्वारा मौके पर निर्माण सामग्रियां इकट्ठा कर ली गई हैं।पीड़ित का कहना है कि देर-सवेर अपनी दबंगई और पहुंच के बल पर विपक्षी कब्जा कर सकते हैं क्योंकि थाने की पुलिस का रवैया भी नकारात्मक है। हालांकि, मोतीगंज पुलिस का कहना है कि आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# रोडवेज बस स्टैंड के पास,पुलिस और सत्ता के संरक्षण में चल रहे अवैध बस स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध टैक्सी स्टैंडों को हटाने के आदेश दिए थे,लेकिन गोण्डा शहर में यह आदेश लागू होते नहीं दिख रहे हैं।शहर में अवैध बस स्टैंड लगातार चल रही है,लेकिन पुलिस और अफसर इस ओर अनजान बने हुए हैं।यहां से अधिकारी गुजरते हैं और उनके सामने ही यह खेल जारी रहता है,लेकिन कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है।शहर में नगर पालिका की ओर से किसी भी स्थान पर वैध पार्किंग नहीं है।यही कारण है कि शहर के अंबेडकर चौराहा,एलबीएस चौराहा सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के सामने बनी दुकाने के बाहर,स्कूल-कालेजों के बाहर सिटी कार्ट मॉल और वी मार्ट शॉपिंग माल के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग लगी रहती थी।इस कारण सड़ कों पर जाम की समस्या बनी रहती है।मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद पुलिस-प्रशासन ने सख्ती से अभियान चलाकर अवैध पार्किंग हटाने का का र्य किया था,लेकिन कुछ स्थानों पर अभी भी अवैध पार्किंग में ही वाहन खड़े हो रहे हैं।अवैध पार्किंग और सड़कों पर आसपास वाहन खड़े करने वाले लोगों के सामने भी वैध पार्किंग की समस्या है।शहर में कई मार्केट तो ऐसी है,जहां पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है।इस कारण ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।न ही शहर में किसी भी जगह वैध पार्किंग की कोई जगह पिछले कुछ सालों से नहीं मिल सकी है।जबकि कुछ दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी ईओ व एसएसपी-डीएम के साथ वर्चुअल संवाद करते हुए वैध पार्किंग के लिए जगह तलाशने की बात कही थी।गोंडा शहर में कोई सुधार नहीं हुआ हैं।

पुलिस चौकी के सामने अवैध टैक्सी स्टैंड, गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने शहर में अवैध बस स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।मनमाने ढंग से संचालित बस स्टैंड पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहन जाम की समस्या को बढ़ा रहे हैं।इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों पर शिकंजा कस ने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नाकाम दिख रहे हैं।बस स्टैंड संचाल कों पर सत्ताधारी दल के नेताओं की सरपरस्ती है,इससे जिम्मेदार भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।कई बार रोडवेज कर्मचारियों ने यह मुद्दा प्रमु खता से उठाया और कई लोगों पर एफआई आर तक दर्ज हुईं थी।वही शहर में दर्जनों से अधिक स्थानों पर अवैध बस स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।सवारियां बैठाने के लिए सड़ क पर आड़े-तिरछे वाहन खड़े किए जाते हैं।सड़क पर चलने वाली रोडवेज बसों के आगे वाहनों को लगाकर सवारियों को बैठाया जाता है।आए दिन यात्रियों से बदसलूकी होती रहती है।अवैध बस स्टैंड के खिलाफ कई बार लोगों ने धरना प्रदर्शन किया लेकिन राजनीतिक संर क्षण के चलते उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई हैं।

# बाज नही आ रहे है कॉलोनीवासी, बोर्ड लगा कर निवेदन भी हुआ बेकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । भैंस के आगे वेग बजावे,भैस बैठ पगुराय का कहावत इन दिनों पादरी बाजार के सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम में पूर्णतया चरितार्थ हो रहा है । कॉलोनीवासी आपसी सहयोग से लेन प्रथम के प्रारम्भ में ही श्रीदुर्गा पूजा पांडाल रखे हुए है जिसके सामने ही कॉलोनीवासी घरों का कचड़ा लाकर डाल दे रहे है । दुर्गा पूजा समिति के सदस्य रात को जागरण करके भी कूड़ा डालने वालों पर चौकसी रख रहे है फिर भी मौका पाते ही कूड़ा इकठ्ठा हो जा रहा है । अंत में हार मानकर समिति के सदस्यों ने दुर्गा पूजा पांडाल का हवाला देकर बकायदे बोर्ड लगाकर कूड़ा न फ़ेकने की भी दो दिन पहले अपील किया था फिर भी सुबह कूड़ा का भंडार देखने को मिल जा रहा है । इस सम्बंध में स्थानीय पार्षद रितेश सिंह का कहना है कि पांडाल के पास सफाई के लिए सफाईकर्मी की ड्यूटी भी लगाया हूं फिर भी कुछ शातिर किस्म के लोग व्यवधान डालने के लिए मौका पाते ही कूड़ा फ़ेक कर गंदगी फैला रहे है । दुर्गा पूजा समिति के सदस्य अभिषेक वर्मा गोलू,प्रियांशु श्रीवास्तव, रमेश मणि त्रिपाठी, संजय शर्मा,प्रदीप शर्मा,रविकुमार व आशीष वर्मा बार बार सफाई की अपील कर रहे है ।

## 23 सितम्बर को जनपद में मनाया जायेगा दशम आयुर्वेद दिवस

बहराइच । जनपद में 23 सितम्बर को दशम आयुर्वेद दिवस के सफल आयोजन हेतु शनिवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए सीडीओ श्री चन्द्र ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सरोज शंकर राम को निर्देश दिया कि मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, कृषि अधिकारी, उद्यान अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका से सामंजस्य स्थापित करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं के देखभाल के लिए आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित कर जनसामान्य को औषधीय पौधों से परिचित कराते हुए औषधीय वाटिका स्थापित करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये गये। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसानों को आयुर्वेदिक औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाय।

# दुर्गा पूजा महासमिति ने की मैराथन बैठक,ब्लॉक तहसील व थाना प्रमुखों को सौंपे दायित्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति की आवश्यक बैठक शहर के बशीरगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लॉक, तहसील, थाना प्रमुख व विसर्जन के पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की।बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के वातावरण के माहौल में मनाया जा रहा है।उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ग्रामीण अंचलों में सांय काल बिजली कटौती न की जाए।पूजा पण्डालों में सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की ओर से व्यापक की जाए।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विसर्जन स्थल के जो मार्ग उबड़ खाबड़ है उसे अतिशीघ्र ठीक करवाया जाए।उन्होंने कहा कि जनपद की छह तहसील में महोत्सव के लिए बैठकें आयोजित की जाएं।बैठक में छह तहसील के प्रमुखो व 22 थानों के प्रमुखों को बुकलेट, बैज,पटका,महासमिति निर्देश पम्पलेट एवं अन्य दायित्व सौंपे गए एवं दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए कार्ययोजना बनाई गई।बैठक को संरक्षक सुभाष त्रिपाठी, परशुराम कुशवाहा,चन्द्र भान सिंह संचित,हरिश्चंद्र गुप्ता,निशंक त्रिपाठी,सुधाकर मिश्रा, शिवम जायसवाल,श्याम करण टेकड़ीवाल, जिला प्रचारक अजय,राजू निगम ने भी संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने किया।इस दौरान राम जी शुक्ला,शिवशरण सिंह,कन्हैया सोनी,विपिन यज्ञसैनी,पवन जायसवाल,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,विनोद रस्तोगी,ज्ञानेंद्र धर शर्मा,गौरव तिवारी,सुरेश गुप्ता,हरि शंकर,बैजनाथ रस्तोगी,पंकज केवट,वैभव जैन,दुर्गेश पाण्डेय, उमाशंकर तिवारी,अखिलेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार,पंकज केवट,दिवाकर यादव मौजूद रहे।

## राजापुर कला हाईस्कूल में विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष ज्ञान प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह

नानपारा, बहराइच। एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा अंतरिक्ष जागरूकता कार्यक्रम के निमित्त इसरो और इनस्पेस के संयुक्त तत्वाधान में 26 से 30 अक्टूबर तमकुहीराज कुशीनगर में स्नातक/परास्नातक और शोधार्थी विद्यार्थियों के लिए इनस्पेस कैनसेट एंड मॉडल रॉकेट्री इंडिया विद्यार्थी प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है। इसी कड़ी में भावी पीढ़ी कक्षा 5 से 12 वी तक के विद्यार्थियों के बीच अंतरिक्ष अभिरुचि की वृद्धि के लिए आर्ट इनस्पेस और स्पेस क्वीज 20-20 का आयोजन नमस्कार फाउंडेशन द्वारा तहसील मोतीपुर के राजकीय हाईस्कूल राजापुर कला में कराया गया। प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार ने बताया कि भारत के अंतरिक्ष भविष्य की ताकत उसके युवाओं में निहित है। ऐसी प्रतियोगिताएं आगामी पीढ़ी के वैज्ञानिकों, इंजीनियर और देश निर्माताओ को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री पोद्दार ने बताया कि वास्तविक शिक्षा वही शुरू होती है जहां ज्ञान का अनुप्रयोग होता है। इस तरह की चुनौतियां न केवल वैज्ञानिक कौशल का विकास करती है बल्कि टीमवर्क, नेतृत्व, धैर्य और समस्या समाधान जैसे जीवन के लिए आवश्यक क्षमताओं को भी मजबूत करती है।

# जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती इंटर कालेज रिसिया ने लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



बहराइच। जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द के निर्देशानुसार श्री सरस्वती इंटर कालेज रिसिया के प्रांगण में बृहद स्तर पर सृजनात्मक ढंग से किया गया। उक्त खेल का संयोजन विद्यालय प्रधानाचार्य सुनील कुमार राय व संचालन प्रवक्ता बैज नाथ सिंह ने किया। खेल का आयोजन जिला क्रीड़ा सचिव अजय सिंह व निर्णायक मंडल की देखरेख में संपन्न हुआ। खेल कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गाँधी इंटर कॉलेज बहराइच प्रधानाचार्य डा. जसवंत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया?। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गांधी इंटर कॉलेज बहराइच के प्रधानाचार्य डा.जसवंत सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ जीवन में खेल व व्यायाम की भी आवश्यकता है, जैसे अच्छी शिक्षा से स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है वैसे खेल व व्यायाम से स्वस्थ शरीर का विकास होता है। उक्त खेल प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो, खेल शिक्षकों ने अपने विद्यालय की टीमों के साथ प्रतिभाग किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के बालक और बालिकाओं की कबड्डी टीमों में अलग अलग आयु वर्ग के छात्र छात्राओं ने कबड्डी खेल में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कर अपना दमखम दिखाते हुए उच्चि कोटि के खेल का प्रदर्शन किया । कबड्डी खेल प्रतियोगिता में बालको के अंडर -19 आयु वर्ग में श्री सरस्वती इंटर कॉलेज रिसिया की टीम विजेता और राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा की टीम उप -विजेता रही। बालकों के अंडर -17 आयु वर्ग में नवयुग इंटर कॉलेज की टीम विजेता तथा श्री शंकर इंटर कॉलेज नानपारा की टीम उप विजेता रही। बालिकाओं के अंडर -19 आयु वर्ग में श्री सरस्वती इंटर कॉलेज रिसिया की टीम विजेता तथा राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच की टीम उप विजेता रही। उक्त प्रतियोगिता में आयोजक विद्यालय के साथ महाराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच, श्री शंकर इंटर कॉलेज नानपारा, पी डी पाठक इंटर कॉलेज पट्टी, राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा, नवयुग इंटर कॉलेज मिहिनपुरवा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच, सआदत इंटर कॉलेज नानपारा, चंद्रशेखर आजाद श्यामादेवी मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज रिसिया आदि विद्यालयों की टीमें बालक और बालिका वर्ग के अलग अलग आयु वर्ग में अपनी टीमों का प्रतिभाग कराया।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, खेल शिक्षक, व्यायाम शिक्षक डी के वर्मा, खेल अध्यापक विवेक रावत, के पी सिंह, जय प्रकश, मधु चौधरी, बन्दना रंजन, सुनील कुमार पट्टी, अरविन्द कुमार, निमिष गुप्ता, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से सभी शिक्षकों, आये हुए खेल अध्यापको एवं प्रतिभागियों के लिए उत्तम जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई। सफल आयोजन में सहयोग के लिए प्रधानाचार्य जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई और आगे मण्डलीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनायें दीं ।

# मंदिर का घंटा चोरी करने वाला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधी क्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने आरोपी पुष्पे न्द्र पाण्डेय पुत्र उमानाथ को गिरफ्तार कर उस के कब्जे से मन्दिर से चोरी किया हुआ घण्टा बरामद किया है।बताते हैं कि शशिकान्त श्रीवा स्तव पुत्र कृष्ण कान्त श्रीवास्तव निवासी ग्राम बभनी कानुनगो थाना कोतवाली नगर में लि खित तहरीर दी कि 20 सितंबर को दोपहर तीन बजे किसी अज्ञात चोर के द्वारा बभनी कानूनगो स्थित दुर्गा माता मन्दिर से घण्टा चोरी कर लिया गया।प्राप्त तहरीर के आधार पर था ना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभि योग पंजीकृत हुआ था। 21 अगस्त को तरब गंज पुलिस के द्वारा चोरी करने के आरोपी अभियुक्त पुष्पेन्द्र पाण्डेय पुत्र उमानाथ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मन्दिर से चोरी किया हुआ घण्टा बरामद किया गया,गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध

### मरीज लेकर जा रही एंबुलेंस में भिड़ी बोलेरो :चार घायल

गोरखपुर । पिपराइच थाना क्षेत्र गोरखपुर महराजगंज फोरलेन पर अतरवलिया गांव के सामने बोलेरो ने एम्बूलेंस को ठोकर मार दी जिससे चार घायल हो गए । घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महराजगंज से गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज मरीज लेकर जा रही एम्बूलेंस को विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया। जिससे, महराजगंज जनपद निवासी रामप्रीत तथा राम प्रीत की पत्नी शान्ति देवी,कमलेश,पवन कुमार, समेत चार लोग घायल हो गए।एंबुलेंस को विश्व विजय लेकर जा रहे थे। घटनास्थल पिपराइच थाना क्षेत्र में पड़ता है लेकिन भटहट चौकी करीब होने के कारण पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया ।

# देहात कोतवाल की कार्यशैली पर उठ रहा सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिले का देहात कोतवाली थाना क्षेत्र इन दिनों अपराध की घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है।दिनदहाड़े हो रहे अपहरण और अपराध की बढ़ती घटनाएं प्रशासन की कार्य क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।दिनदहाड़े जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे का अपहरण कर लिया गया और राइफल के बल पर रूपये छीन लिया था।उसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे ने देहात कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने गांव नरायनपुरवली में विद्युती करण कार्य की देखरेख करने गए थे।वह जैसे ही अपनी गाड़ी से कार्यस्थल पर पहुंचकर मज दूरों को पैसा देने के लिए जैसे ही उतरे वैसे ही सुशील कुमार शुक्ला,अरुण कुमार शुक्ल, जितें द्र कुमार पांडेय,दीपक कुमार पाण्डेय व अमित मिश्रा समेत करीब बीस लोगों ने उन पर हमला कर दिया और पीछे से पकड़ कर गिरा दिया।

और हमलावर ने उनके मुंह में राइफल डाल दी और जान से मारने की धमकी दी।आरोप है कि हमलावरों ने उनके गाड़ी की तलाशी ली और उ समें रखे सारे कागजात फाड़ डाले तथा डिग्गी में रखे 50000 रुपया भी निकाल लिए थे।हम लावरों ने चंदन मिश्रा को अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी में बैठाकर घाघरा नदी की ओर ले जाने का प्र यास किया।रास्ते में उन्होंने बातचीत में कहा कि इसे घाघरा में फेंक देंगे,किसी को पता भी नहीं चलेगा।चंदन का मुंह तौलिए से ढक दिया गया।लेकिन जैनी पकड़िया चौराहा के पास उन के चाचा राधेश्याम मिश्रा की नजर पड़ गई।पी छा करने पर दबंगों ने चंदन को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए थे।चंदन किसी तरह बच कर घर पहुंचे और घटना की जानकारी देहात कोतवाली पुलिस को दी थी।लेकिन देहात कोत वाली पुलिस सिर्फ टालमटोल करती रही,जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा दो दिन बाद बेटे को लेकर एसपी से मुलाकात कर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी,तब एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था।उसके बाद कुछ नाम जद और बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुक दमा दर्ज किया गया था।जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे पर हमले ने न केवल देहात कोतवाली पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाया है,बल्कि स्थानीय लोगों में भी भय का माहौल पैदा कर दिया है।

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने मंत्री से लगाई गुहार**

बेटे पर हमला करने वालों आरोपियों की गिर फ्तारी दस दिन बाद भी न होने पर बेबस भाज पा के जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने अब प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान से गुहार लगाई है।शनिवार को जिले में आए प्रभारी मंत्री दारा सिंह को भाजपा पदाधिकारियों व विधाय कों के संयुक्त हस्ताक्षर से ज्ञापन सौंपा था,मौके

मौजूद पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रभारी मंत्री को जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा प्रभारी मंत्री को दिए गए ज्ञापन में विधायक कर्नलगंज अजय सिंह,मेहनौन विधा यक विनय कुमार द्विवेदी,कटराबाजार से भाज पा विधायक बावन सिंह,गौरा विधायक प्रभात वर्मा,एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश राय चंदानी के भी हस्ताक्षर हैं।

लेकिन उसके बाद भी अभी तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इससे सवाल उठता है कि आखिरकार, पुलिस प्रशासन अपराधियों को रोकने में नाकाम क्यों है....?

**देहात कोतवाल पर उठ रहे सवाल**

देहात कोतवाल संजय सिंह की भूमिका और उनकी कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।यह समझ से परे है कि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे पर पहले दिनदहाड़े हम ला होता है फिर मुकदमा दर्ज करने के लिए अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगाना पड़ ता है।किसी तरह 36 घंटे बाद एसपी के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज करती है लेकिन आरो पितों की गिरफ्तारी नहीं होती है।सवाल यह है कि जब जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष को दर दर की ठकोरें खानी पड़ रही है तो योगीसरकार

में आम जनता का हाल क्या होगा ?क्या पुलिस इन अपराधों को रोकने के लिए सक्रिय नहीं है ? या फिर अपराधियों को पकड़ने की प्रक्रिया में लापरवाही बरती जा रही है...........?देहात कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस की निष्क्रियता ने आम जनता के विश्वास को हिला दिया है।ऐसी घटनाओं के बाद जिले में लोगों का कहना है कि पुलिस केवल औपचारिक जांच तक सीमि त रह जाती है,जबकि अपराधी बेखौफ होकर खुलेआम वारदात को अंजाम देते हैं।

**प्रशासन और एसपी की जिम्मेदारी**

गोण्डा के एसपी विनीत जायसवाल अपने तेज़ तर्रार रवैये और त्वरित कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं।लेकिन सवाल यह है कि उनके नेतृत्व में देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं को क्यों नहीं रोका जा सका...? क्या स्थानीय पुलिस प्रशासन को मजबूत बनाने की आवश्यकता है,या देहात कोतवाल संजय सिंह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं..? जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों की मांग है कि देहात कोतवाल की कार्यप्रणाली की गहन जांच हो और उन पर उचित कार्रवाई की जाए।

**पुलिस की निष्क्रियता व अपराधियों के हौसले**

देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे पर हुए हमला और आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर यह दर्शाती है कि अपराधियों के मन में कानून और पुलिस का कोई डर नहीं है।देहात कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता ने अपराधियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।यह स्थिति न केवल देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के लिए चिंताजनक है,बल्कि पूरे गोण्डा जिले के लिए सुरक्षा के लिहाज से गंभीर संकेत है।

# सात दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेले का गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। संजय सिंह गंगवार राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत मे सात दिवसीय समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारम्भ किया। आगंतुक गन्ना किसानो को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि अब गन्ना किसानो को पर्ची के लिये इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है। किसानो को उनके मोबाइल पर ही गन्ना पर्ची मिल जाती है।गन्ना किसानो की सुविधा के लिये गन्ना कैलेंडर सहित सभी सूचनाएं ऑनलाइन है। आज गन्ना किसान गन्ना विकास विभाग मे संचालित जिला योजना,राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं महिला स्वयं सहायता समूह से लाभान्वित हो रहे है।जनपद पीलीभीत एक गन्ना बाहुल्य जनपद है।यहां पर एक लाख हे. से अधिक क्षेत्रफल पर 2.36 लाख किसान गन्ना की खेती करते है।पीलीभीत के गन्ना किसान जनपद की चीनी मिल पीलीभीत, बरखेड़ा, बीसलपुर, पूरनपुर के अलावा शाहजहांपुर की निगोही,मकसूदापुर, बरेली की फरीदपुर एवं लखीमपुर जिले की गुलरिया, संपूर्णानगर चीनी मिलो को भी गन्ना देते है।मंत्री ने कहा कि जो भी किसानो की शिकायते आ रही है। उनका निस्तारण कर किसान को अवगत कराने के साथ साथ संचालक मण्डल के सदस्यो को भी अवगत कराये।आगामी पेराई सत्र मे समय से चीनी मिले संचालित होगी। खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने किसानो से अनुरोध किया कि वह आगामी शरदकालीन गन्ना बुवाई के लिए प्रदेश के लिये स्वीकृत अगेती गन्ना किस्मो की बुवाई करे।इसके लिये बीज अभी से ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के माध्यम से आरक्षित करा ले। दिग्विजय सिंह अध्यक्ष सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत ने किसानो से अनुरोध किया कि वह सट्टा प्रदर्शन मेले का लाभ अवश्य उठाये। नये सदस्य बनने के लिए एवं उपज बढ़ोत्तरी की रसीद काटने के लिए एक पृथक से काउंटर खोले गये है।यदि कोई गन्ना किसान समिति सदस्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन नही कर पाता है तो समिति के सचिव अथवा सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक उसकी मदद करेंगे समिति के सदस्य बनने के लिए आखिरी तारीख़ 30 सितम्बर हैं।इस समिति के एक लाख से अधिक आपूर्तिकर्ता सदस्य है। जो कि समिति के माध्यम से चीनी मिल बरखेड़ा, पीलीभीत को अपने गन्ने की आपूर्ति करते है। समिति के अंतर्गत 374 गाँव आते है।इस अवसर पर रामभद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, अजय सिंह गंगवार ब्लॉक प्रमुख ललोरीखेड़ा, के बी शर्मा पीलीभीत चीनी मिल, बृजवीर सिंह इफको जिला प्रतिनिधि,विजय सिंह, केसी वर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# स्टेशन चौराहा से शेरपुर फाटक तक ईओ ने पुलिस से अतिक्रमणकारियों को कब्जा मुक्त करने के दिये निर्देश रोजाना बनती मारपीट की वजह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।नगर में फल ठेले,फडिया और ग्राहकों मे अभद्र भाषा को लेकर पूरनपुर के रेलवे स्टेशन चौराहा पर चौकी के समीप फल व्यापारियों और अन्य समुदाय के युवकों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई भीड़भाड़ वाले चौराहा पर मारपीट से खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ लिया युवकों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्दु कर दिया गया। पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। नगर के मुहल्ला कायस्थान निवासी विकास यादव का गनेशगंज पूर्वी निवासी नफीस से चार दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामले में दोनों पक्षों के बीच वार्ता के चलते कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को विकास लाइनपार साहूकारा निवासी अपने दोस्त अनिकेत यादव के साथ नफीस से पुराने विवाद को लेकर वार्ता करने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि बात चीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से मारपीट शुरू हो गई। मारपीट को देख आसपास के कई अन्य दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए पूरनपुर चौकी पुलिस की लापरवाही के चलते अवैध लोगो ने चौराहा पर अतिक्रमण कर रखा जिस कारण अक्सर मारपीट के मामले सामने आते और कोई गम्भीर समस्या पैदा हो सकती है इसी को देखते हुऐ प्रशासन हरकत मे आया स्टेशन चैराहे पुलिस चैकी से शेरपुर रोड रेलवे फाटक तक डिवाइडरों के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाये जाने को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने अपनी पालिका टीम के साथ पैदल घूमकर सभी अवैध अतिक्रमणकारियों को तत्काल हटाने के निर्देश देते हुये वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई। जिससे डिवाइडरों के दोनों ओर वैठे फड़ियों में हड़कंप मच गया मुख्य मार्गों पर कब्जा किये जाने से यातायात वाधित होने के साथ ही हर समय झगड़ा की संभावना बनी रहती है।नगर के अधिकांश मार्गो पर अवैध अतिक्रमण के कारण लोगों को आवागमन में अधिक परेशानियां उठानी पड़ रही है।डिवाइडरों के दोनों ओर अवैध अतिक्रमणकारियों द्वारा फड़ों को लगाकर नागरिकों को आने जाने की सुविधाओं को बन्द कर रखा था।जिसको लेकर नागरिकों एवं उक्त मार्ग से गुजरने वाले चार पहिया दो पहिया वाहनों एवं पैदल चलने वालों को सामने समस्यायें पैदा हो रही थी।जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एजाज अहमद एवं लेखाकार दिनेश भारती सहित अन्य पालिका स्टाफ द्वारा शेरपुर रोड पर पहुंचकर स्टेशन चैराहा पुलिस चैकी से लेकर शेरपुर रेलवे फाटक तक डिवाइडरों के दोनों ओर अवैध रूप से फड़ लगाकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को शनिवार से आ डिवाइडरों के दोनों ओर से दुकाने न लगाने के कड़े निर्देश दिये इस मसले को अगर हल नहीं किया गया तो ये कोई गम्भीर समस्या बन सकती पूरे दिन जाम मे जूझते लोगो के लिये चौकी पुलिस बनी रहती है मूकदर्शक पूरे दिन चौकी पर सन्नाटा पसरा रहता है। वही जाम से परेशान लोग शेरपुर फाटक पर सालों से ओवरब्रिज की माँग करते चले आ रहे लेकिन नतीजा शून्य दिखाई दे रहा है।

# प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन पूरनपुर ने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन पूरनपुर ने क्षेत्र में रेल संचालन बहाली की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा कहा कि लखनऊ सीतापुर ,मैलानी ,पूरनपुर ,बरेली दिल्ली रेलखंड पर वर्षों से ट्रेनें बंद होने से यात्रियों और व्यापारियों अधिवक्तायो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूरनपुर से बरेली व आगे की ट्रेनों की कमी के चलते स्थानीय व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। मांग है कि कम से कम पुराने टाइम टेबल के बराबर तो ट्रेनें चाहिए ही वरना क्षेत्र का विकास ठप्प सा हो गया है लखनऊ 5-6 पैसेंजर रात्रि में पहले की तरह काठगोदाम-मैलानी लखनऊ दिन में कम से कम दो एक्सप्रेस ट्रेन तथा बरेली मैलानी लखनऊ दो एक्सप्रेस तथा रात्रि व दिन में दिल्ली पंजाब कलकत्ता इलाहाबाद बनारस आदि की ट्रेनों का संचालन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

## पुस्तकालय विज्ञान में राजेश पांडेय को मिली पीएच.डी. की उपाधि

सुल्तानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के उप पुस्तकालयाध्यक्ष राजेश पांडेय को सनराइज विश्वविद्यालय, अलवर द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी इन लाइब्रेरी साइंस की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्हें विश्वविद्यालय में आयोजित भव्य कन्वोकेशन समारोह में प्रदान की गई। राजेश पांडेय ने पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर पैकेज : उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय पुस्तकालयों का एक अध्ययन विषय पर शोधकार्य किया। समारोह में अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह, प्राचार्य प्रो. डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. संगीता कौल (डायरेक्टर, डेलनेट), डॉ. अनुपम सहगल तथा डॉ. प्रवीण कुमार सिंह को दिया, जिन्होंने उन्हें इस कार्य हेतु सदैव प्रेरित व मार्गदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा में संस्थान के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, अपने पिता श्कमल नयन पांडेय (संपादक, युग तेवर), माता सुशीला देवी, पत्नी सुधा पांडेय सहित परिजनों और सहयोगियों का भी विशेष सहयोग रहा।

# महाभारत काल में पाण्डव ने अज्ञातवास के दौरान मां अहोरवा भवानी का किया था पूजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित प्राचीनतम आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में पूजन अर्चन से भक्तों को मुंह मांगी मुराद पूरी होती है।माता जी अपने भक्तों को दिन में तीन रूप में दर्शन देती है।नवरात्रि के पावन पर्व पर यहां हजारों की संख्या में दर्शनार्थी मां के दरवार में दर्शन करने आते है और मां के चरणों से निकलने वाले नीर को आंखों में डालने से नेत्र विकार दूर होते है साथ ही आंखों की खोयी ज्योति भी वापस लौटती है।लखनऊ सुलतानपुर राष्टीय राजमार्ग पर स्थित कस्बा इन्हौना से मात्र छह किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण दिशा में स्थित कस्बा अहोरवा भवानी में आदि शक्तिपीठ मां अहोरवा भवानी के बारे में बताया जाता है कि महाभारत काल में पाण्डव अज्ञातवास के दौरान यहां पर रुके थे।अर्जुन ने आखेट के दौरान मां अहोरवा के दर्शन किये थे बाद में माता कुन्ती व द्रोपदी के साथ सभी पाण्डवों ने मां अहोरवा भवानी की पूजा की थी।पाण्डवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान माता जी के चरणों में पूजा की गयी थी।बताया जाता है कि महाभारत काल के बाद अदृश्य हो गयी थी कालांतर में एक चरवाहे को माता के दर्शन मिले जिसकी अपार श्रद्धा और पूजा भाव के चलते मंदिर के रूप में मां अहोरवा भवानी का अविभार्व हुआ।वहीं क्षत्रिय बंशावली पर गौर करें तो यह क्षेत्र गाण्डिव वैश्य के नाम से जाना जाता है तथा मां अहोरवाभवानी को इस कुल के क्षत्रियों की कुल देबी माना जाता है।मान्यता यह भी है कि मां की मूर्ति अपने भक्तों को दिन में तीन रूप में दर्शन देती है प्रातः काल में बाल्यावस्था,दोपहर में युवावस्था तथा सांयकालीन बृद्धावस्था के रूप में भक्तों को दर्शन देती है।नेत्ररोगियों के बारे में मां के चरणों से निकलने वाले नीर को आंखों में डालने से आंखों की खोई ज्योति भी वापस लौट आती है और नेत्र विकार से भी छुटकारा मिलता है।मां अहोरवा भवानी मंदिर प्रांगण में प्रत्येक सोमवार को एक विशाल मेला भी लगता है नवरात्रि में तो हजारों की संख्या में भक्तगण मां के दरवार में दर्शन कर पूजन अर्चन करते है और यहां पर भक्तों को मुंहमांगी मुराद भी पूरी होती है।शादी विवाह के दिन कन्याओं को परिजन मां के दरवार में गौरी पूजन भी कराते है जिससे बिटिया सदा सुहागन रहे।

इतना ही नही नवरात्रि में रस्म अदायगी के साथ ही मुण्डन, कर्णछेदन व अन्नप्रासन संस्कार भी सम्पन्न कराये जाते है।मंदिर के व्यवस्थापक राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये मंदिर में कैमरे लगवाये है।उन्होंने बताया कि दोपहर में बारह बजे से एक बजे तक मंदिर की साफ सफाई के लिये कपाट बंद कर दिये जाते हैं।

## सांसद नीरज मौर्य का सपा नेताओं ने किया स्वागत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद आगमन आंवला सपा सांसद नीरज मौर्य का जोरदार स्वागत किया गया हैं।इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,धनपति वर्मा एडवोकेट,राजकुमार राजू ,असलम जावेद अंसारी,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, विधानसभा सभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी,फैज अंसारी सहित तमाम नेतागणों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया हैं।

## आई लव मोहम्मद पोस्टर पे चौकी पुलिस पर अभद्र व्यवहार का आरोप कोतवाल ने संभाला मोर्चा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र की अस्थाई पुलिस चौकी शेरपुर कला में रविवार को एक किराने की दुकान पर लगे 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर को लेकर चौकी के एक दारोगा पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली-गलौज करने ,पोस्टर हटाने का आरोप लगाया इस घटना को लेकर शेरपुर कलां के सैकड़ों लोग इकट्ठे हो गये मामला एक समुदाय से जुड़े होने के कारण आस पास के गांव के एक समुदाय के लोग धीरे धीरे एकत्र होने लगे स्थिति को बिगड़ता देख तुरन्त कोतवाल को सूचित किया गया बिना देर किये कोतवाल सतेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे स्थिति को अपनी सोच बूझ से शान्त कराया कोतवाल ने बिगड़ते माहौल को कंट्रोल किया जिनकी पूरे क्षेत्र मे प्रशंसा हो रही है आई लव मोहम्मद यह मामला पूरे प्रदेश सहित कई प्रदेशों तक पहुंच चुका दरसल ये मामला 4 सितम्बर को कानपुर के रावतपुर से शुरू हुआ मोहम्मद लिखा बैनर एक सार्वजनिक मार्ग पर लगाया गया वही से ये मामला तूल पकड़ता गया।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद और करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने टनकपुर हाईवे पर विरोध प्रदर्शन कर किया हाइवे जाम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह और अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों के विरोध प्रदर्शन कर टनकपुर हाइवे जाम कर दिया गया सूत्रों के अनुसार, एक गौशाला निरीक्षण के दौरान प्रधान ने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों पर मारपीट और रंगदारी का आरोप लगाया था जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया था कार्यकर्ताओं ने इसे फर्जी और मनगढ़ंत बताते हुए हाईवे जाम कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी कि वे सड़क जाम न करें चेतावनी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने विरोध जारी रखा इस पर पुलिस ने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह और धर्मेंद्र चौहान को हिरासत में लिया अन्य प्रदर्शनकारी वहां से हटाए गए जाम के कारण करीब आधे घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा, यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद यातायात सामान्य हुआ अधिकारियों ने कहा है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी किसी भी हालत मे कानून हाथ मे लेने वालो को बक्शा नही जाएगा जिले मे कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोपरि है।

## नेहरू युवा केंद्र में 23 सितंबर को होने वाली महापंचायत को लेकर भाकियू ने की बैठक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बरेली मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों ने आगामी 23 सितंबर को होने वाली किसान महापंचायत को लेकर रविवार दोपहर दो बजे बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने जानकारी दी कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बरेली के नेहरू युवा केंद्र में पहुंचकर किसानों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में किसानों की समस्याओं, खासकर न्यूनतम समर्थन मूल्य, गन्ना भुगतान, बिजली दरों और किसान हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। सतविंदर सिंह काहलों ने बताया कि यह महापंचायत किसान एकजुटता का प्रतीक होगी और बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी इसे ऐतिहासिक बनाएगी। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपील की कि वे भारी संख्या में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और किसान हितों की आवाज को और बुलंद करें। बैठक में संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बेकरी गोदाम में लगी आग से लाखों रुपये की सामग्री जलकर हुई राख

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर क्षेत्र की पुलिस चौकी टीकरमाफी के पास स्थित एक बेकरी के गोदाम में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई।आग की लौ ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। इस भयानक अग्निकाण्ड की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन आग पर काबू नही पा सकी और कई घण्टे बाद तीसरी गाड़ी जब पहुंची तो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका इस अग्निकाण्ड में लाखों रुपये की सामग्री जलकर राख हो जाने की बात सामने आ रही है।

# तेजिंदर सिंह बग्गा बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी ने जनपद सुलतानपुर को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की स्वीकृति से सरदार तेजिंदर सिंह बग्गा निवासी पंजाबी कालोनी खैराबाद जनपद सुलतानपुर को समाजवादी पार्टी उ.प्र. की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पार्टी ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार जनहित और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। ऐसे में नई जिम्मेदारी निभाने वाले पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उधर, सरदार तेजिंदर सिंह बग्गा के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष की लहर है। जनपद सुलतानपुर के कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## शिव बारात के साथ रामलीला का आगाज

सुलतानपुर। जिले के नगर की ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव शनिवार (त्रयोदशी) की देर शाम शिव विवाह के शोभायात्रा के साथ आगाज हुआ। यह रामलीला दिनांक शनिवार (द्वादशी) तक चलेगी। अयोध्या से आए कलाकार रामलीला का मनोहारी मंचन करेंगे। श्री रामलीला ट्रस्ट समिति की ओर से रामलीला मैदान में रामलीला महोत्सव का आयोजन अनिल कुमार मिश्र जी द्वारा किया गया है। श्री रामलीला ट्रस्ट समिति के आयोजक ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु दिशानिर्देश दिया है। शनिवार को सायं 8:00 बजे रामलीला मैदान से शिव विवाह का शोभायात्रा निकलकर सब्जी मंडी- जिला अस्पताल रोड -आगरा मिष्ठान भंडार-चौक-शाहगंज -डाकखाना -गंदानाला- अस्पताल रोड से पंचरास्ता होते हुए पुनः रामलीला मैदान में पहुंचा। रामलीला मैदान से ब्रह्मा विष्णु और महेश एवं देवराज इन्द्र, भगवान सूर्य देव की मनमोहक झांकी निकाली गई।

## भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ माधोटांडा पुलिस की पेट्रोलिंग जारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रशासन भारत-नेपाल सीमा पर पैनी नजर बनाये हुये है।खुफिया तंत्र सक्रिय होने के साथ सीमा क्षेत्र के गांवों में एसएसबी और पुलिस की फुट पेट्रोलिंग अभी भी जारी है नेपाल सीमा पर एसएसबी, पीएसी एवं थाना माधोटांडा पुलिस की संयुक्त टीम ने कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के दृष्टिगत सतर्क निगरानी एवं भारी पुलिस बल के साथ लगातार पेट्रोलिंग जारी रखी इस दौरान सीमा क्षेत्र में मौजूद नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा सुरक्षा संबंधी जागरूक किया गया नेपाल से आ रही सूचनाओं के अनुसार अब स्थिति सामान्य है सीमा पर आवागमन एसएसबी के वेरिफिकेशन और उन्हीं दिशा निर्देशन में है उत्तराखंड के वनबसा से जुड़ी सीमा और पीलीभीत के सभी सीमावर्ती थानों हजारा, पुरनपुर, माधोटांडा, को सीमा पर स्थित गांवों मै जाकर निरीक्षण करने और निरंतर पेट्रोलिंग जारी रखते हुएगश्त करने के निर्देश दिए गए है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी, पीएसी बल के साथ थाना माधोटांडा पेट्रोलिंग जारी रखी है।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कैम्प का आयोजन

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र (सीएचसी) अखंडनगर जनपद सुलतानपुर मे मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित डॉक्टर्स- डा?आयुषी श्रीवास्तव (स्त्री - प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डा?मंजू सिंह (शिशु रोग विशेषज्ञ), डा?धनंजय (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डा?सतेंद्र (मेडिसिन), डा?गोविंद (डेंटल), डा? आलोक कुमार यादव (एमबीबीएस इंटर्न) मौजूदगी मे कैम्प मे आए सभी मरीजो का ओपीडी मे इलाज किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति समाज को जागरूक करना था। वक्ताओं ने महिलाओं की सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक सशक्तिकरण पर जोर दिया और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्वस्थ नारी ही सशक्त भारत की आधारशिला है।

# तृतीय वार्षिकोत्सव में अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह व कवि सम्मलेन आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बल्दीराय/सुल्तानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ स्थित एक लान में रविवार को अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन तथा श्री सिंह राय अवधी साहित्य विकास संस्थान का तृतीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें अनेकों जनपद व नेपाल से आये हुए कवि व कवियत्रीयो ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के आयोजक इंद्रजीत सिंह (अर्चक) व मंच का संचालन कर रहे ज्ञानेन्द्र पांडेय (अवधी मधुरस) ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्चन कर किया। तथा तत्पश्चात आये हुए कवियों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अमेठी जनपद के कवि सुशील चन्द्र पाण्डेय द्वारा लिखी गई (स्वतन्त्रता बनी रहे )काव्य पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्य क्रम की अध्यक्षता कवि इंद्रेश भदौरिया ने की। नेपाल से आई हुई कवियत्री सुशीला वैश्य ने अपनी अवधी कविता (ऐ पहूना यहीं मिथिलए में रहूं न, जौनय सुखबा ससुरारी मां तौनय सुख कहूं न ऐ पहूना यहीं मिथिलए में रहूं न )आदि कविताओं से मधु रस घोल दिया । वहीं नेपाल से ही पधारे कवि मगही सिंह ने वीररस की अवधी कविता (वो भी था लाल वतन का जिसने मारी मेरे गोली, भगवान भला हो उसका जिसने वो गोली मारी) आदि वीररस की कविताओं माहौल देशभक्तिमय कर दिया। तथा आये हुए तमाम कवियों ने अपनी कविताओं से छटा बिखेरी ,जिसे सुन उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर नेपाल से पधारे डा जनार्दन आचार्य, किरन आचार्य, राजेन्द्र वैश्य तथा अमेठी से ज्ञानेन्द्र आचार्य (मधुरस), शिवबहादुर सिंह ( दिलवर)रायबरेली, रामदुलारे सिंह (सुजान), अयोध्या से भवानी प्रसाद तिवारी (विभोर), बाराबंकी से वेदप्रकाश सिंह, ममता सिंह सहित पचासों कवि व श्रोता मौजूद रहे।

# नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से फैली सनसनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना जामों क्षेत्र के गांव गोपालपुर में रविवार को एक नवविवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई है।सुबह परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा खोला तो महिला छत में लगे पंखे के हुक से साड़ी के सहारे लटकी हुई मिली।मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने दहेज की खातिर नव विवाहिता की हत्या किये जाने की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का बारीकी के साथ निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर जांच पड़ताल की गई है।थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी विनोद कुमार की शादी बीती बारह मई को पिंकी देवी के साथ हुई थी। इन दिनों ससुराल में कई दिनों से पारिवारिक कहासुनी चल रही थी। नवविवाहिता पिंकी देवी ने शनिवार की रात में रोजाना की भांति भोजनोपरांत अपने कमरे में चली और करीब आठ बजे उसने अपने मायके के लोगों से वार्तालाप किया था लेकिन रविवार की सुबह नवविवाहिता पिंकी देवी का शव कमरे की छत में लगे पंखे के हुक से लटकता मिला। यह नजारा देखकर सबके पैरो तले से जमीन खिसक गई और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों द्वारा उक्त मामले से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही गौरीगंज के क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा के साथ ही थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह मय दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर परिजनों से वार्तालाप किया और घटना के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। घटना स्थल का फोरेंसिक टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया और छानबीन में जुट गई है। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज की खातिर नवविवाहिता पिंकी को मौत के घाट उतारने का आरोप लगाया है।इस सम्बंध में थाना

## सम्पादकीय

# कला-शिल्प का विराट उत्सव भी शारदीय नवरात्र

शारदीय नवरात्रि भारत में नौ दिनों तक मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार है। यह केवल देवी पूजा का पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव, लोकनृत्य, संगीत, कला और सामाजिक मेलजोल का भी उत्सव है। देश के विभिन्न हिस्सों में इसे अलग-अलग रूपों में भव्यता से मनाया जाता है। भारत विविधताओं का देश है। यहां पर हर पर्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह समाज की सांस्कृतिक धड़कन बनकर हमारे लोकजीवन को गतिमान बनाये रखता है। शारदीय नवरात्रि इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। नौ दिनों का यह पर्व देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रूपों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। हालांकि, धार्मिक आस्था सभी परंपराओं के केंद्र में होती है। मगर इसकी छाया में कहीं लोकनृत्य, कहीं संगीत, कहीं खानपान और कहीं कला का ऐसा सामूहिक उत्स उमड़ता है कि शारदीय नवरात्रि विशिष्ट सांस्कृतिक मंच बन जाते हैं। ग्रामीण भारत में नवरात्रि का समय खेतों और घरों में नये उम्मीदों का मौसम लाता है। मानसून की फसलें पकने लगती हैं और किसान नये कामों की योजनाएं बनाने लगते हैं। यही कारण है कि नवरात्रि के अवसर पर गांवों में मेलों, रामलीलाओं और भजन मंडलियों का विशेष धमाल देखने को मिलता है। नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक उत्सव भी हैं। इन नवरात्रि का सबसे भव्य रूप बंगाल में देखने को मिलता है, जहां इसे दुर्गा पूजा कहा जाता है। इस अवसर पर कोलकाता और बंगाल के दूसरे शहरों, कस्बों और गांव-गांव में देवी मां के पंडाल सजते हैं, जहां मां की भव्य प्रतिमाएं स्थापित होती हैं। कलाकार महीनों पहले इन प्रतिमाओं की तैयारी करते हैं। पंडालों की थीम कभी सामाजिक संदेश होती है, तो कभी किसी ऐतिहासिक स्थल की झलक पेश करती है। पूरे पांच दिन तक पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य संगीत और भोज उत्सव का आयोजन चलता है। अंत में मां दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकलती है, जिसमें ढाक की धुन, ढोल, नगाड़े और नृत्य के साथ देवी मां को विदा किया जाता है। इसी समय गुजरात में गरबा और डांडिया की धूम रहती है। यहां रात-रातभर नृत्योत्सव चलता है। गुजरात में विशेषकर नृत्य, देवी मां की उपासना का जरिया होता है। गरबा की गोल-गोल घूमती तालियां, रंग-बिरंगे परिधान, दीयों की मनमोहक लौ और शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त, उत्सव के आनंदातिरेक में होते हैं। वास्तव में गुजरात में भक्ति और शक्ति के मिलन का उत्सव मनाया जाता है। उत्तर भारत में रामलीलाएं शारदीय नवरात्रि का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आकर्षण हैं। नौ दिनों तक यहां गांव-गांव में, शहर-शहर में रामलीलाओं का मंचन होता है, जहां साधारण ग्रामीण जनों से लेकर मशहूर और व्यावसायिक कलाकार तक इसमें हिस्सेदारी करते हैं। मंच पर राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के रूप धरे कलाकार जब डूबकर अभिनय करते हैं, तो दर्शक भक्ति रस में डूब जाते हैं। दसवीं के दिन यहां रावण दहन के साथ शारदीय नवरात्रि का उत्सव चरम पर पहुंच जाता है। यह परंपरा न केवल समाज को एक सूत्र में पिरोती है बल्कि नई पीढ़ी को नैतिक और धार्मिक शिक्षा भी देती है। शारदीय नवरात्रि के समय भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट लोकगीतों की गूंज रहती है। कहीं देवी मां के जागरण का स्वर दमकता है, तो कहीं भजन मंडलियां पूरे वेग से भजनों में रमी होती हैं। राजस्थान और हरियाणा में घर घर देवी मां के गीत गूंजते हैं। कुल मिलाकर शारदीय नवरात्रि पूरे देश में धार्मिक, आस्था और सामाजिक भागीदारी का विशिष्ट आयोजन होते हैं। चूंकि नवरात्रि उपवास का पर्व है, लेकिन शाम ढलने के बाद थोड़ा अल्पाहार ग्रहण किया जा सकता है। इसलिए इन पूरे नौ दिनों तक अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग अल्पाहार या उपवास व्यंजनों की भरमार रहती है। शारदीय नवरात्रि के उपवास स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। इस समय पूरे भारत में अनगिनत किस्म के व्यंजनों की भरमार रहती है, जिससे यह पर्व खानपान की विविधता और संस्कृति का महापर्व भी बन जाता है। शारदीय नवरात्रि के समय कला और शिल्प का प्रभाव भी हर तरफ देखने को मिलता है।

# आदर्श शासन-व्यवस्था और समाजवाद के प्रणेता थे अग्रसेन

**अग्रसेन जयन्ती पर विशेष**

**महाराजा अग्रसेन का शासन न्याय, समानता, करुणा और सहअस्तित्व पर आधारित था। वे केवल सम्राट नहीं थे, बल्कि एक दार्शनिक चिंतक और युगदृष्टा थे। उन्होंने 'राजा प्रजा का सेवक है' जैसी अवधारणा को व्यवहार में उतारा। उनका व्यक्तित्व हमें महावीर, बुद्ध और अशोक जैसे शांति दूतों की याद दिलाता है। उन्होंने हिंसा का त्याग कर अहिंसा, सहयोग और सामूहिकता को समाज की आत्मा माना। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य के पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया। इससे न केवल आर्थिक सहयोग की व्यवस्था बनी, बल्कि समाज में भाईचारे और साझा जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हुई। यह सोच आज की आधुनिक 'कोऑपरेटिव सोसायटी' और 'कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' की जड़ों में देखी जा सकती है। अग्रसेनजी का जीवन संदेश था-हिंसा से नहीं, शांति और सहयोग से ही स्थायी सुख संभव है। उन्होंने युद्ध और संघर्ष से दूर रहकर समाज में शांति और समन्वय का वातावरण बनाया। इसीलिए उन्हें शांति का दूत कहा गया। उनकी समाज व्यवस्था में ऊँच-नीच और भेदभाव का कोई स्थान नहीं था। अर्थव्यवस्था में ईमानदारी और पारदर्शिता सर्वोपरि थी और नारी को सम्मान एवं अधिकार प्रदान किए गए थे। आज जब समाज भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और स्वार्थ की खाई में उलझा है, तब अग्रसेनजी के सिद्धांत हमें नई राह दिखाते हैं। राजनीति में उनका गणतांत्रिक दृष्टिकोण लोकतंत्र की शुचिता को पुनः स्थापित कर सकता है।**

महाराजा अग्रसेन भारतीय संस्कृति और इतिहास के उन दिव्य शासकों में गिने जाते हैं जिनकी शासन-कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रही। उनका लोकहितकारी चिन्तन कालजयी हो गया। उन्होंने न केवल जनता बल्कि सभ्यता और संस्कृति को भी समृद्ध और शक्तिशाली बनाया। उनकी विलक्षण एवं आदर्श शासक-प्रणाली और उसकी दृष्टि में सत्ता का हित सर्वोपरि न होकर समाज एवं मानवता सर्वोच्च था। वे कर्मयोगी लोकनायक तो थे ही, संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निर्माता भी थे। उन्होंने अपने जीवन और दर्शन से मानवता को नई दिशा प्रदान की। वे केवल अग्रवाल समाज के ही शासक नहीं थे, बल्कि आदर्श समाज व्यवस्था के प्रणेता, गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा के पुजारी और शांति के दूत भी थे। आज जब हमारा समाज असमानताओं, हिंसा, स्वार्थ और राजनीतिक विघटन एवं विसंगतियों से जूझ रहा है, तब उनके विचारों और सिद्धांतों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चौंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से लगभग 5150 वर्ष पूर्व हुआ था। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था, कि यह बालक बहुत तेजस्वी है और बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था का उदय होगा और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर रहेगा। सचमुच उनका युग रामराज्य की एक साकार संरचना था जिसमें उन्होंने अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दर्शाया। वे एक प्रकाश स्तंभ थे, अपने समय के सूर्य थे जिनकी जन्म जयन्ती आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा अर्थात नवरात्री के प्रथम दिन यानी इस वर्ष में 22 सितम्बर, 2025 को मनाई जाएगी। महाराजा अग्रसेन का शासन न्याय, समानता, करुणा और सहअस्तित्व पर आधारित था। वे केवल सम्राट नहीं थे, बल्कि एक दार्शनिक चिंतक और युगदृष्टा थे। उन्होंने 'राजा प्रजा का सेवक है' जैसी अवधारणा को व्यवहार में उतारा। उनका व्यक्तित्व हमें महावीर, बुद्ध और अशोक जैसे शांति दूतों की याद दिलाता है। उन्होंने हिंसा का त्याग कर अहिंसा, सहयोग और सामूहिकता को समाज की आत्मा माना। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य के पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया। इससे न केवल आर्थिक सहयोग की व्यवस्था बनी, बल्कि समाज में भाईचारे और साझा जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हुई। यह सोच आज की आधुनिक 'कोऑपरेटिव सोसायटी' और 'कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' की जड़ों में देखी जा सकती है। अग्रसेनजी का जीवन संदेश था-हिंसा से नहीं, शांति और सहयोग से ही स्थायी सुख संभव है। उन्होंने युद्ध और संघर्ष से दूर रहकर समाज में शांति और समन्वय का वातावरण बनाया। इसीलिए उन्हें शांति का दूत कहा गया। उनकी समाज व्यवस्था में ऊँच-नीच और भेदभाव का कोई स्थान नहीं था। अर्थव्यवस्था में ईमानदारी और पारदर्शिता सर्वोपरि थी और नारी को सम्मान एवं अधिकार प्रदान किए गए थे। आज जब समाज भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और स्वार्थ की खाई में उलझा है, तब अग्रसेनजी के सिद्धांत हमें नई राह दिखाते हैं। राजनीति में उनका गणतांत्रिक दृष्टिकोण लोकतंत्र की शुचिता को पुनः स्थापित कर सकता है। वे केवल ऐतिहासिक चरित्र या इतिहास-पुरुष ही नहीं हैं, बल्कि वे आज भी समाज सुधार, शासन व्यवस्था और मानवीय मूल्यों के प्रेरणास्रोत हैं। महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा जगत की उन्नति मूल रूप से जिन चार स्तंभों पर निर्भर होती हैं, वे हैं- आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक। अग्रसेनजी का जीवन-दर्शन चारों स्तंभों को दृढ़ करके उन्नत विश्व के नवनिर्माण का आधार बना है। लेकिन इसे समय की विडम्बना ही कहा जायेगा कि अगणित विशेषताओं से संपन्न, परम पवित्र, परिपूर्ण, परिशुद्ध, मानव की लोक कल्याणकारी आभा से युक्त महामानव महाराज अग्रसेन की महिमा से अनभिज्ञ अतीत से वर्तमान तक के कालखण्ड ने उन्हें एक समाज विशेष का कुलपुरुष घोषित कर उनके स्वर्णिम इतिहास को हाशिए पर डाल दिया है। अग्रसेनजी सूर्यवंश में जन्मे। महाभारत के युद्ध के समय वे पन्द्रह वर्ष के थे। युद्ध हेतु सभी मित्र राजाओं को दूतों द्वारा निमंत्रण भेजे गए थे। पांडव दूत ने वृहत्सेन की महाराज पांडु से मित्रता को स्मृत कराते हुए राजा वल्लभसेन से अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया था। महाभारत के इस युद्ध में महाराज वल्लभसेन अपने पुत्र अग्रसेन तथा सेना के साथ पांडवों के पक्ष में लड़ते हुए युद्ध के 10वें दिन भीष्म पितामह के बाणों से बिंधकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके पश्चात अग्रसेनजी ने ही शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने बचपन से ही वेद, शास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, राजनीति और अर्थ नीति आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका विवाह नागों के राजा कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ। महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने अपने जीवन में कई बार कुलदेवी लक्ष्मीजी से यह वरदान प्राप्त किया कि जब तक उनके कुल में लक्ष्मीजी की उपासना होती रहेगी, तब तक अग्रकुल धन व वैभव से सम्पन्न रहेगा। उनके 18 पुत्र हुए, जिनसे 18 गोत्र चले। समाज व्यवस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। महाराजा अग्रसेनजी की इसी विचारधारा का ही प्रभाव है कि आज भी अग्रवाल समाज शाकाहारी, अहिंसक एवं धर्मपरायण के रूप में प्रतिष्ठित है। अग्रसेनजी ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं। इसीलिये उन्होंने धर्म को जीवन की सर्वोपरि प्राथमिकता के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इसी से नये युग का निर्माण, नये युग का विकास वे कर सके। उनके युग का हर दिन पुरातन के परिष्कार और नए के सृजन में लगा था। एक बार अग्रोहा में बड़ी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोडी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार, देश की कुल इनकम टैक्स का 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अग्रसेन के वंशजों का हैं। कुल सामाजिक एवं धार्मिक दान में 62 प्रतिशत हिस्सा अग्रवंशियों का है। देश की कुल जनसंख्या का मात्र एक प्रतिशत अग्रवंशज है, लेकिन देश के कुल विकास में उनका 25 प्रतिशत सहयोग रहता है। उस महामानव को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश की बड़ी जन-कल्याणकारी योजनाएं उस महान शासक के नाम पर हो। उनकी जयंती हमें स्मरण कराती है कि यदि हमें एक सुखी, समृद्ध और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना है तो उनके आदर्शों को अपनाना होगा। वे हमें यह संदेश देते हैं कि संपत्ति तभी सार्थक है जब वह समाज के साथ बाँटी जाए, शक्ति तभी महान है जब वह सबके कल्याण में लगे और शासन तभी सफल है जब वह न्याय और करुणा पर आधारित हो। **– ललित गर्ग**

# लेखक समाज की अग्निपरीक्षा का समय

**डॉ प्रियंका सौरभ**

साहित्य अकादमी भारत की सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था मानी जाती रही है। यह केवल एक सरकारी निकाय नहीं बल्कि भाषाओं और साहित्य की विविध परंपराओं का प्रतीक भी है। ऐसे में जब इस संस्था के शीर्ष पदाधिकारी पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगते हैं और अदालत यह स्थापित कर देती है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है, तो यह केवल व्यक्तिगत नैतिक विफलता नहीं बल्कि पूरे साहित्यिक समाज पर धब्बा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि अकादमी का सचिव यौन उत्पीड़न से महिलाओं की रक्षा अधिनियम के तहत नियोक्ता की श्रेणी में आता है और शिकायतकर्ता की बर्खास्तगी प्रतिशोध का परिणाम थी। अदालत ने उन्हें बहाल करने का आदेश दिया और यह भी माना कि अकादमी ने जाँच की निष्पक्ष प्रक्रिया को बाधित किया। यह टिप्पणी किसी साधारण प्रशासनिक गड़बड़ी की ओर इशारा नहीं करती बल्कि यह दर्शाती है कि संस्था के भीतर शक्ति का उपयोग न्याय की रक्षा के बजाय दमन के लिए किया गया। पीड़िता के आरोप मामूली नहीं थे। अनचाहे स्पर्श, अश्लील टिप्पणियाँ और लगातार यौन दबाव जैसे अनुभव उन्होंने साझा किए। यह कोई एक बार की घटना नहीं बल्कि एक सिलसिला था। संस्थान के भीतर कई लोग इस वातावरण से परिचित थे फिर भी चुप्पी साधे रहे। यही चुप्पी उत्पीड़क को और निर्भीक बनाती है और पीड़िता को और अकेला कर देती है। साहित्य की असली शक्ति उसकी नैतिकता में है। अगर साहित्यकार समाज के अन्याय पर कलम चलाते हैं लेकिन अपने ही घर के अन्याय पर चुप रहते हैं तो साहित्य की विश्वसनीयता खो जाती है। जब तक आरोपी सचिव अपने पद पर बना रहता है तब तक अकादमी के किसी भी आयोजन में भागीदारी स्वयं कलंक का हिस्सा बनने जैसा होगा। पुरस्कार लेना, कविताएँ पढ़ना या गोष्ठियों में शिरकत करना मानो यह स्वीकार करना होगा कि हम उत्पीड़न को नजरअंदाज कर सकते हैं। इस समय आवश्यकता है शून्य सहनशीलता की। यौन उत्पीड़न और जातिगत उत्पीड़न जैसे अपराधों पर कोई समझौता नहीं हो सकता। जब संस्था का शीर्ष अधिकारी ही आरोपी हो और फिर भी पद पर बना रहे, तो यह संदेश जाता है कि संस्थान अपराध को ढकने के लिए तत्पर है। इससे न केवल पीड़िता हतोत्साहित होती है बल्कि अन्य महिलाएँ भी शिकायत दर्ज कराने से डरने लगती हैं। यह वातावरण पूरे साहित्यिक समाज के लिए घातक है। चिंताजनक यह भी है कि कुछ प्रकाशक ऐसे व्यक्तियों को अब भी मंच दे रहे हैं। उन्हें बड़े लेखक की तरह प्रस्तुत किया जा रहा है, उत्सवों और मेलों में सम्मानित किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति केवल बिक्री-लाभ का मामला नहीं है, बल्कि यह उत्पीड़न की संस्कृति को सामाजिक मान्यता देने जैसा है। ऐसे में लेखकों और पाठकों की ज़िम्मेदारी है कि वे ऐसे प्रकाशकों से सवाल पूछें। साहित्यिक गरिमा केवल शब्दों में नहीं बल्कि आचरण में भी झलकनी चाहिए। यह समय लेखक समाज की अग्निपरीक्षा का है। क्या हम चुप रहेंगे और संस्था की रक्षा के नाम पर अन्याय को ढकेंगे, या न्याय और सम्मान के लिए खड़े होंगे। अकादमी की प्रतिष्ठा उसकी इमारतों और पुरस्कारों से तय नहीं होती, वह उसकी पारदर्शिता और नैतिक आचरण से तय होती है। अगर यह खो जाएगी तो सारे पुरस्कार और समारोह खोखले अनुष्ठान भर रह जाएँगे। लेखकों को अब साफ़ रुख अपनाना होगा। जब तक आरोपी पद पर है, तब तक अकादमी के किसी भी कार्यक्रम में भागीदारी नहीं होनी चाहिए। यह बहिष्कार केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं बल्कि समाज को स्पष्ट संदेश देगा कि साहित्य अन्याय के साथ समझौता नहीं कर सकता। आगे का रास्ता भी हमें मिलकर तय करना होगा। संस्थागत सुधार ज़रूरी है, शिकायत समितियों को स्वतंत्र बनाया जाए और उनकी कार्यवाही सार्वजनिक की जाए। लेखकों और पाठकों को चाहिए कि वे नैतिक बहिष्कार को आंदोलन की तरह चलाएँ। प्रकाशकों से जवाबदेही माँगी जाए और पूरे सांस्कृतिक परिदृश्य को संवेदनशील बनाया जाए। यह केवल अकादमी का नहीं बल्कि पूरे समाज का सवाल है। यह संकट हमें याद दिलाता है कि पद और सत्ता किसी को भी कानून और नैतिकता से ऊपर नहीं बना सकते। अगर आरोपी अपने पद पर बना रहता है तो यह केवल पीड़िता का नहीं बल्कि पूरे साहित्यिक समाज का अपमान है। लेखकों, कवियों, आलोचकों और पाठकों को अब मिलकर कहना होगा कि हम अन्याय के साथ खड़े नहीं हो सकते।

## सेहत मंत्र

# मेटाबॉलिक, इम्यून और नर्वस सिस्टम के लिए जरूरी है विटामिनयुक्त आहार

विटामिन्स हमारे शरीर के लिए जरूरी हैं। विटामिन्स हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और बीमारियों से लड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा ये विटामिन्स हमारे मेटाबॉलिज्म, इम्यून सिस्टम और नर्वस सिस्टम के लिए बहुत जरूरी होते हैं। इनके बिना शरीर के अंगों को काम करने के लिए उचित पोषण नहीं मिल पाता है। इसलिए हमें अपने आहार में विटामिन को जरूर शामिल करना चाहिए। आइए आपको बताते हैं कितने जरूरी हैं विटामिनयुक्त आहार हमारे लिए। विटामिन बी ऊर्ज़ा के स्तर को बढ़ाता है, मूड को नियंत्रित करता है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। इसके अलावा विटामिन हमारे वजन को भी नियंत्रित रखता है, इम्यून और नर्वस सिस्टम सुचारु रखता है, हड्डियां को मजबूत और मांसपेशियां स्वस्थ होती हैं। विटमिन बी की कमी कुपोषण और डायबिटीज के लिए भी जिम्मेदार होती है। इसकी कमी से भावनात्मक असंतुलन, डायरिया, डिप्रेशन, डिमेंशिया, हाइपरटेंशन, एनीमिया और पीरियड्स की गड़बड़ी जैसे कई रोग हो सकते हैं। विटामिन बी फिश, सी-फूड, दुग्ध उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, मटर, बींस, अंडे और चिकन आदि से मिल सकता है। विटामिन बी 6 शरीर की प्रतिरक्षा-तंत्र को मजबूत कर विभिन्न संक्रमणों और बीमारियों से हमारी रक्षा करता है। इसके अलावा ये हमारे नर्वस सिस्टम के लिए भी बहुत जरूरी विटामिन है। इसके अलावा यह लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण के लिए भी जरूरी है। विशेषज्ञ कहते हैं कि जितना ज्यादा प्रोटिन का सेवन किया जाता है, विटामिन बी6 की जरूरत भी उतनी ही पड़ती है। इसकी कमी से मुंह और जीभ संबंधी समस्याएं, अवसाद व शरीर का कोई भी भाग सुन्न होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह विटामिन मांस, मछली, अंडे, आलू व शकरकंद तथा सभी प्रकार के साबुत अनाजों में भी मिलता है।

## धर्म मंत्र

# उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हैं बजरंगबली हनुमान

इस संसार में सबसे बड़े भक्त है भगवान हनुमानजी, वे ऐसे भक्त हैं जो अपने भक्तों को ईश्वर से मिलाते हैं। उनको हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली, जागृत एवं सजीव देवता माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। हनुमानजी के पराक्रम की असंख्य गाथाएँ प्रचलित हैं। इन्होंने जिस तरह से राम के साथ सुग्रीव की मैत्री कराई और फिर वानरों की मदद से असुरों का मर्दन किया, वह अत्यन्त प्रसिद्ध है। उनको बजरंगबली, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। उन्हें मारुतिनंदन इसलिये कहा जाता है वे हवा के बेटे हैं। मारुत का अर्थ हवा है। नन्दन का अर्थ बेटा है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

## पर्यटन



# गोल्डेन ईगल से लेकर हिम तेंदुएं और भालू को देखने के लिए दाचीगाम नेशनल पार्क की करें सैर

दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1981 में हुई थी और यह जम्मू और कश्मीर के उच्च शीतोष्ण कटिबंध में स्थित है जो श्रीनगर से मात्र 22 किलोमीटर की दूरी पर है। दाचीगाम का मतलब हैऽ दस गांव। समुद्र तल से पार्क की औसत ऊंचाई 2990 मीटर है। जो 141 स्क्वेयर किलोमीटर में फैला हुआ है और दो भागों में बंटा हुआ है। ऊपरी और निचला दाचीगाम। एक तिहाई हिस्से में फैले निचले दाचीगाम में आसानी से टूरिस्ट घूमने-फिरने का आनंद ले सकते हैं लेकिन ऊपरी दाचीगाम का सफर इतना आसान नहीं क्योंकि यहां तक पहुंचने के लिए आपको थोड़ा ट्रैक करना पड़ता है। पुराने समय में कश्मीर के राजा-महाराजा यहां शिकार के लिए आते थे। दाचीगाम नेशनल पार्क की खासियत- पार्क में पाए जाने वाले मुख्य पेड़ हैं- हिमालयी नम शीतोष्ण सदाबहार, नम पर्णपाती और झाड़ियां, देवदार, चीड़ एवं शाहबलूत (ओक)। इस पार्क के खास वन्यजीव प्रजातियां हैं- तेंदुआ, हिम तेंदुआ, काला भालू, भूरा भालू, जंगली बिल्ली, हिमालयी मार्मोट, कस्तूरी मृग, सीरो और लाल लोमड़ी (रेड फाक्स)। पक्षियों में तीतर के कोकलास और मोनल, बुलबुल, मिनिवेट, बीयर्ड वल्चर, कठफोड़वा, ब्लैक बुलबुल, फ्लाई कैचर और गोल्डेन ईगल खास हैं। दाचीगाम की स्थापना श्रीनगर शहर को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। यह पार्क हंगुल और कश्मीरी हिरण के रहने के अनुकूल है। वसंत और शरद ऋतु में नीचले इलाकों में हिमालयी काले भालू को आसानी से देखा जा सकता है। गर्मी के मौसम में उपरी इलाकों में लंबी पूंछ वाले मार्मोट देखने को मिलते हैं जबकि चूहे जैसे दिखने वाले खरहे को पूरे साल देखा जा सकता है। यह नेशनल पार्क मशहूर डल झील के जलग्रहण क्षेत्र का लगभग आधे क्षेत्र पर अपना अधिकार रखता है और आज भी श्रीनगर के निवासियों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पार्क में आप जीप और एलीफेंट सफारी का मजा भी ले सकते हैं।

# सड़क पर खाकी में उतरी बेटियों ने दिया सम्मान और स्वावलंबन का संदेश

**भव्य बाइक रैली में नारी शक्ति ने समाज में डाली बदलाव की बयार**

**डीएम और एसपी हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता







बाराबंकी । बाराबंकी की सड़कों पर आज बेटियों ने अपने हौसले और आत्मविश्वास की मिसाल पेश की। उत्तर प्रदेश पुलिस के महत्वाकांक्षी अभियान ल्लमिशन शक्ति फ़ेज-5ङ्क के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित यह दिन ऐतिहासिक बन गया। पुलिस लाइन से निकली भव्य बाइक रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने हरी झंडी दिखाकर किया। महिला पुलिस कर्मियों और अधिकारियों द्वारा निकाली गई रैली कम्पनी बाग, बस अड्डा, पटेल तिराहा, नाका होकर पल्हरी तक पहुँची और पुनः पुलिस लाइन में आकर सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा, ल्लयह रैली केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज में नारी सम्मान और महिला स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश है। जब महिलाएँ निडर और सशक्त होंगी, तभी हमारा समाज सुरक्षित और प्रगतिशील बनेगा।ङ्क रैली के दौरान बेटियों के जोश और आत्मविश्वास ने यह संदेश दिया कि सशक्त महिलाएँ ही समाज की असली ताकत हैं। इस अवसर पर महिला थाना परिसर में ल्लमिशन शक्ति केन्द्रङ्क का भी शुभारम्भ किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इसे महिलाओं के लिए एक भरोसेमंद स्थल बताया, जहाँ वे निःसंकोच अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगी। प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता और तत्परता से सुनकर समाधान सुनिश्चित करेंगी। इसके साथ ही कानून संबंधी जानकारी, परामर्श और आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध होगा। पुलिस अधीक्षक ने जनमानस से अपील की कि किसी भी घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 डायल या नजदीकी थाना-चौकी को दें। उन्होंने कहा, ल्लमहिलाओं का सम्मान ही समाज का सम्मान है। हमें सभी को सुरक्षित और निर्भीक वातावरण देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।ङ्क इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक पाठक, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुश्री गरिमा पन्त, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। आज बाराबंकी की गलियाँ जोश, हिम्मत और प्रेरणा से गूँज उठीं। यह दिन स्पष्ट संदेश देता है कि जब बेटियाँ आगे बढ़ें, तभी समाज की नींव मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होगी। नारी सम्मान और स्वावलंबन से ही असली सशक्तिकरण संभव है।

# संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा सकुशल संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र में 17 परीक्षा केंद्रों पर उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 प्लस वयवर्ग के असाक्षरों की प्रथम मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा रविवार को सकुशल संपन्न हुई। विकासखंड परीक्षा में दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 211 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उप निदेशक साक्षरता शंभू भान सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी निंदूरा सुषमा सेंगर व शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत मोहसंड और ग्राम पंचायत बजगहनी में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। मोहसंड केंद्र में 35 और बजगहनी में 25 प्रतिभागियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। संयुक्त टीम ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था और संचालन की सराहना की। परीक्षा के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंदु श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव, मांडवी राय, बरखा आर्य, ज्ञान प्रकाश, शालिनी सक्सेना, संदीप कुमार वर्मा, हिमेश कुमार ठाकुर, सुयश बैसवार, अंजनी कुमार, सजदा तबस्सुम, उजमा खातून, गौरव त्रिवेदी, शिवम् कुमार, अजय कुमार सिंह, अंजू शर्मा, राम जीवन सहित अन्य शिक्षक और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।संयुक्त टीम ने विकासखंड देवा के टांडा, टाई कला और खेवली केंद्रों का भी निरीक्षण दौरान व्यवस्थापन पर संतोष जताया।

# नर्क में तब्दील है नगर पंचायत रामसनेहीघाट, सफाई व्यवस्था बनी सब्जियों के लिए मच्छरों का रेसोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। रामसनेहीघाट नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था अब पूरी तरह एक हंसते-हंसते नर्क का दृश्य पेश कर रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में कूड़े के ढेर ऐसे फैले हैं मानो किसी ने नगर को 'कचरा संग्रहालय' बना दिया हो। कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था इतनी लचर है कि मच्छर यहाँ अब नियमित निवासियों की तरह अपना घर-बसा रहे हैं। परिणामस्वरूप मलेरिया और डेंगू के मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।हाईवे किनारे दरियाबाद ओवरब्रिज की सर्विस रोड को तो नगर पंचायत ने विशेष 'कूड़ा डंपिंग ग्राउंड' घोषित कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब यह रोड इतनी दुर्गंध फैलाती है कि कोई भी राहगीर सोचने लगता है ऽ क्या यहाँ चलना ज़रूरी है या साइड बदल कर चलना ही जीवन की सुरक्षा है।नगर पंचायत में कुल 14 वार्ड हैं, जहाँ लगभग 25 हजार की आबादी निवास करती है। इन वार्डों में सफाई की जिम्मेदारी कुल 53 कर्मचारियों को सौंपी गई है। लेकिन वास्तविकता यह है कि कई वार्डों में सफाई कर्मचारियों का काम केवल 'नाम के लिए' रह गया है। लोग कह रहे हैं कि अब नगर की सड़कों की पटरी कूड़ा डंपिंग ग्राउंड बन चुकी है और रोजमर्रा का जीवन दुर्गंध की चादर में घिर गया है।स्थानीय लोग शिकायत कर रहे हैं कि ल्लसड़कों पर चलना ऐसा हो गया है जैसे आप किसी विशेष गंध प्रतियोगिता में भाग ले रहे हों। रास्ते पर चलते हुए मच्छर अपने आप आपसे 'नमस्ते' कह रहे हैं।ङ्क नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत का क्षेत्रफल लगभग 14 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जिसमें 23 गांव शामिल हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि आम जनता सोच रही है कि क्या 'जांच' की प्रक्रिया में कूड़े के ढेर खुद ब खुद गायब हो जाएंगे, या मच्छरों की नई पीढ़ी तैयार हो जाएगी। रामसनेहीघाट की सड़कें अब न सिर्फ गंदगी बल्कि व्यंग्य का भी प्रतिमान बन चुकी हैं। नगरवासियों का कहना है ऽ ल्लयदि सफाई का इंतजार करना है तो शायद हमें कूड़े के ढेरों के बीच ही रहने की आदत डालनी पड़ेगी।

## सेवा पखवाड़ा अभियान में हुआ प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन

बिजनौर । रविवार को कृष्णा कॉलेज बिजनौर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ''प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन'' हुआ ।, इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी (एमएलसी) तथा ज़िला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी उपस्थित रहे। सम्मेलन में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित एक अत्यंत प्रेरक फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया। यह फ़िल्म विश्व प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघर्ष, अदम्य साहस, कठोर परिश्रम भरे जीवन से प्रेरणा देती है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, अनूप वाल्मीकि , क्षेत्रीय सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता डॉ बीरबल सिंह , भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री विनय राना, धामपुर गन्ना समिति अध्यक्ष रामवीर सिंह , भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री शोभित त्यागी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित चौधरी कार्यक्रम संयोजक पवन कुमार आदि मौजूद रहे ।

# विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी कार्यकर्ताओं ने दिखाई एकजुटता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारियों की बैठक रविवार को क्षेत्र के बारा गाँव स्थित बजरंग धर्म कांटा पर पूर्व विधायक राममगन रावत अध्यक्षता में संपन्न हुई है। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव, महासचिव पूर्व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट धर्मेंद्र यादव व सपा नेता पप्पू सिद्दीकी समेत तमाम सपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में पूर्व विधायक राम मगन रावत ने विधानसभा के सभी सेक्टर प्रभारियों व पदाधिकारियों से पूर्व विधायक ने आह्वान करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से ही पूरी मेहनत के साथ अपने मिशन में जुट जाए। सभी पदाधिकारी गांव-गांव स्तर पर संगठन का विस्तार करें, और ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को पार्टी की प्राथमिकताओं के बारे में बताएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पार्टी से जुड़ सकें। सपा नेता पप्पू सिद्दीकी ने कहा 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बनने जा रही है, क्योंकि प्रदेश की जनता इस बार बदलाव चाहती है सत्ताशीन सरकार की गलत नीतियों से जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है। सपा विधानसभा महासचिव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र वर्मा ने कहा कि सरकार के कागजी दावे हवाई हैं कमर तोड़ महंगाई से जनता का जीना मुहाल हैं किसान गरीब इस सरकार की गलत नीतियों के चलते परेशान है इस बार 2027 के विधानसभा चुनाव में बड़ा उलटफ़ेर होगा भारी बहुमत के साथ प्रदेश में हम सभी के नेता अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेंगी। विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है बिना कार्यकर्ताओं के कोई भी पार्टी अपना मुकाम नहीं हासिल कर सकती है इस बार विधानसभा चुनाव में सपा की जीत सुनिश्चित कराने के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से ही अपने मिशन में लग जाए। इस मौंके पर वरिष्ठ नेता प्रधान रमेश चौधरी व सपा नेता पूर्व प्रधान जतिन चौधरी ने भी कार्यक्रम में अपने-अपने विचार रखें। इस मौके पर मुख्य रूप से रामरूप रावत, महेश चंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य रामदीन, प्रधान महेश वर्मा, डॉ दिनेश वर्मा, शिवलाल यादव, राम फ़ेर, दिलीप कुमार ,प्रदीप कुमार, सत्यम सिंह ,एजाज खान, शंकर नाथ, रघुराज यादव ,लाल बहादुर ,राम तीरथ रावत, वासुदेव यादव, गंगाराम रावत, अमर सिंह वर्मा, भीम सिंह, राजू सिंह ,पवन मौर्य, अयूब खान सभासद, राजेश कुमार रावत, मौजी राम यादव, सुभाष चंद्र यादव, राकेश यादव, रामविलास रावत विश्राम पासी, रामरूप रावत ,रामकिशोर रावत, बाबूलाल यादव, अमर बहादुर रावत, रमेश यादव, रामधन रावत सहित सभी सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे।

## परिषद की बैठक में हिंदुओं को आगाह कर गए मौर्य

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रखंड निंदूरा की न्याय पंचायत बड़ागांव के ग्राम आलमपुर में आयोजित विश्व हिन्दू परिषद की बैठक के वक्ता जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य ने हिन्दू धर्म का मूल सिद्धांत ल्लसर्वे भवन्तु सुखिनःङ्क का मर्म समझाया। आगे कहा कि वर्तमान में देश में मुस्लिम समुदाय की कुछ गतिविधियों के चलते हिन्दू समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने दावा किया कि कट्टरपंथी देशों जैसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए लोग अपने मिशनों के तहत हिन्दू बहनों और बेटियों को टारगेट कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सब्जीऽफल बेचने वालों द्वारा कथित रूप से 'थूक जिहाद' और पूजा सामग्री में हस्तक्षेप जैसी गतिविधियों का उल्लेख किया।

इस दौरान सैकड़ों लोगों ने नई सदस्यता ग्रहण की और संगठन विस्तार में सहयोग देने की बात कही। बैठक में निंदूरा अध्यक्ष अमित गुप्ता, संयोजक मुकेश सिंह, धर्मयात्रा प्रमुख रमाकांत वाजपेयी, शिवशंकर सिंह, पूर्व जिला सहसंयोजक उमेश यादव, शिवम वर्मा, अंकित शुक्ला, अलोक कुमार, आकाश कुमार, सौरभ वर्मा, आशीष यादव, अनुज गुप्ता सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## कॉलेज गई छात्रा लापता

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र निवासी एवं बीएससी की छात्रा रहस्य मय परिस्थितियों में लापता हुई।पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री कुर्सी कस्बा स्थित एक निजी कालेज में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। शनिवार की सुबह घर से कालेज के लिए बताकर निकली थी।लेकिन शाम तक वापस घर नहीं लौटी। घुंघटेर थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

## नवरात्रि आज से भव्य तैयारी

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्रि को लेकर भक्तजनों में उत्साह का माहौल है। बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ दुर्गा मंदिर व पंडाल स्थलों को भव्यता पूर्वक सजाकर उन्हें सुन्दरता का भव्य रुप दिया गया है। कस्बा सिद्धौर सेमरावां,कोठी,समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भव्यता पूर्वक सजाए गए माता जी के पवित्र पावन स्थल का मनभावन नजारा देखते ही बन रहा।

## शारदीय नवरात्रि, रामनगर क्षेत्र में होंगे भव्य आयोजन, तैयारी पूर्ण

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के कस्बों और ग्रामों में शारदीय नवरात्रि की भव्य तैयारी पूरी हो चुकी हैं।क्षेत्र में लगभग 90 स्थानों पर माता की मूर्ति स्थापना, रामलीला रात्रि जागरण कवि सम्मेलन आदि विविध व भव्य आयोजनों की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।सुरवारी ग्राम में दुर्गा माता मंदिर समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य नवरात्रि महोत्सव 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा इस बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।30 सितंबर को श्रीराम ग्रुप लखनऊ द्वारा फूलों की होली व झांकियों सहित भव्य जागरण होगा।दो अक्टूबर को कन्या भोज व विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## कार्यकर्ताओं को समझाई एमएलसी चुनाव की रणनीति, जीत के लिए भरा जोश

मीरजापुर। रविवार को भारतीय जनता पार्टी की तैयारी बैठक बरौधा कचार स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने की। आगामी स्नातक विधान परिषद चुनावऽ2026 को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को रणनीति से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रोहनिया एवं क्षेत्रीय संयोजक काशी क्षेत्र सुरेन्द्र नारायण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने चुनाव जीतने का लक्ष्य रखते हुए तन, मन और धन से लगकर स्नातक मतदाता बनाने की अपील की। साथ ही संगठन की योजनाओं और आगामी रणनीतियों पर भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय सह संयोजक अजीत चौबे (पूर्व जिलाध्यक्ष सोनभद्र), नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्या सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री एवं संयोजक स्नातक चुनाव हरिशंकर सिंह पटेल ने किया। सह संयोजक पंकज सिंह चन्देल, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय, संजय यादव, शिव शरण राय, शिव कुमार राय सहित मंडल अध्यक्ष, मतदान केंद्र संयोजक एवं सह संयोजक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आगामी चुनाव के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुट जाएं।

# हैदरगढ़ में रामलीला का भव्य मंचन, श्रीरामजन्म की लीला ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। बाराबंकी के हैदरगढ़ में बहु-प्रसिद्ध रामलीला का आयोजन इस वर्ष भी भव्य और उल्लासपूर्ण रूप में हुआ। रामलीला के दूसरे दिन मनु सतरूपा और पृथ्वी शोक के साथ ही श्रीरामजन्म की अद्भुत लीला का मंचन किया गया। जैसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, पूरे कोठी मैदान में जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय वातावरण बन गया और हर दर्शक भावविभोर हो उठा। हैदरगढ़ कोठी मैदान में चित्रकूट धाम से आई रामलीला मंडली ने मनु सतरूपा और पृथ्वी शोक के साथ ही श्रीरामजन्म की लीलाओं का ऐसा भव्य मंचन किया कि दर्शक उसकी भव्यता और सुंदरता देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। मंच सज्जा, रंगीन पोशाकों में सजी कलाकारों की झांकी, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि और गीत-संगीत का संयोजन दर्शकों के हृदय को छू गया। कलाकारों ने अपनी अभिनय कला का ऐसा प्रदर्शन किया कि हर दर्शक लीला के प्रत्येक दृश्य में पूरी तरह डूब गया। रामलीला में राजा दशरथ के घर चारों पुत्रों – श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न – के जन्म का दृश्य अत्यंत जीवंत और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। माता कौशल्या के हाथों भगवान राम का श्रृंगार और दीपों की रोशनी ने दृश्य को और भी दिव्य बना दिया। जैसे ही भगवान राम का जन्म हुआ, पूरे मैदान में जय श्रीराम के उद्घोष गूंज उठे। दर्शकों ने बधाइयां दी और अपनी श्रद्धा का भाव प्रकट किया। रामलीला के दौरान मंच पर बीच-बीच में श्रीरामचरितमानस के उद्धरण और भजन प्रस्तुत किए गए। इन भजनों और पाठों ने दर्शकों के हृदय में भक्ति और श्रद्धा की गहराई बढ़ा दी। मनु सतरूपा और पृथ्वी शोक के दृश्य में कलाकारों ने अपनी भूमिका में ऐसा भावपूर्ण अभिनय किया कि दर्शक हर कहानी और संदेश को अपने मन में अनुभव करने लगे। वनवास, राजसभा और युद्धभूमि के दृश्य इतने सजीव प्रस्तुत किए गए कि दर्शकों को प्रतीत हुआ कि वे स्वयं उस समय और स्थान का हिस्सा हैं। कलाकारों के भाव, उनके संवाद और भव्य मंच सज्जा ने रामलीला को दर्शकों के लिए अविस्मरणीय बना दिया।इस भव्य आयोजन में प्रमुख रूप से प्रबंधक पुरुषोत्तम नारायण अग्रवाल, बाबा रामकिशोर मिश्र, व्यवस्थापक राजेश अग्रवाल, सूर्य नारायण अग्रवाल, कमेटी के सदस्य , रमेश अग्रवाल, रामानुज मिश्रा, गंगा शंकर पांडे, माधव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, श्यामू अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, अजय कुमार, अनंत कुमार मिश्रा, राम, गणेश कुमार, देवानंद पांडे, लाल जी मिश्रा, विवेकानंद शास्त्री, राम तीरथ दीक्षित, सूरज साहू, कल्लू तिवारी, छोटू चौरसिया, महेश अग्रवाल, रामानंद शुक्ला, दुर्गेश कुमार, गोविंद अग्रवाल, आशुतोष झुनझुनवाला, हैप्पी अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। रामलीला के अवसर पर हैदरगढ़ कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल और कस्बा इंचार्ज कपिल यादव पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद नजर आए। पुलिस की सतर्कता ने दर्शकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया और सभी ने आयोजन का आनंद बिना किसी बाधा के लिया। हैदरगढ़ की इस रामलीला ने न केवल दर्शकों को धार्मिक आनंद से सराबोर किया, बल्कि भव्य मंचन, रंगीन पोशाकों, संगीत और कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने समस्त भक्तों के हृदय में गहरी छाप छोड़ी। मंच पर प्रस्तुत हर लीला ने रामचरितमानस के संदेश को जीवंत कर दिया, जिससे हर दर्शक भावविभोर होकर रामकथा का अनुभव करने में मग्न रहा। रामलीला के माध्यम से यह भी संदेश दिया गया कि यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि नैतिकता, भक्ति, संस्कार और सामाजिक सदाचार का प्रतीक भी है। दर्शक उत्साह और श्रद्धा के साथ रामकथा का हिस्सा बनते हुए पूरे कार्यक्रम का आनंद लेने में पूरी तरह डूबे रहे। हैदरगढ़ की यह भव्य रामलीला साल-दर-साल अपने मनोरंजन, भक्ति और सांस्कृतिक संदेश के लिए प्रसिद्ध रही है। इस वर्ष भी इसकी भव्यता, उत्कृष्ट मंचन और कलाकारों की निपुणता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और रामकथा की महिमा को हर दर्शक के हृदय में अमिट बना दिया।

# ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन ने स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर दी फिलिस्तीन को मान्यता

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और और ब्रिटेन ने फ़िलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर रविवार को मान्यता प्रदान कर दी।

गौरतलब है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी फिलिस्तान को एक राष्ट्र के तौर पर मान्यता देने की घोषणा कर चुके हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जोसेफ कार्नी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''1947 से कनाडा दो-राज्य वाले समाधान का समर्थन करता रहा है और चाहता है कि फ़िलिस्तीन और इज़रायल शांति और सुरक्षा के साथ-साथ रहें। कनाडा आज फ़िलिस्तीन राज्य को मान्यता देता है और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित करने में अपनी भागीदारी की पेशकश करता है। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक्स पर लिखा, ''आज, फिलिस्तीनियों और इजरायलियों के लिए शांति की आशा को पुनर्जीवित करने तथा दो राज्य वाले समाधान के लिए ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन राज्य को मान्यता दे दी है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा करते हुए अपने बयान में कहा है कि ऑस्ट्रेलिया रविवार को फिलिस्तान को एक स्वतंत्र और संप्रभु राज्य के तौर पर मान्यता प्रदान करता है। ऑस्ट्रेलिया ने फिलिस्तीन के लोगों के स्वयं राज करने की वैध आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसा किया है। ऑस्ट्रेलिया आज ब्रिटेन और कनाडा के अलावा फिलिस्तीन को मान्यता देता है। यह गाजा में युद्ध विराम और सात अक्टूबर 2023 को अगवा किये गये बंधकों की रिहायी को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की दो राज्य वाले समाधान की कोशिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज का यह कदम ऑस्ट्रेलिया के दो राज्य वाले समाधान के लंबे समय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो इजरायल और फिलिस्तीन के बीच शांति स्थापित करने तथा इस क्षेत्र में सुरक्षा का एक मात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने फिलिस्तानी अधिकारियों की जरूरतों को स्पष्ट रूप से तय किया है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने इज़रायल के अधिकारों को मान्यता देने की अपनी बात दोहरायी है और देश में वित्तीय, शासकीय और शैक्षणिक सुधार लागू करने का ऑस्ट्रेलिया को वचन दिया है।

आतंकवादी संगठन हमास की फिलिस्तीन में कोई भूमिका नहीं होगी।

उल्लेखनीय है कि भारत सहित संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल 193 देशों में से 145 से ज्यादा देश अब तक एक राष्ट्र के तौर पर फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके हैं।

# नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार कल से लागू, मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम: कैट

एजेंसी

नयी दिल्ली। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा है कि उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कल से पूरे देश में लागू होने जा रहे हैं।

ये सुधार स्वतंत्र भारत के सबसे क्रांतिकारी कर सुधारों में से एक हैं, जिनका उद्देश्य छोटे व्यापारियों को सशक्त करना, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना और देश की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर की दिशा में अग्रसर करना है। इन सुधारों से जहाँ देश के व्यापारी वर्ग को लाभ होगा, वहीं उपभोक्ताओं की बड़ी बचत भी होगी। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इन सुधारों के तहत करीब 400 वस्तुओं को 12 एवं 18 प्रतिशत के कर स्लैब से हटाकर पांच प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है वहीं 28 प्रतिशत के कर स्लैब को खत्म कर अधिकांश वस्तुओं को 18 प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस साहसिक निर्णय से 15 से 20 प्रतिशत तक कीमतों में कमी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा तथा निश्चित तौर पर वस्तुओं का उपभोग भी बढ़ेगा जिससे व्यापार में भी बड़ी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कैट ने देशभर के सभी व्यापारी संगठनों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि कीमतों में हुई इस कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक अक्षरशः और भावनापूर्वक पहुँचे। श्री खंडेलवाल ने कहा कि इन सुधारों की प्रमुख विशेषताओं में ''वन नेशन वन टैक्स वन सिम्प्लिसिटी'': रिटर्न दाखिल करना और अनुपालन अब और आसान, तेज़ और परेशानी-मुक्त होगा, वहीं व्यापारी और उपभोक्ता दोनों को टैक्स स्लैब में तार्किक बदलाव से व्यापारियों और नागरिकों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा।इससे डिजिटल भारत, पारदर्शी भारत की अवधारणा को बल मिलेगा क्योंकि तकनीक-आधारित प्रणाली भ्रष्टाचार कम करेगी, पारदर्शिता बढ़ाएगी और विश्वास कायम करेगी। वहीं लघु उद्योग,एमएसएमई, स्टार्टअप्स और छोटे दुकानदार के सबसे बड़े लाभार्थी होने के कारण प्रधानमंत्री मोदी का आत्मनिर्भर भारत का विज़न अधिक मजबूत होगा।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि ''प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वे नए भारत की आर्थिक क्रांति के शिल्पकार हैं। 400 वस्तुओं को निम्न कर स्लैब में लाने जैसे ऐतिहासिक निर्णय सहित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार, भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण ''उपलब्धि साबित होंगे। देशभर के व्यापारी इन सुधारों का स्वागत आर्थिक स्वतंत्रता के पर्व के रूप में कर रहे हैं। ये सुधार केवल प्रशासनिक परिवर्तन नहीं हैं, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक उपहार हैं, जो व्यापार को आसान बनाएंगे, कीमतें घटाएंगे, अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के और निकट ले जाएंगे।

# आठ साल तक जीएसटी से वसूली करने वाली मोदी सरकार जनता से मांगे माफी : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक सेवा बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जीएसटी से आठ साल तक लूट मचाने के बाद अब सुधार लागू किये जा रहे हैं और इसके लिए मोदी सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए। श्री खरगे ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद कहा ''नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग नौ स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और आठ साल में 55 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा कर वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ रुपये के ''बचत उत्सव'' की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड ऐड लगाने की बात कर रहे हैं ! श्री खरगे ने आठ साल तक जीएसटी से वसूली के बाद नये सुधारों के सरकार के कदम को 'नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली' बताया और कहा ''जनता कभी नहीं भूलेगी कि आपने उनके दाल-चावल- अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज, किसानों के ट्रैक्टर – सबसे जीएसटी वसूला था। आपकी सरकार को तो जनता से माफ़ी माँगनी चाहिये। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए जीएसटी काउंसिल, जो एक संवैधानिक निकाय है, द्वारा किए गए संशोधनों का पूरा श्रेय खुद को देने की कोशिश की है। उन्होने कहा ''हमने जुलाई 2017 से ही जीएसटी 2.0 की माँग की थी। यह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हमारे न्याय पत्र में एक प्रमुख वादा भी था। कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान जीएसटी सुधार अपर्याप्त प्रतीत होते है इसलिए वह चाहते हैं कि इसमें एमएसएमई की व्यापक चिंताओं का सार्थक समाधान किया जाना।

# देशभर में लाखों युवाओं ने नशा मुक्त और स्वदेशी भारत की शपथ ली

एजेंसी

नयी दिल्ली। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मना रहा है जिसका समापन गांधी जयंती पर होगा। इस वर्ष जुलाई माह में वाराणसी में आयोजित युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन की प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए, वर्तमान सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 21 सितंबर 2025 को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' के लिए युवाओं के लिए शिखर सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।

2000 से अधिक स्थानों पर युवा सम्मेलन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें हजारों युवा सामूहिक रूप से नशा मुक्त और स्वदेशी भारत शपथ ले रहे हैं। यह अभियान अपने आप में इसलिए विशेष है कि युवा कार्यक्रम मंत्रालय और ''माई भारत'' इसमें सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। आध्यात्मिक संगठन अपने नेटवर्क, संस्थानों और स्वयंसेवकों के माध्यम से स्वतंत्र रूप से आयोजित कर रहे हैं। ये कार्यक्रम देश के आध्यात्मिक नेतृत्व और युवाओं के बीच ऐतिहासिक सहयोग के प्रतीक हैं। यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को और पुष्ट करता है। इस अभियान का नेतृत्व देश के सबसे प्रतिष्ठित आध्यात्मिक संगठन कर रहे हैं जो इस साझा राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एक साथ आए हैं। 1700 से अधिक स्थानों पर 20 प्रमुख संगठन और 270 से अधिक स्थानों पर 42 अन्य संगठन सक्रिय रूप से कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। प्रमुख संगठनों में: ईशा फाउंडेशन, इस्कॉन, हार्टफुलनेस, चिन्मय मिशन, ब्रह्मकुमारी, माता अमृतानंदमयी मठ, पतंजलि, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, चिश्ती फाउंडेशन, नामधारी सिख संगत, सूफी इस्लामिक बोर्ड और अणुव्रत शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में योग और ध्यान सत्र, सत्संग, सांस्कृतिक गतिविधियां, और डॉक्टरों, परामर्शदाताओं, सैन्य दिग्गजों और व्यसन से मुक्त हुए लोगों के साथ पैनल चर्चाएं शामिल हैं। प्रत्येक कार्यक्रम नशामुक्त जीवन जीने, अनुशासन अपनाने और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक सशक्त संदेश देता है। अभियान की भावना को और बढ़ाते हुए, सद्गुरु और दाजी जैसे आध्यात्मिक गुरुओं के प्रेरक संदेशों ने युवा प्रतिभागियों को और अधिक ऊर्जावान बनाया और देश भर के दर्शकों को जोड़ा। इस अभियान को सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त समर्थन मिला है।

# मोदी ने नवरात्रि के पहले दिन देश को दिया बड़ा तोहफा: सचदेवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मोदी सरकार की ओर से नयी पीढ़ी के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संशोधन को लागू किए जाने का स्वागत किया है और कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के पहले दिन देश और दिल्ली के आम आदमी और व्यापारियों को बड़ा तोहफा दिया है।

श्री सचदेवा ने संवाददाताओं से कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू होने से एक ओर जहाँ आम जनता को चीजे सस्ते दामों पर मिलेंगी। वही बिक्री बढ़ने से व्यापारियों को भी लाभ होगा तथा वे अपने व्यापार में अधिक से अधिक पैसा लगा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में त्योहारों का सीजन शुरू होने से पहले ही मोदी सरकार ने यह तोहफा दिल्लीवालों के लिए भी बचत उत्सव के रूप में दिया है। दिल्ली के व्यापारी वर्ग से लेकर गरीब, मध्यम वर्गीय लोग, मध्यम वर्ग , युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा, ''एक राष्ट्र, एक कर के सपने को साकार करने वाली मोदी सरकार ने अब लोगों की त्योहारों के पहले यह तोहफा देकर लोगों के जेब पर पड़ने वाली खर्च की मार से राहत पहुंचाई है। इसलिए दिल्लीवालों से मैं अपील करना चाहूँगा कि त्योहारों के दौरान आप सभी स्वदेशी को अपनाये और सामान मेड इन इंडिया का ख़रीदकर भारत के आत्म निर्भर बनने के सफ़र में अपना भी योगदान दें।''

# पेज एक का शेष

## जीएसटी सुधार...

को स्वदेशी से शक्ति मिलेगी। रोजमर्रा की चीजें विदेशी हैं, हमें इनसे मुक्ति पानी है। हम मेड इन इंडिया सामान खरीदें। हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। हर दुकान को स्वदेशी से सजाना है। गर्व से कहो ये स्वदेशी है। गर्व से कहो मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। उन्होंने आठ साल पहले लागू किए गये जीएसटी का जिक्र करते हुए कहा कि दशकों तक जनता और व्यापारी सभी अलग-अलग कर के जाल में उलझे हुए थे। एक शहर से दूसरे शहर माल भेजने के लिए ना जाने कितने चेक पोस्ट पार करने होते थे, कितने फॉर्म भरने होते थे, हर राज्य में अलग-अलग नियम थे। तब ऐसी लाखों कंपनियां, लाखों देशवासियों को अलग-अलग कर चुकाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि उस व्यवस्था से देश को निकालना जरूरी था। इसलिए सरकार ने 2017 में जीएसटी लागू किया। उन्होंने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों के बारे में कहा कि सुधार एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। देश की वर्तमान जरूरत और नई पीढ़ी के सपनों को देखते हुए नये सुधार लागू किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ दो कर स्लैब रह गये हैं - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 12 प्रतिशत कर वाली 99 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं को अब 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। इससे आम लोगों को काफी राहत मिली है।

## एसआईआर से जुड़े...

पिछले गहन पुनरीक्षण के अनुसार लगभग पूरा कर लिया है। आयोग ने कहा कि बिहार के बाद पूरे देश में एसआईआर लागू किया जाएगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। इस गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच कर उन्हें बाहर निकालना है। विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग का कहना है कि गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों को हटाना है। इसके लिए मतदाताओं के जन्मस्थान की जांच की जाएगी। यह कदम उस समय और भी अहम हो जाता है जब कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई की जा रही है।

## दूर करें स्मार्ट प्रीपेड ...

आ रही है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त कर लिया जाएगा। डॉ. गोयल ने कहा कि अगर इसके बाद भी मीटर लगाने वाली कंपनियां उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त नहीं करती हैं तो उन पर सख्ती होगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की गति तेज की जाएगी। हालांकि, उसमें किसी तरह की खामी नहीं होनी चाहिए। प्रीपेड मीटरों में बहुत गड़बड़ियां, उपभोक्ता परेशान राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि प्रीपेड मीटरों में बहुत गड़बड़ियां हैं। उपभोक्ता बहुत परेशान हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन इसे किसी भी तरह से नजरअंदाज न करे। अगर ऐसा हुआ तो उसकी प्रीपेड मीटर लगाने वाली योजना ही फ़ेल हो जाएगी। ऐसे में 27 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का क्या ही नतीजा निकलेगा। अवधेश ने कहा कि तकरीबन 40 लाख मीटर लग चुके हैं। पूर्वांचल में 3,605 मामले ऐसे आए, जिनमें सुबह 8 से लेकर रात 10 बजे तक रीडिंग शून्य रही। पूर्वांचल में उसी मीटर कंपनी के 1896 मामले ऐसे थे, जिनमें 15 दिनों से रीडिंग लगातार शून्य थी। इसी कंपनी ने 1218 ऐसे मीटर लगाए, जिनमें करंट तो था लेकिन वोल्टेज शून्य था। अवधेश ने कहा कि वर्ष 2012 में भी इसी कंपनी के मीटरों में तकनीकी खामियां मिली थीं। आईआईटी कानपुर से मीटरों की जांच करवाई गई थी। वैसी ही खामियां अभी भी दिख रही हैं।

## मुझे नोबल...

कोसोवो-सर्बिया, इजराइल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया, रवांडा-कांगो- हमने इन देशों के बीच के संघर्ष को रोक दिया और इनमें से 60 प्रतिशत को व्यापार के कारण ही रोका जा सका। उन्होंने कहा, ''मैंने भारत से कहा था कि देखिए आप दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। यदि आप युद्ध की शुरुआत करते हैं तो हम आपके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। मेरे इतना कहने पर वे रुक गए।' ट्रंप ने कहा, जैसा कि उन्हें बताया गया था कि यदि वह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को रोकने में सफल रहते है तो उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैंने कहा, अच्छा, बाकी सातों का क्या? मुझे हर एक के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए तो उन्होंने कहा, अगर आप रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष रुकवा दें तो आपको नोबेल मिल जाना चाहिए। मैंने कहा कि मैंने सात युद्ध रोके हैं। ट्रंप ने कहा, ''मैंने सोचा था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान आसान होगा क्योंकि राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरे अच्छे संबंध हैं लेकिन मैं उनसे निराश हूं। मैंने सोचा था कि यह सबसे आसान होगा लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है, फिर भी हम इसे किसी न किसी तरह से हल कर ही लेंगे।''

## वाहनों से जातीय...

संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य की जाति और धर्म की प्रविष्टियां हटाए। जाति महिमामंडन वाले साइन बोर्ड भी थानों में नजर न आएं। 29 अप्रैल 2023 को प्रवीण और अन्य की इटावा में दो कार की तलाशी के दौरान 300 बोतल अवैध शराब बरामद की गई थी। दोनों वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट थे। पुलिस ने दावा किया कि छेत्री शराब तस्करी गिरोह का सरगना था। इस पर उसने सफाई दी थी कि वह पारिवारिक समारोह में गया था और लिफ्ट ले रहा था, उसका शराब से कोई वास्ता नहीं है। छेत्री ने ट्रायल कोर्ट में लंबित आपराधिक कार्यवाही को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस के दस्तावेजों में आरोपी की जाति का उल्लेख देख डीजीपी से हलफनामा तलब किया था।

नई जीएसटी दरों से...

अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। यही पंच प्रण भारतवासियों को विकसित भारत की यात्रा का सारथी बनाएंगे। उन्होंने आत्मनिर्भरता को विकसित होने की कुंजी बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर समाज स्वस्थ समाज से ही बनता है और ऐसे आयोजनों जैसे 'नमो मैराथन' से समाज को नई दिशा मिलती है। युवा शक्ति यदि नशे की ओर बढ़ती है तो उसका पतन मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति अपार ऊर्जा का प्रतीक है। यदि यह सकारात्मक दिशा में बढ़ेगी तो राष्ट्र के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगी, लेकिन यदि नशे की ओर मुड़ेगी तो उसका पतन निश्चित है। 'नमो मैराथन के जरिए युवाओं से नशामुक्ति का आह्वान भी किया जा रहा है। 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और दो अक्तूबर को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन होंगे। इसी सिलसिले में नमो मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। इस बार संयोग से दो अक्तूबर को ही विजयादशमी भी है। यह अवसर बुराइयों को समाप्त कर एक सशक्त और समर्थ भारत की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रतीक होगा। उन्होंने युवाओं से अनुशासन और शालीनता के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि अनुशासन ही युवा की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मेयर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ला, डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## यूपी को विकसित...

में उत्तर प्रदेश का योगदान 14 प्रतिशत था। इसके बाद इसमें लगातार गिरावट आती गई। 2017 में उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद इसमें सुधार आना शुरू हुआ।मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 तक उत्तर प्रदेश की जीडीपी 12 लाख 36 हजार करोड़ रुपये थी। इस वर्ष के अंत तक सरकार इसे 36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाने जा रही है। यानी नौ सालों में तीन गुने की वृद्धि। इसी तरह राज्य में प्रति व्यक्ति आय भी नौ सालों में 45000 रुपये से बढ़कर 1 लाख 20000 रुपये पर पहुंच रही है। आज प्रदेश में हरेक सेक्टर में विकास देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने पितृ विसर्जन के पावन पर्व पर आजादी दिलाने वाले देश के पूर्वजों को याद करते हुए कहा कि देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वालों का सपना था कि भारत दुनिया की एक ताकत बने। पितृ विसर्जन पर विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के लिए आयोजित यह कार्यशाला पूर्वजों के प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि पीएम के आह्वान के तीन साल बाद जब किसी और जगह से आवाज नहीं आई तो विकसित भारत के लिए आवाज उठाने की शुरुआत यूपी ने की। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में विकसित उत्तर प्रदेश के लिए एक विजन बनाने को विधानसभा और विधान परिषद में लगातार 24 घण्टे चर्चा हुई। इस चर्चा ने उस धारणा को बदल दिया है जिसमें कहा जाता था कि विधायिका में काम नहीं होता है। और, उस चर्चा के बाद अब आमजन से सुझाव लेकर कार्ययोजना बनाने की तैयारी की जा रही है।

योगी ने कहा कि प्रदेशभर में इस तरह की चर्चा के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने हेतु यूपी में तीन सौ से अधिक बुद्धिजीवियों जिसमें सेवानिवृत्त आईएएस, कुलपति, शिक्षक, चिकित्सकों, उद्यमियों की सहभागिता है, को प्रदेश के सभी जिलो में भेजा जा रहा है। ये बुद्धिजीवी प्रदेश के विभिन्न अकादमिक संस्थाओं में जाकर विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर छात्रों व अन्य लोगों से चर्चा कर रहे है। अब तक प्रदेश के 110 से अधिक अकादमिक संस्थाओं में भ्रमण कर ये बुद्धजीवी छात्रों से, जनता से संवाद कर चुके हैं। ये अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों के बहुमूल्य विचारों को भी आमंत्रित कर रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विचार कभी मरता नहीं है। यदि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का विचार सामने आया है तो मूर्त रूप अवश्य लेगा।

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्पों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में हर देश का अपना एक राष्ट्रीय चरित्र होता है। भारत में यह राष्ट्रीय चरित्र भारत का अध्यात्म है। भारत के प्रत्येक नागरिक में किसी न किसी रूप में आध्यात्मिक भाव होता है। हर देश अपने चरित्र के अनुरूप अपनी भूमिका तैयार करता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में भगवान राम के रूप को हमारे देश के आध्यात्मिक चरित्र को दिखाया गया है। रामायण में सामाजिक जीवन, राष्ट्रीय जीवन, पारिवारिक जीवन, प्राकृतिक जीवों से जुड़े सभी मूल्य समाहित हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को प्रदेश की अर्थव्यवस्था में गेम चेंजर होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हर जिले के एक खास उत्पाद को चिन्हित कराकर ओडीओपी की शुरुआत की। इससे शिल्पियों और कारीगरों को सम्मान दिया गया, उनके शिल्प को उद्यम से जोड़ा गया। कहा कि जो भी देश हस्तशिल्पियों और कारीगरों का अपमान करेगा वह कभी पनप नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज ओडीओपी पूरे देश में छा गया है। यूपी में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। राज्य के 77 उत्पादों को एसआई टैग भी प्राप्त हो चुका है। आज यूपी 2 लाख करोड़ रुपये का निर्यात कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में दीपोत्सव हेतु प्रदेश के अन्य जनपदों में दीप मांगने पड़ते थे। अयोध्या के कुम्हारों को ही यंत्र देकर प्रोत्साहित किया गया तो परिणामस्वरूप अब 25 लाख दीपोत्सव हेतु भी दीप बाहर से नही मंगाने पड़ते है। उन्होंने कहा कि दीपावली के पर्व पर सभी वस्तुओं पर चीन का अधिकार था, आज चीन का सामान बाजार से गायब हो गया है। अब हमारे हस्तशिल्पियों को तकनीक के साथ बाजार भी प्राप्त हो गया है।

उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश ने 2029-30 तक अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य बनाया है। उसके बाद हमारा लक्ष्य 29 से 35 तक 3 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य होगा। इसके बाद 2046-47 तक उ0प्र0 का लक्ष्य 6 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था का होगा। हम इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर हैं। हमारे विजन डाक्यूमेन्ट का यह हिस्सा है कि युवाओ, किसानो, शिक्षको, चिकित्सको से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों को समाहित करे और उसके अनुसार लक्ष्य बनाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 सेक्टर जो चिन्हित किये गये है उन्हें समाहित संभावनाओं को हमें आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि नगरीयकरण तेजी से बढ़ने वाली प्रक्रिया है। ये अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के पास प्रतिभावान युवाओं की बड़ी आबादी है, सबसे अधिक उर्वरा भूमि है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सर्विस क्षेत्र के पास अन्नत संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में पाणिनी, सुश्रुत, चरक जैसे विद्धानों ने तक्षशिला विश्वविद्यालय में अपने ग्रन्थों की रचना की थी। ये दुनिया का पहला विश्वविद्यालय था। इस विश्वविद्यालय ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों यथा खगोल, ज्योतिष, आयुर्वेद भूगोल, राजनीति की शिक्षा में अपनी महारत सिद्ध की थी। उन्होंने कहा कि हम भी अपने शैक्षिक संस्थानों को रिसर्च व इनोवेशन का केन्द्र बना सकते है। तक्षशिला विश्वविद्यालय के छात्र जीवक ने अपने गुरू के आदेशानुसार समस्त वनस्पतियों पर शोध के बाद ये बताया कि कोई वनस्पति ऐसी नही है जिसमें कोई औषधि गुण न हो। उन्होंने कहा कि भारत की ऋषि परम्परा भी कहती है कि कोई अक्षर ऐसा नही है जिसमें मंत्र बनने का सामर्थ्य न हो। यह परम्परा कहती है कि कोई भी अयोग्य नही है, बल्कि हर व्यक्ति योग्य है और एक योजक के रूप में अपनी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के लिए प्रदेश के हर नागरिक को छोटे-छोटे लक्ष्य बनाना चाहिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047 के लिए हर नागरिक समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल पर अपना सुझाव अवश्य दे। कहा कि जनपद के विकास से जुड़े सर्वश्रेष्ठ तीन सुझाव को सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार राज्य के विकास से जुड़े पांच सर्वश्रेष्ठ सुझाव को सम्मानित किया जायेगा।

## सिद्दारमैया के माध्यम से कर्नाटक में हिंदू विरोधी एजेंडा चला रहे हैं सोनिया, राहुल: जोशी

हुबली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के माध्यम से राज्य में हिंदू विरोधी एजेंडा चलाने और समाज को जाति के आधार पर विभाजित करने का आरोप लगाया है।

श्री जोशी ने संवाददाताओं से बात करते हुए रविवार को कहा कि श्रीमती सोनिया और श्री गांधी के नेतृत्व में श्री सिद्दारमैया हिंदू समुदाय को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया, ''क्या आपने कभी लिंगायत ईसाइयों, ब्राह्मण ईसाइयों, कुरुबा ईसाइयों या हरिजन ईसाइयों के बारे में सुना है? ऐसा कुछ भी नहीं है। कांग्रेस ऐसे विभाजन पैदा कर रही है, जहाँ कोई मतभेद है ही नहीं। उनका अति-वामपंथी दृष्टिकोण स्वाभाविक रूप से हिंदू विरोधी है। श्री जोशी ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव को बिहार में महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार संबंधी कांग्रेस के एक नेता के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गठबंधन में आंतरिक कलह की ओर इशारा किया। उन्होंने दावा किया, ''खबरों के अनुसार श्री यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया जा सकता है, लेकिन श्री गांधी कथित तौर पर इससे सहमत नहीं हैं। श्री तेजस्वी ने खुद कहा है कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जिससे पता चलता है कि नेतृत्व संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया में कांग्रेस की ओर से सहयोगियों को गुमराह और दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''श्री सिद्दारमैया ने जनता दल में रहने के दौरान अपने कार्यकाल में आंदोलन में भाग लेने के लिए बेल्लारी में मेरे साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं को जेल में डाल दिया था। आज, कांग्रेस एक बार फिर हिंदू समुदाय को जाति और पंथ के नाम पर बाँटने की कोशिश कर रही है।'

# मुख्यमंत्री धामी ने किया आदि कैलाश परिक्रमा प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर प्रस्तावित आदि कैलाश परिक्रमा रन (अल्ट्रा मैराथन) के प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर आदि कैलाश मैराथन लोगो का अनावरण भी किया। कहा कि इस आयोजन से राज्य की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 02 नवंबर को गूंजी गांव से आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कहा कि यह आयोजन साहसिक और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए प्रोत्साहित करने और नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह अल्ट्रा मैराथन 10,300 से 15,000 फीट ऊंचाई पर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य

- बोले-उत्तराखंड के सांस्कृतिक विरासत को मिलेगी नई पहचान
- लोगों का भी किया अनावरण
- यह अल्ट्रा मैराथन 10 हजार से 15 हजार फीट की ऊंचाई पर होगी

स्थापना का रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 2 नवंबर को व्यास घाटी में आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास, पलायन की समस्या के निराकरण, स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पर्यटन इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की



सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए बनाई गई वाईब्रेंट विलेज योजना को बढ़ावा देने के लिए भी यह मैराथन काफी कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मैराथन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि सीमावर्ती लोगों को सम्मान, स्थानीय पहचान तथा होम-स्टे एवं पर्यटन क्षेत्र में स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने का सशक्त माध्यम भी है। आदि कैलाश परिक्रमा रन मैराथन में प्रदेशभर के बच्चों, युवाओं एवं अन्य सभी आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग किया। मैराथन का समापन उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पर्यटन विभाग के सचिव धीराज गर्ब्याल ने कहा कि 10 किलोमीटर दूरी की इस दौड़ प्रतियोगिता के शीर्ष 3 विजेताओं को 2 नवंबर 2025 को गुंजी, पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली ''आदि कैलाश मैराथन'' में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा। इस आयोजन की पांच श्रेणियां ऽ 60 किमी (अल्ट्रा रन), 42 किमी (फुल मैराथन), 21 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी रन एवं 5 किमी रन ऽ रहेंगी, जिसमें देशभर के एथलीट प्रतिभाग करेंगे। सचिव गर्ब्याल ने कहा कि इस मैराथन के सफल आयोजन के बाद जून 2026 में अगले मैराथन का आयोजन माणा-नीति क्षेत्र में प्रस्तावित है। व्यास और नीति घाटी में आयोजित होने वाली मैराथन में विजेताओं के लिए कुल 50 लाख की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, आईजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल, अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रूहेला, पूजा गर्ब्याल एवं प्रतिभागी मौजूद थे।

## पंजाब में प्रवासी मज़दूरों की सुरक्षा के मुद्दे पर बिहार फाउंडेशन और पूर्वांचल एसोसिएशन ने जताई चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। सोशल मीडिया पर प्रवासी मजदूरों को पंजाब छोड़ने के लिए कथित तौर पर मजबूर किए जाने से जुड़ी चर्चाओं को लेकर बिहार फाउंडेशन और पूर्वांचल एसोसिएशन ने गंभीर चिंता जतायी है। बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासी मजदूरों के लिये काम करने वाले बिहार फाउंडेशन और पूर्वांचल एसोसिएशन की ओर से रविवार को जारी साझा बयान में कहा गया है ''पंजाब की तरक्की में अपना ख़ून-पसीना बहाने वाले प्रवासी मज़दूरों की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।उम्मीद की जाती है पंजाब में स्थानीय लोगों और प्रवासी समुदाय के बीच भाईचारे की भावना बनी रहेगी और जो तत्व इसे कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके ख़िलाफ़ सरकार कदम उठाएगी। बिहार फाउंडेशन के पंजाब एवं चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉक्टर रूपेश कुमार सिंह ने इस मुद्दे कहा, ''हम इस मुद्दे पर पंजाब सरकार के संपर्क में हैं। लोगों में डर का माहौल है। मजदूरों के घर वापस लौटने की ख़बरें आ रही हैं। हमें विश्वास है कि राज्य सरकार सतर्कता बरतेगी और प्रवासी मज़दूरों के बीच सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन को ज़रूरी निर्देश देगी। डॉ सिंह ने कहा कि क्षेत्र में प्रवासी बिहारियों की सुरक्षा को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच वे बिहार सरकार से भी संपर्क कर रहे हैं ताकि दोनों राज्य सरकारों के बीच शीर्ष स्तर पर इस मुद्दे को लेकर चर्चा हो सके। पूर्वांचल एसोसिएशन की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष डीके सिंह ने कहा हम राज्य सरकार से ये मांग करते हैं कि सभी ज़िला प्रशासन को अशांति और उपद्रव फैलाने वाले तत्वों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया जाए ताकि प्रवासी मज़दूर यहां सुरक्षित महसूस करें। इस बीच इस मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ शब्दों में कहा है कि किसी को भी देश के किसी भी हिस्से में जाकर काम करने और रहने का हक़ है।

## पौधे की पत्तियों में सफ़ेद और पीलापन दिखे तो करें आयरन का छिड़काव: डॉ आशीष राय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। आयरन पौधों के लिये एक आवश्यक पोषक तत्व है,इसकी कमी होने पर पौधे ठीक से विकास नहीं कर पाते।उक्त जानकारी परसौनी कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा विशेषज्ञ डा.आशीष राय ने देते हुए बताया कि आयरन पौधों को प्रकाश संश्लेषण में मदद करता है।यह पौधे को प्रोटीन,न्यूक्लिक एसिड और एंजाइम पहुंचाने में भी मदद करता है। पौधों के लिए बाजार में विभिन्न प्रकार के लौह तत्व उपलब्ध हैं,जिसमें चिलेटेड आयरन वह रूप है जिसे पौधे सबसे आसानी से अवशोषित कर लेते हैं।

आमतौर वैसी मिट्टी जो पर्याप्त रूप से हवादार नहीं है और उसमें कार्बनिक पदार्थ का स्तर कम है तो उस मिट्टी में आयरन की कमी हो सकती है। पौधों की पत्तियां जब सफ़ेद-पीली होने लगे तो यह स्पष्ट है,मिट्टी में आयरन की कमी है,जिससे क्लोरोसिस (पत्तियों का सफ़ेद-पीला पड़ना) और फंगल के अतिवृद्धि भी होने लगता है।आयरन की कमी के लक्षणो में खराब बीज अंकुरण,पत्ती का रंग कम होना कमजोरी या मुरझाना,ऐसे पौधे जो धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं या बिल्कुल नहीं बढ़ रहे हैं,तो मान ले कि पौधों में आयरन की कमी है। कैसे परखे आयरन की कमी? पौधों और मिट्टी में आयरन(लौह) की कमी को ठीक करने के कई तरीके हैं, जिनमे लौह अनुपूरक या चिलेटिंग आयरन,खाद और मल्चिंग जैसे जैविक तरीकों का उपयोग करना शामिल है।पौधों में आयरन की कमी का परीक्षण करने के लिए पत्तों के नमूने,मृदा परीक्षण,पत्तियों का रंग देख कर या जड़ प्रणाली और क्लोरोफिल के स्तर की जांच करके भी किया जा सकता है। पौधों में आयरन की कमी मुख्यतः कार्बनिक पदार्थ की कमी और मिट्टी का पीएच मान 8 या 8 से ऊपर होने के कारण या खराब जल निकासी के कारण भी हो सकता है।मिट्टी में ज्यादा चूना या उर्वरक के प्रयोग के कारण भी आयरन की कमी हो सकती है। खेतो में वैसे खरपतवार जो पोषक तत्वों के लिए पौधे से प्रतिस्पर्धा करते हैं,यह भी आयरन की कमी का कारण है। पौधों और मिट्टी में आयरन की कमी को दूर करने के कई तरीके हैं। उदाहरण के लिए, मौलिक सल्फर मिलने से पौधों द्वारा ग्रहण के लिए उपलब्ध आयरन को बढ़ाने में मदद मिलती है, जबकि पोटेशियम मिलने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि अच्छी फसल वृद्धि के लिए पर्याप्त नाइट्रोजन उपलब्ध है। खाद जैसे कार्बनिक पदार्थ की मिट्टी की उर्वरता स्थितियों को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं, जिससे जस्ता और मैगनीज अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ सकती है, अच्छी पौधों के लिए आवश्यक भी है। आयरन की कमी को प्राकृतिक रूप से भी कैसे ठीक किया जा सकता है,इसके लिए खाद के रूप में कंपोस्ट खाद या पुराने गोबर खाद को जमीन में मिलाएं।चिलेटेड आयरन सप्लीमेंट सीधे मिट्टी में मिलायें।उच्च स्तर की आयरन की कमी वाली संक्रमित शाखाओं या पत्तियों को काट दें। आयरन की कमी को दूर करने के लिये धान की पत्तियों पर आयरन सल्फ़ेट का छिड़काव बुझा हुआ चूना के साथ मिलाकर करने से भी आयरन की कमी दूर हो सकती है।

## मुख्यमंत्री ने जीएसटी की नई दरों व स्वदेशी अभियान पर जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को वर्चुअली प्रदेश के मंत्रियों, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 सितंबर से देशभर में जीएसटी की नई दरें प्रभावी होंगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दरों का लाभ आम जनता और व्यापारिक समुदाय तक तीव्रता से पहुंचे, इसके लिए प्रदेश में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे 22 से 29 सितंबर तक अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करें। इस दौरान प्रभारी मंत्री अपने-अपने जनपदों में व विधायक अपनी विधानसभाओं में अभियान का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी. की संशोधित दरों से प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी व ''वोकल फ़ॉर लोकल'' और ''लोकल टू ग्लोबल'' की दिशा में राज्य को गति प्रदान होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के अंब्रेला ब्रांड ''हाउस ऑफ हिमालयाज'' और जीआई टैग प्राप्त 27 उत्पाद, एक जनपद दो उत्पाद योजना तथा अन्य स्थानीय हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद को नए कर ढांचे से बढ़ावा मिलेगा। इससे स्वरोज़गार के अवसर बढ़ेंगे और आत्मनिर्भर उत्तराखंड की परिकल्पना को साकार करने में सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री धामी ने सभी विभागों एवं निकायों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं और नगर निकायों के स्तर पर बैठकों का आयोजन हो, जिसमें ग्रामीणों और शहरी क्षेत्र में लोगों को जानकारी दी जाए। साथ ही उद्योग विभाग को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जीआई टैग वाले उत्पादों और ''एक जनपद दो उत्पाद'' योजना को और अधिक सशक्त तथा बाज़ारोन्मुख बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता अभियान केवल प्रचार तक सीमित न रहे बल्कि इसमें आमजन की सहभागिता और जनभागीदारी भी सुनिश्चित हो। इसके लिए नुक्कड़ नाटकों, लोकगीतों तथा अन्य सांस्कृतिक माध्यमों का उपयोग किया जाएगा, जिससे संदेश लोगों तक सहज और प्रभावी ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का भी उपयोग कर आम नागरिकों और व्यवसायियों तक जानकारी पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद न केवल व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को इसका लाभ प्राप्त होगा। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादकता और विपणन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी और छोटे-छोटे उद्यमी भी राष्ट्रीय व वैश्विक बाजार से जुड़ सकेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा व्यक्त की कि वे स्वयं इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और इसे जन अभियान का स्वरूप दें।

## होशियारपुर में अज्ञात लोगों ने कार पर गोलीबारी की

होशियारपुर। पंजाब में होशियारपुर जिले के खानपुर गांव के पास शनिवार देर रात चार अज्ञात हमलावरों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिसमें सवार दंपत्ति बाल बाल बच गये। माहिलपुर पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक जय पाल ने रविवार को बताया कि यह घटना उस समय हुई जब जैजों निवासी सतनाम सिंह अपनी पत्नी जसविंदर कौर का इलाज कराकर अपनी मारुति स्विफ्ट कार में माहिलपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही दंपति खानपुर गांव के पास पहुंचे, मोटरसाइकिल और स्कूटर पर सवार चार लोगों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जब वे नहीं रुके, तो हमलावरों ने कार पर तीन गोलियां चला दीं। उन्होंने बताया कि दो गोलियां कार के पिछले इंडिकेटर पर लगीं और एक गोली खिड़की के शीशे पर लगी, लेकिन इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

जय पाल ने कहा कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जाचं की जा रही है।

## भारत-नेपाल सीमा से सटे पचपोखरिया में डकैतों ने मचाया तांडव, लाखों की लूट, 8 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। भारत-नेपाल सीमा से सटे जिले के महुआवा थाना क्षेत्र के पचपोखरिया गांव में शनिवार की देर रात नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पर मौके पर रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व पहुंची पुलिस की टीम जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार डकैतो ने शिक्षक जयप्रकाश राम और उनके भाई विकास मित्र विनोद राम के घरों को निशाना बनाते हुए नकद व आभूषण लूट ले गये है। स्थानीय लोगो के अनुसार घटना के कुछ ही दूरी पर ही एसएसबी 71वीं वाहिनी का महुआवा पोस्ट स्थित है।घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने तत्काल तकनीकी विशेषज्ञ और एफएसएल की टीम को मौके पर भेजा है।जो घटना की तकनीकी जांच में जुटे है। इसके साथ ही एसएसबी के डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है,कि जल्द ही बदमाशों की पहचान कर ली जायेगी।ऐसी आशंका जतायी जा रही है,यह घटना नेपाली बदमाशो ने अंजाम दी है।घटना को लेकर पीड़ित शिक्षक जयप्रकाश राम व विकास मित्र विनोद राम ने पुलिस को बताया है कि शनिवार की रात करीब 20 की संख्या में नकाबपोश बदमाश हाथो में हथियार लेकर घर में घुस आये और परिवार के सदस्यो के साथ बेरहमी से मारपीट करने लगे।इनलोगो ने महिलाओ को भी नही बख्शा। मारपीट में शिक्षक जयप्रकाश राम की पत्नी संगीता देवी, मां दुखिया देवी, चाचा रामचंद्र राम और पड़ोसी शत्रुघ्न राम समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायल इलाजरत है।पीड़ित ने बताया कि घर से करीब दो लाख नकदी और चार किलो चांदी व पांच सौ ग्राम सोना का आभूषण बदमाशों ने लूटा है।

## दुर्गा पूजा को लेकर एसपी ने जारी किए गाइड लाइन, पूजा समितियों को लाइसेंस लेना जरूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने दुर्गा पूजा को लेकर सरकार के निर्देशों को लोगो के बीच साझा किया है।

उन्होंने कहा है कि जिले के सभी पूजा समितियों को जहां मूर्ति स्थापित होते है,उन्हे लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस की कोई मूर्ति स्थापित नहीं की जाएगी।इसके अलावे सरकार के निर्देशानुसार डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। पूजा पंडाल और विसर्जन जुलूस में डीजे के इस्तेमाल करने वालो पर कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि दुर्गा पूजा के मौके पर 4000 पुलिस बल की विशेष तैनाती की जा रही है। इसके अलावे 40 क्विंक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है जो किसी भी सूचना पर त्वरित रूप से पहुंचेगी। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी,किसी तरह का अफवाह फैलाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की गई है।इसके लिए पुलिस के मीडिया और टेक्निकल सेल को कई जरूरी निर्देश दिए गए है। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। वही पूजा स्थल के आसपास या विसर्जन में किसी तरह का आर्म्स लेकर जाना प्रतिबंधित होगा। विसर्जन प्रशासनिक निर्देश के मुताबिक दिए गए रूट चार्ट पर करना अनिवार्य होगा।

## पीयूष गोयल व्यापार वार्ता के लिए आज अमेरिका के दौरे पर जाएंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार 22 सितंबर को व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका का दौरा करेंगे। उनके नेतृत्व में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी पक्ष के साथ बैठक के लिए दौरे पर जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी पक्ष के साथ बैठक के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेगा। वाणिज्य मंत्री के साथ मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी भी दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे। गोयल अपनी इस यात्रा के दौरान अमेरिकी टीम से मुलाकात कर व्यापार समझौते को पूरा करने की कोशिश करेंगे। मंत्रालय के अनुसार प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाना है। इससे पहले अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों का भी एक दल 16 सितंबर को भारत आया था। इस दौरान व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई थी और इस संबंध में प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया था। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने एच-1बी वीजा की फीस को बढ़ाने की घोषणा की है।

## श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितृ अमावस्या पर उमड़ी लाखों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गत 15 दिनों से चल रहे श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन रविवार को पितृ विसजर्नी अमावस्या पर पितरों की मोक्ष की कामना लिए लाखों की संख्या में हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

असम के सीएम हेमंत सरमा ने भी नारायणी शिला मंदिर पहुंचकर पितृों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण आदि कर्म किए। लाखों श्रद्धालु पितरों को अंतिम विदाई देने पौराणिक तीर्थ नारायणी शिला जिसे प्रेतशिला भी कहते हैं सहित कुशा घाट, सतीघाट, गणेश घाट, बिरला घाट, हरकी पौड़ी सहित सभी अन्य घाटों पर पहुंचे। जहां विधिवत पिंडदान, तिलांजलि तथा जलाजलि व अन्य श्राद्ध कर्म करते हुए पितरों को अंतिम विदाई दी। उल्लेखनीय है कि गत 15 दिनों से चले आ रहे श्राद्ध पक्ष का आज अंतिम दिन है। इसी कारण अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण, पिण्डदान व नारायण बलि कर पितरों के मो्क्ष की कामना को लेकर पूजा-अर्चना की गयी।



आज असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा सरमा भी श्राद्ध कर्म करने हेतु नारायणी शिला पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्ण विधि विधान से समस्त श्राद्ध कर्म अपने पुरोहित के माध्यम से विधिवत संपन्न किया। बताते चलें पितृ विसजर्नी अमावस्या पर सभी ज्ञात अज्ञात पितरों, प्रेत योनि, पितृ दोष व अन्य विकारों से मुक्त होने के लिए नारायणी शिला पर पर पूजा अर्चना किए जाने का विधान है। इस मान्यता के चलते आज सवेरे ब्रह्म मुहूर्त से ही नारायणी शिला पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस भीड़ को संभालने के लिए पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं कर रखी थी। बीती रात से ही पूरे क्षेत्र में यातायात बंद कर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। भीड़ को नियंत्रण कर व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने नापरायणी शिला की ओर जाने वाले मार्ग को पहले शंकराचार्य चौक और फिर उसके बाद तुलसीदास चौक से बड़े वाहनों को प्रतिबंधित किया था। अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व पिण्डदान आदि करने के बाद लोगों ने ब्राह्मणों को भोजन करवाकर दान-दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया और पितरों के मोक्ष की कामना की। सांयकाल पितरों के निमित्त गंगा घाटों पर दीपदान कर उनको विदा कर सुख-समृद्धि की कामना की।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063